देश-विदेश | लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक | उत्तर प्रदेश

कांग्रेस की गारंटी मतलब नीयत में खोट... 12

सपा प्रमुख अखिलेश यादव का जन्मदिन लोक... 10

जन एक्सप्रेस

@janexpressnews janexpresslive janexpresslive www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ
वर्षः 14 | अंकः 258
मूल्यः ₹3.00/-
पेज : 12
रविवार | 02 जुलाई, 2023

आठ लोगों ने खिड़की का शीशा तोड़कर बचाई जान, पुलिस ने कहा, सभी शव बुरी तरह झुलसे, पहचान संभव नहीं

महाराष्ट्र में बस के अंदर जिंदा जलने से 25 लोगों की दर्दनाक मौत

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। महाराष्ट्र

- टायर फटने के बाद डिवाइडर से टकराई और आग लगी, 8 ने खिड़की तोड़कर जान बचाई
- यवतमाल से पुणे जा रही थी बस तभी हादसा, पुलिस ने कहा, 25 शव बरामद, कई घायल
- बुलढाणा हादसे में ड्राइवर ने बताई आपबीती, हादसे में बाल-बाल बचा बस का ड्राइवर
- बस का टायर फटने से हुआ यह हादसा, एकनाथ शिंदे ने 5-5 लाख की मदद का ऐलान किया
- महाराष्ट्र के गृहमंत्री फडणवीस ने बुलढ़ाणा बस हादसे की जांच का आदेश दिया

महाराष्ट्र के बुलढाणा में शुक्रवार देर रात एक बस हादसा हो गया। नागपुर से पुणे जा रही बस खंभे से टकराकर डिवाइडर पर चढ़ गई और पलट गई, जिससे उसमें आग लग गई। बस में 33 लोग सवार थे, जिसमें 25 की जलने से मौके पर मौत हो गई। इनमें 3 बच्चे भी शामिल हैं। 8 लोगों ने बस की खिड़की का शीशा तोड़कर जान बचाई। हादसा रात करीब 1.30 बजे बुलढाणा जिले के सिंदखेड़ाराजा के पास पिंपलखुटा गांव के पास समृद्धि महामार्ग एक्सप्रेसवे पर हुआ। बुलढाणा एसपी सुनील कड़ासेन ने बताया, हादसे में बस का ड्राइवर बच गया है। उसने बताया कि टायर फटने के बाद हादसा हुआ और बस में आग लग गई। बाद में बस के डीजल टैंक ने आग पकड़ ली, जिससे आग फैल गई। बस में करीब 33 यात्री सफर कर रहे थे। ज्यादातर की मौत जलने से हुई। महाराष्ट्र के मंत्री गिरीश महाजन ने बताया कि पुलिस ने बस ड्राइवर और कंडक्टर को हिरासत में ले लिया है।

बस का दरवाजा नीचे आ जाने से कोई बाहर नहीं निकल सका

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, ड्राइवर ने बस पर संतुलन खो दिया था। बस पहले एक लोहे के खंभे से टकराई। फिर रोड के बीच बने कन्क्रीट के डिवाइडर से टकराकर पलट गई। बस बाईं तरफ पलटी, जिससे बस का दरवाजा नीचे आ गया। लोगों के पास बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं था। पुलिस ने बस से शवों को निकाल लिया है। मौके पर मौजूद लोगों का कहना है कि पलटने से बस का डीजल टैंक फट गया। इससे डीजल सड़क पर फैल गया। इससे आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया।

डीएम बोले, शवों का डीएनए कराकर परिजनों को सौंपेंगे

बुलढाणा के जिला कलेक्टर डॉ. एचपी तुम्मोड बस दुर्घटना में घायल लोगों से मिलने जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने कहा- हादसे में 25 लोगों की मौत हुई है। शवों की पहचान की जा रही है। डीएनए से पहचान के बाद हम शव परिजनों को सौंप देंगे।

घायल यात्री ने कहा, गाड़ी से बाहर निकलते ही ब्लास्ट हुआ

हादसे में घायल भालेगांव के योगेश रामदास गवई ने बताया- मैं विदर्भ ट्रेवल की बस में बैठा था। हमारी गाड़ी समृद्धी पर दुर्घटना ग्रस्त हुई और गाड़ी पलटने के तुरंत गाड़ी में आग लग गई। हम 3-4 लोग शीशा तोड़कर बाहर आए। हमारे बाहर आते ही गाड़ी में धमाका हो गया। फायर टीम घटना के 10-15 मिनट बाद आई और आग पर काबू पाया।

ड्राइवर ने बताई आपबीती

यह भयंकर दुर्घटना कैसे हुई, हादसे में बचाये गए बस ड्राइवर ने खुद बताई। ड्राइवर के मुताबिक पहले बस का टायर फट गया, जिससे बस अनियंत्रित हो गई। इसके बाद बस एक खंभे और फिर डिवाइडर से टकरा गई। इसके बाद बस में आग लग गई। इसके अलावा बस के डिवाइडर से टकराने से आगे का एक्सल भी टूट गया था। इसी बीच बस का अगला पहिया बस से अलग हो गया, तभी आग लग गई। जैसे ही बस बायीं ओर पलटी, दरवाजा बंद हो गया और बाहर निकलना असंभव हो गया। इसके बाद कुछ यात्रियों ने शीशा तोड़कर बाहर निकलने की कोशिश की।

प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ने दुख जताया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने हादसे पर दुख जताया है। पीएम ने मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50 हजार रुपए की वित्तीय सहायता देने की घोषणा की।

सीएम शिंदे ने मुआवजे की घोषणा की

महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने घटना पर दुख जताया है। सीएम आवास की ओर से जारी बयान में बताया गया बुलढाणा में हुई बस दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को 5 लाख रुपए की अनुग्रह राशि और घायलों को राज्य सरकार की ओर से मुफ्त इलाज कराया जाएगा। शिंदे ने घटना के जांच के भी आदेश दिए हैं। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेन्द्र फडणवीस ने कहा, राज्य सरकार घायलों के इलाज का खर्च उठाएगी। हम जिले के साथ-साथ पुलिस प्रशासन के भी संपर्क में हैं और हर तरह की मदद तुरंत मुहैया कराई जा रही है।

यवतमाल से पुणे जा रही थी बस

जानकारी के मुताबिक, बस महाराष्ट्र के यवतमाल से पुणे जा रही थी। घटना शनिवार रात करीब दो बजे की है। बुलढाणा पुलिस के डिप्टी एसपी बाबूराव महामुनि ने कहा कि बस से 25 शव निकाले गए हैं। बस में कुल 33 लोग यात्रा कर रहे थे। 8 लोग घायल हैं। घायलों को बुलढाणा सिविल अस्पताल में रेफर किया गया है।

समृद्धि महामार्ग एक्सप्रेसवे पर हुआ हादसा

घटना देर रात करीब दो बजे की है। बताया जा रहा कि हादसा ऐसे समय हुआ जब बस में सवार यात्री नींद की आगोश में थे। उन्हें संभलने का मौका ही नहीं मिल सका। आग लगने के कारणों का पता अभी नहीं चल सका है। फिलहाल घटना कितनी भयानक थी ये बस की हालत देखकर समझा जा सकता है। कैसे आग लगने के बाद अचानक ही पूरी बस पलट गई।

उत्तर प्रदेश के 40 जिलों में बारिश का अलर्ट

- लखनऊ में रुक-रुक कर बरसात, झांसी में जमकर बरसा पानी
- कानपुर में 6 फीट बढ़ा गंगा का जलस्तर

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

यूपी में मानसून के चलते मूसलाधार बारिश का दौर जारी है। झांसी में शनिवार दोपहर करीब एक घंटे जमकर बारिश हुई। लखनऊ में रात से ही रुक-रुककर बरसात हो रही। मौसम विभाग ने रविवार को 40 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। इनमें 16 जिलों में मूसलाधार बारिश की चेतावनी है। जबकि 24 जिलों में मध्यम बारिश के आसार हैं। कानपुर में गंगा का जलस्तर पिछले 48 घंटे में 6 फीट बढ़ गया है। देवरिया में शुक्रवार को आंधी-बारिश में पेड़ गिर गए। कचहरी में खड़ी कई कारें दबकर क्षतिग्रस्त हो गईं। जौनपुर में सबसे ज्यादा 73 मिमी, बारिश हुई। वहीं, वाराणसी में 62 मिमी और कानपुर में 61.4 मिमी बारिश हुई है। सीएसए यूनिवर्सिटी के मौसम विज्ञानी डॉ. एसएन सुनील पांडेय ने बताया कि यूपी में अभी जुलाई के पहले हफ्ते में बारिश होती रहेगी। बंगाल की खाड़ी से लगातार नम हवाएं यूपी की तरफ आ रही हैं। इससे बारिश के आसार बने रहेंगे। 4 जुलाई से फिर पूरे यूपी में भारी बारिश को लेकर अनुमान जताया जा रहा है। कानपुर में बारिश के चलते गंगा का जलस्तर 2.5 फीट बढ़ गया है। वहीं वाराणसी के कई मोहल्लों में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई है। बीते 48 घंटों से यूपी में लगातार हो रही बारिश के चलते अधिकतम तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। मूसलाधार बारिश के बाद कुशीनगर के अधिकतम तापमान में 7 डिग्री तक गिरावट दर्ज की गई। यहां का अधिकतम तापमान यूपी में सबसे कम 25.4°C और न्यूनतम तापमान 23.3°C दर्ज हुआ, जो यूपी में सबसे कम रहा।

इन जिलों में होगी मूसलाधार बारिश

जिन जिलों में मूसलाधार बारिश होगी। उनमें फर्रुखाबाद, हरदोई, उन्नाव, सीतापुर, लखनऊ, बाराबंकी, अयोध्या, गोंडा, बहराइच, श्रावस्ती, बस्ती, अंबेडकर नगर, सिद्धार्थनगर, गोरखपुर, देवरिया और कुशीनगर शामिल हैं।

इन जिलों मध्यम से हल्की बारिश के आसार

जिन जिलों में मध्यम से हल्की बारिश हो सकती है। उनमें कानपुर नगर, हमीरपुर, महोबा, बांदा, फतेहपुर, रायबरेली, अमेठी, प्रतापगढ़, कौशांबी, चित्रकूट, सुल्तानपुर, प्रयागराज, जौनपुर, मिर्जापुर, वाराणसी, आजमगढ़, मऊ, गाजीपुर, बलिया, चंदौली, सोनभद्र, बरेली, पीलीभीत और लखीमपुर खीरी शामिल हैं।

अपराधी भुगतेंगे अंजाम, 30 दिन में होगा उनका काम तमाम

'ऑपरेशन कन्विक्शन' के तहत योगी सरकार अधिकतम 30 दिन में अपराधियों को सजा दिलाने का खाका तैयार कर रही

- जल्द सजा दिलाने के पीछे सरकार की मंशा है कि अपराधियों में कानून का खौफ हो
- प्रदेश में अपराधियों पर लगाम कसने और प्रदेशवासियों को राहत देने के लिए यह कदम उठा रही सरकार

जन एक्सप्रेस | डॉ.वैभव शर्मा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में अब त्वरित न्याय दिलाने के लिए कवायद तेज हो गई है। दुर्दांत अपराधियों और माफियाओं को जल्द अंजाम तक पहुंचाने के लिए प्रदेश सरकार नया कानून लेकर आ रही है। 'ऑपरेशन कन्विक्शन' के तहत योगी सरकार अधिकतम 30 दिन में अपराधियों को सजा दिलाने का खाका तैयार कर रही है। प्रदेश में अपराधियों पर लगाम कसने और प्रदेशवासियों को राहत देने के लिए यह कदम उठा रही है। 30 दिन के अंदर सजा दिलाने के पीछे सरकार की मंशा है कि अपराधियों में कानून का खौफ हो। वह अपराध करने से पहले 10 बार सोचें। इसके बाद भी अगर कोई अपराध करता है तो उसे उसके अंजाम तक पहुंचाया जाए। इसीलिए 30 दिन के अंदर सजा दिलाने के लिए 'ऑपरेशन कन्विक्शन' का ताना-बाना बुना जा रहा है।

हत्या, लूट, डकैती, धर्मपरिवर्तन, गोकशी जघन्य श्रेणी में

'ऑपरेशन कन्विक्शन' में बलात्कार, हत्या, लूट, डकैती, धर्मपरिवर्तन, गोकशी जैसे जघन्य अपराधों में पुलिस पैरवी करके सभी अपराधियों को 30 दिनों के अंदर सजा दिलाएगी। इसी के साथ हर जिले में पॉक्सो , धर्म परिवर्तन जैसे 20-20 अपराधों को चिन्हित करके चार्जशीट फाइल होने के 3 दिन बाद चार्ज फ्रेम करा कर अपराधियों को तीस दिनों में सजा दिलाएगी। अपराधियों को उनकी सही जगह पहुंचाने के लिए चलाए गए विशेष अभियान पुलिस की प्रभावी पैरवी में चार चांद लगाएंगे।

जिला जज से समन्वय कर सुनवायी फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराये जाने का प्रयास होगा

गवाहों एव माल मुकदमाती को समय से न्यायालय में पेश करने का जिम्मा सम्बन्धित थाना प्रभारी एवं कमिश्नरेट/जनपद प्रभारी का होगा। जनपद प्रभारी अपने कमिश्नरेट जनपद की मॉनीटरिंग सेल की बैठक में जिला जज से समन्वय स्थापित कर चिन्हित अभियोगों की सुनवायी दिन-प्रतिदिन फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराये जाने का प्रयास करेंगे। सम्बन्धित कमिश्नरेट/जनपद प्रभारी द्वारा चिन्हित अभियोगों में परीक्षण रिपोर्ट को एक सप्ताह के अन्दर उपलब्ध कराये जाने के लिए एफएसएल से समन्वय स्थापित किया जायेगा। चिन्हित अभियोगों में की जाने वाली पैरवी की मॉनीटरिंग के लिए प्रत्येक कमिश्नरेट/जनपद प्रभारी कार्यालय में एक राजपत्रित अधिकारी के पर्यवेक्षण में मॉनीटरिंग सेल गठित किया जायेगा।

साप्ताहिक समीक्षा के लिए पुलिस मुख्यालय पर एक वेबपोर्टल विकसित किया जा रहा

मॉनीटरिंग सेल द्वारा अभियोगों की दिन-प्रतिदिन की कार्यवाही की समीक्षा कर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करायी जायेगी। चिन्हित किये गये अभियोगों की साप्ताहिक समीक्षा के लिए पुलिस मुख्यालय पर एक वेबपोर्टल विकसित किया जा रहा है, जिससे मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा की गई कार्रवाई पर नजर रखी जाएगी ।

योगी को फ्रांस भेजो, काबू हो जाएगा दंगा

लंदन यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर के नाम से ट्वीट, सीएम ऑफिस का जवाब-दुनिया को योगी मॉडल चाहिए

- ओवैसी बोले, योगी माडल का सच तो हमने लखीमपुर खीरी-हाथरस में देखा था

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लोकसभा चुनाव से पहले योगी सरकार सुर्खियों में है। शनिवार को यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन से जुड़े प्रोफेसर एन. जॉन कॉम का ट्वीट सामने आया। उन्होंने लिखा- भारत योगी आदित्यनाथ को फ्रांस दंगे को काबू करने के लिए भेज दे। अगले 24 घंटे में दंगा कंट्रोल हो जाएगा। हालांकि, फैक्ट चेकर्स इस अकाउंट को फेक भी बता रहे हैं। दावा कर रहे हैं कि यह ट्विटर हैंडल नरेंद्र विक्रमादित्य यादव नामक शख्स चलता है। वह पहले धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार हो चुका है। वहीं, ट्वीट के सामने आने के कुछ घंटे बाद ही सीएम योगी के ऑफिस ने रीट्वीट कर जवाब दिया है। इसमें लिखा कि जब भी विश्व के किसी भी हिस्से में उग्रवाद दंगे भड़काता है। अराजकता फैलती है और कानून-व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न होती है, तो दुनिया सांत्वना तलाशती है। यूपी के सीएम द्वारा स्थापित कानून-व्यवस्था के परिवर्तनकारी योगी मॉडल के लिए तरसती है। इसे लेकर एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने तंज कसा है। उन्होंने ट्वीट कर लिखा- भाई, भाई, भाई! फिरंगियों की तारीफ़ के इतने भूखे हैं कि किसी फर्जी अकाउंट के ट्वीट से खुश हो रहे हैं? झूठे एनकाउंटर, गैर-कानूनी बुलडोजर कार्रवाई और कमजोरों को निशाना बनाना कोई परिवर्तनकारी नीति नहीं है। ये जम्हूरियत का विनाश है। योगी माडल का सच तो हमने लखीमपुर खीरी और हाथरस में देखा था। वहीं, आम आदमी पार्टी ने भी ट्वीट कर योगी सरकार पर निशाना है। कहा, यह फर्जी आईडी बीजेपी आईटी सेल ने ही बनाई है। जिसे नरेंद्र यादव नामक शख्स चलाता है। इसके जरिए यूपी की कानून-व्यवस्था की तारीफ करता है। यही योगी माडल की हकीकत है। हाथरस, उन्नाव और लखीमपुर खीरी आज भी न्याय का इंतजार है।

ऑस्ट्रेलियाई सांसद ने योगी की तारीफ की थी

15 सितंबर 2021 को कोरोना कॉल के समय ऑस्ट्रेलिया के सांसद ने सीएम योगी की कार्यशैली की तारीफ की थी। उनके साथ काम करने की इच्छा जताई थी। ऑस्ट्रेलियाई सांसद एवं मंत्री जेसन वुड ने राज्य में कोविड-19 के प्रकोप को प्रभावी ढंग से नियंत्रित करने के लिए योगी सरकार की प्रशंसा की। उन्होंने ट्वीट करके लिखा कि हम उत्तर प्रदेश के साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं। संस्कृति और विकास के संवर्धन के लिए हम लोग उत्तर प्रदेश सरकार के साथ काम करेंगे। कोविड 19 प्रबंधन के लिए योगी के यूपी मॉडल से प्रेरित होकर उन्होंने आगे लिखा कि सीएम योगी को धन्यवाद। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने मुझे अपना संदेश दिया। इस कठिन समय में यूपी सरकार के कोविड नियंत्रण प्रयासों की सराहना है।

पुलिस की गिरफ्त में चंद्रशेखर पर हमला करने वाले चार आरोपी

अंबाला कोर्ट में सरेंडर करने की थी तैयारी

- सहारनपुर पुलिस जल्द ही इस पूरे मामले का खुलासा करेगी

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

भीम आर्मी प्रमुख और आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर पर हमला करने वाले चार आरोपियों को सहारनपुर पुलिस ने हरियाणा के अंबाला से पकड़ा है। बताया गया ये चारों आरोपी अंबाला कोर्ट में सरेंडर करने जा रहे थे। बताया गया कि ये चारों आरोपी पुलिस से साठगांठ कर कोर्ट में सरेंडर करने जा रहे थे। इसी दौरान थाना पुलिस की इन पर नजर पड़ गई। इसके बाद उन्हें दबोच लिया गया है। वहीं, सहारनपुर पुलिस जल्द ही इस पूरे मामले का खुलासा करेगी।

यह था मामला

बुधवार की शाम देवबंद की गांधी कॉलोनी से आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर कार में अपने भाई मनीष और तीन अन्य साथियों के साथ सहारनपुर लौट रहे थे। यूनियन तिराहे के पास स्विफ्ट कार में आए बदमाशों ने चंद्रशेखर की कार पर चार राउंड फायरिंग की। एक गोली कार के दरवाजे को भेदते हुए चंद्रशेखर के पेट को छूकर निकल गई, जिससे वह घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

उत्तर प्रदेश लगातार चार साल बिजली बिल न बढ़ाने वाला पहला राज्य बना

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

उत्तर प्रदेश लगातार चार साल तक बिजली बिल न बढ़ाने वाला पहला राज्य बन गया है। यह संभव हुआ सभी के संयुक्त प्रयास से। यह कहना है विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष आरपी सिंह का। वह को नियामक आयोग में आयोजित अपने विदाई समारोह को संबोधित कर रहे थे। पांच साल का कार्यकाल पूरा कर विदा ले रहे नियामक आयोग के अध्यक्ष आरपी सिंह ने कहा कि उन्होंने हमेशा उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए कदम बढ़ाया। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता परिषद ने उपभोक्ताओं के हितों के लिए समय-समय पर सुझाव दिया जिसका नतीजा रहा कि उपभोक्ताओं को निरंतर लाभ मिलता रहा। उन्होंने अपने कई फैसलों को याद करते हुए कहा कि आयोग ने रेग्यूलेटरी फ्रेमवर्क में हमेशा से अपनी जिम्मेदारी निभाई। खास बात यह है कि ऊर्जा विभाग में जिन लोगों ने सेवाएं दी हैं वह इसे अपनी प्राथमिकता बताते हुए नियामक आयोग अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश से लेकर ऊर्जा मंत्रालय तक सेवा देने वाले अधिकारी भी अपनी दावेदारी ठोक रहे हैं। फिलहाल आयोग को अगले सप्ताह तक नया अध्यक्ष मिलने की उम्मीद है।

नियामक आयोग चेयरमैन के लिए जोर आजमाइश तेज

विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष आरपी सिंह के सेवानिवृत्त होने के बाद आयोग में नए अध्यक्ष की तलाश तेज हो गई हैं। इस पद के लिए ऊर्जा विभाग में रह चुके कई सेवानिवृत्त और सेवानिवृत्त होने वाले भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के बीच जोर आजमाइश चल रही है। नियामक आयोग अध्यक्ष पद के लिए दर्जन भर से ज्यादा आईएएस अफसरों ने आवेदन किया है। कुछ सेवानिवृत्त होने वाले अफसर भी शामिल हैं।

घर के आसपास सफाई रखना सभी की जिम्मेदारी : डीएम

31 तक चलेगा जन जागरूकता अभियान

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

जनपद में शुक्रवार को विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान शुरू हुआ। अभियान की शुरुआत को लेकर विविध कार्यक्रम हुए। जिले में नगर पालिका परिषद कर्वी के पास आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने संचारी रोग नियंत्रण के लिए जन समुदाय को शपथ दिलाई। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द, पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश खरे, सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।

जिलाधिकारी ने जनपदवासियों का आह्वान किया कि सभी अपने घरों के आस-पास साफ सफाई रखें। उन्होंने कहा कि इस अभियान में सबकी सहभागिता जरूरी है। तभी मोहल्ला, गाँव, नगर, जिला, साफ सुथरा रहेगा। अपने घर के आसपास सफाई रखना सभी की जिम्मेदारी है। सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने की अपील की। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देश पर आज इस अभियान की शुरुआत की गई है। बरसात के समय तरह-तरह की बीमारियां फैलती है। सभी सम्बन्धित विभाग अपनी कार्ययोजना के अनुसार संचारी रोग नियंत्रण अभियान का सफल संचालन कराएं।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने बताया कि विशेष संचारी रोग नियन्त्रण अभियान का शुभारंभ रैली निकालकर किया गया। साथ ही जागरूकता के उद्देश्य से जिले में गोष्ठी, परिचर्चा और प्रतियोगिताएं भी हुई। बताया कि विशेष संचारी रोग नियन्त्रण अभियान 31 जुलाई तक चलेगा। इस दौरान वेक्टर जनित रोग जैसे मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया की रोकथाम के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान के दौरान बुखार, टीबी लक्षण वाले व्यक्ति के बारे में घर-घर जाकर पूछताछ की जाएगी। लक्षण मिलने पर चिह्नित कर उन्हें अस्पताल भेजा जाएगा। आवश्यकता पर निःशुल्क एंबुलेंस की सेवा भी उपलब्ध रहेगी। लक्षण मिलने वाले व्यक्ति का पूरा नाम, पता और मोबाइल नंबर सहित पूरा विवरण एएनएम द्वारा ब्लॉक मुख्यालय भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत ही जनपद में 17 से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान चलेगा। इसमें स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर जाकर बीमार लोगों के बारे में जानकारी लेगी।

जिला मलेरिया अधिकारी लाल साहेब ने बताया कि नगर पंचायत विकास, पंचायती राज, ग्राम्य विकास विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, शिक्षा विभाग, दिव्यांगजन विभाग, कृषि एवं सिचाई विभाग, सूचना और उद्यान विभाग अभियान में सहयोगी हैं। सभी को उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराया जा चुका है। सम्बन्धित विभाग अपनी कार्य योजना से संचारी रोग अभियान में सहयोग करेंगे।

इस मौके पर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी लालजी यादव, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ आर के चौरिहा, डीपीएम आर के करवरिया, सहायक जिला मलेरिया अधिकारी आर के सिंह, डीसीपीएम विकास कुशवाहा, रोहित व्यास, जय शंकर गुप्ता, संतोष श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

क्षेत्राधिकारी ने गोष्ठी कर प्रभावी पैरवी के दिए निर्देष

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में क्षेत्राधिकारी नगर, नोडल अधिकारी अभियोजन हर्ष पांडेय की अध्यक्षता में मॉनिटरिंग सेल प्रभारी पारितोष दीक्षित की उपस्थिति में जनपद के समस्त थानों में पैरवी का कार्य देख रहे पैरोकार मुख्य आरक्षी, आरक्षियों एवं उपनिरीक्षकों के साथ गोष्ठी की गई। गोष्ठी में प्रभावी पैरवी कर आरोपियों को अधिक से अधिक सजा दिलाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि कोई भी गवाह होस्टाइल नहीं चाहिए। गवाह को समय से सूचित करें। जिससे न्यायालय में गवाह समय से उपस्थित हो सके। चिन्हित मुकदमों की सघन पैरवी की जाये एवं अपराधियों को अधिक से अधिक सजा दिलायी जाये।

15 तक करें आवेदन

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र स्वरूप ने बताया कि कि शिक्षा गुणवत्ता में सुधार करने तथा विद्यार्थियों के जीवन को समृद्ध कर शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान देने वाले उत्कृष्ट अध्यापकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2023 योजनान्तर्गत सम्मानित किये जाने के लिए विस्तृत पुनरीक्षित दिशा निर्देश समय सारिणी जारी करते हुये योग्य शिक्षकों से 15 जुलाई तक आन-लाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। अतः इच्छुक एवं पात्र आवेदक आन लाइन आवेदन करते हुये आवेदन पत्र की हार्ड कापी सम्बन्धित अधिकारी से अग्रसारित कराते हुये 17 जुलाई तक कार्यालय में जमा करा सकते हैं।

शिविर में बच्चों को किया गया शिक्षा के प्रति जागरूक

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

रामघाट में दियाबाती व फूल बेचने वाले 10 से 14 साल के बच्चों के लिए 10 दिवसीय बाल आपदा रिपोर्टिंग प्रशिक्षण शिविर इस उद्देष्य के साथ शुरू हुआ कि बच्चों के ऊपर नियमित बनी आपदाओं के बारे में बच्चों की समझ बने और बच्चे आपदाओं के समय अपनी आवाज को बड़ी आवाज बनाने में सफल हों। प्रशिक्षण के छठवें दिन का परिणाम यह रहा कि इस प्रशिक्षण में 3 से 6 वर्ष के आयु के 6 बच्चे, 10 से 12 वर्ष की आयु के 12 बच्चे तथा 10 से 14 वर्ष के 10 बच्चे नियमित आ रहे हैं। जिसमें लड़कियों की संख्या अधिक है। पहले दिन बच्चे झिझक रहे थे, लेकिन धीरे-धीरे बच्चों ने सहभागिता देना शुरू कर दिया। बच्चों को आपदा और दुःख विषय पर उनकी समझ बढ़ाने के लिये कई तरह की गतिविधि की गयी।

पहली गतिविधि में बच्चों की दिनचर्या के बारे में जाना। सभी बच्चों ने बताया कि सुबह प्रातः तेल, बाती, फूल की डलिया लेकर घाट आ जाते हैं। यहाँ घाट में 10 बजे तक रहते हैं। इसके बाद घर चले जाते हैं। घर जाकर फिर स्कूल निकल जाते हैं। पुनः शाम को रामघाट आ जाते हैं और रात 7 बजे तक घाट में दिया तेल बाती बेचते हैं। एक बच्चा जिसका नाम प्रियान्षु 12 वर्ष वह केवल एक दिन आया, उसके बारे में पता चला कि पिता जेल में हैं। माँ ने दूसरी शादी कर ली है। बच्चा अपने दादा दादी के पास रहता है जो बूढ़े हैं। वह केवल बच्चे को सुबह शाम जो होता है खिला देते हैं। इसके बाद यह बच्चा सभी बच्चों के साथ रामघाट में घूमता है। इस बच्चे को सपोर्ट करने वाला कोई नहीं है। 10 से 14 साल के बच्चों ने समूह बनाकर अपने दुःखों को रेखांकित किया।

छोटे बच्चे 3 से 8 साल के बच्चों को उनकी भाषा, गणित के ज्ञान को बढ़ाने के लिये विशेष षिक्षा सत्र चलाये गये। 10 से 14 वर्ष के बच्चों को घटना, रिपोर्टिंग पर ध्यान से उसकी परिभाषा को समझाने की कोषिष की।

आयुस्मान वानप्रस्थ विश्वविद्यालय के निदेषक बलवीर सिंह ने प्रशिक्षण अवधि में बच्चों के शिक्षण का ऑकलन बच्चों के साथ किया। रिपोर्टर को हिन्दी में संवाददाता कहते हैं यह बात बच्चों को अच्छी तरह से समझाया। बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिये चित्रकूट के वरिष्ठ अधिवक्ता सामाजिक कार्यकर्ता रूद्र प्रसाद बच्चों के बीच आये और उन्होने बच्चों के उत्साह को देखा और उनके साथ संवाद किया। बच्चों के इस कार्यक्रम को प्रोत्साहित करने में बड़े मठ के महन्त गरूण तथा मुख्य वनवासी समाज सेवी अरूण गुप्ता ने स्वल्पाहार बच्चों को कराया। बच्चों के फेसिलटेटर अर्चन भाई ने बच्चों की आवाज को बड़ी आवाज बनाने के लिये चाइल्डलाइन चित्रकूट के विषेष कुमार त्रिपाठी, नीलू देवी, दीपा शुक्ला, रामचन्द्र, श्यामानन्द आदि का सहयोग प्राप्त किया।

मानव सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए चिकित्सक सदगुरु ह्यूमैनिटेरियन अवार्ड से सम्मानित

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

संत रणछोड़दास महाराज द्वारा स्थापित संस्थान सदगुरु नेत्र चिकिसालय में तीन दिवसीय नेत्र चिकित्सकीय कार्यशाला सदगुरु कॉन्क्लेव-2023 फ्यूजन का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय 400 से अधिक नेत्र चिकित्सकों ने प्रतिभाग किया। इस कार्यशाला का विषय मोतियाबिंद, कोर्निया एवं ग्लूकोमा पर आधारित था। जिसमें आये नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विशेषज्ञों ने अपने अनुभव, नवीन शोध एवं नवाचार पर चर्चा की। जिसका मूल उद्देश्य नेत्र रोगियों को गुणवत्तायुक्त चिकित्सा उपलब्ध कर भारत में अंधत्व निवारण को गति प्रदान करना है।

कार्यक्रम का उदघाटन दीप प्रज्ज्वलन एवं गुरु पूजन कर किया गया। समारोह में पद्मश्री डॉ. जगत राम, डॉ. मधु भदौरिया, डॉ. हर्ष भट्टाचार्या, डॉ. वीरेंद्र सांगवान एवं डॉ. प्रतीप व्यास को सदगुरु ट्रस्ट की ओर से मानव सेवा के उत्कृष्ट कार्यों के लिए सदगुरु ह्यूमैनिटेरियन अवार्ड से ट्रस्टी डॉ बी.के. जैन ने पुरुस्कृत किया। इसी के साथ अन्य 25 चिकित्सकों को सदगुरु मैडल अवार्ड एवं 21 चिकित्सकों को सदगुरु फैकल्टी अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. रणजीत मनियार, डॉ. पी.सी. द्विवेदी सहित डॉ. इलेश जैन, डॉ. आलोक सेन, डॉ. राकेश शाक्या, डॉ. नरेंद्र पाटीदार, डॉ. गौतम सिंह परमार, डॉ. राजेश जोशी तथा सदगुरु नेत्र चिकित्सालय के समस्त चिकित्सक उपस्थित रहे। अंतर्राष्ट्रीय फैकल्टी के रूप में थाईलैंड से डॉ. नुट्टमन श्रीसमरन तथा ईजिप्ट से डॉ. मोहम्मद महाडी ने कहा कि नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में सदगुरु नेत्र चिकित्सालय द्वारा की जा रही सेवाएं प्रेरणादायक हैं। इस कार्यशाला के दौरान सदगुरु ट्रस्ट में चार दशक से अधिक निष्ठापूर्ण सेवा देने वाले दो कार्यकर्ता चंद्रपाल पाल एवं गोरेलाल यादव को सम्मानित किया गया। निदेशक डॉ. बी.के. जैन ने कहा कि कॉन्क्लेव में मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों में पदस्थ शासकीय नेत्र सर्जन, मेडिकल कॉलिज के पीजी छात्र तथा भारतीय नेत्र चिकित्सा के चिकित्सकों की सहभागिता कर अपने अनुभव और ज्ञान का आदान प्रदान करने का अवसर प्राप्त हुआ।

चन्द्रप्रकाश द्विवेदी जिलाध्यक्ष एवं सर्वजीत सिंह जिला महामंत्री निर्वाचित

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। रैनबसेरा सीतापुर में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की जिला ईकाई के प्राथमिक संवर्ग के पदाधिकारियों का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती, भगवान परशुराम एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुई। निर्वाचन पर्यवेक्षक प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीप्रताप कटियार, प्रदेश संयुक्त मंत्री प्रदीप तिवारी तथा निर्वाचन अधिकारी मण्डल अध्यक्ष शिव प्रकाश सिंह की उपस्थिति में सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ। सेवानिवृत एवं आदर्श शिक्षक रामशंकर कंचनी ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को पद की शपथ दिलवाई। कार्यक्रम का संचालन पं सुनील नवोदित ने किया। निर्वाचन में चन्द्र प्रकाश द्विवेदी को सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष, सर्वजीत सिंह जिला महामंत्री, सीताराम सिंह कार्यकारी अध्यक्ष एवं रामभद्र त्रिपाठी वरिष्ठ उपाध्यक्ष निर्वाचित हुये। इसी प्रकार द्रोपदी अग्रवाल महिला उपाध्यक्ष, अरविन्द्र शिवहरे एवं प्रमोद चौरसिया उपाध्यक्ष, सत्योम शुक्ल को कोषाध्यक्ष, पं अनिल अनिवार्य को जिला मीडिया प्रभारी बनाया गया। इसके अलावा मण्डल प्रभारी एवं कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मातादीन द्विवेदी द्वारा विनोद अवस्थी को जिला संगठन मंत्री मनोनीत किया गया।

स्नातक, स्नातकोत्तर छात्र इंटर्नशिप के लिए करें आवेदन

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

आयुक्त ग्राम्य विकास उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देश के कम में जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने बताया कि ग्रामीण विकास विभाग (ट्रेनिंग डिवीजन) भारत सरकार के माध्यम से ग्राम्य विकास विभाग द्वारा स्नातक, स्नातकोतर छात्रों के लिए एक नयी इंटर्नशिप स्कीम प्रोग्राम फॉर एक्शन थ्रू इंर्टनशिप इन भारत (प्रतिभा) प्रतिभा पोर्टल के विषय में अवगत कराया कि प्रतिभा पोर्टल को नेशनल इंटर्नशिप पोर्टल पर अपलोड किया गया है। प्रतिभा प्लेटफार्म स्थानीय ग्रामीण निकायों, गांवों जिलों में इंटर्नशिप के अवसरों के लिए एक समर्पित विंडो है। ग्रामीण विकास और पंचायतीराज विभागों के क्षेत्र में इंटर्नशिप के लिए आवेदन करने की अनुमति देगा। इस पोर्टल द्वारा इच्छुक उम्मीदवार आवेदन करेंगे और चयन राज्य सरकार द्वारा किया जायेगा। इंटर्न को स्टाइपेंड का भुगतान राज्य सरकार का विशेषाधिकार होगा। उन्होंने उपायुक्त श्रम रोजगार, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि जनपद के ग्रामीण निकायों, गावों, जिलों में इंटर्नशिप के लिए इसके अन्तर्गत शैक्षिक अर्हता को पूर्ण करने वाले 30 वर्ष से कम के युवाओं का पोर्टल पर पंजीकरण के कार्य को कराया जाए। जिससे इन्टर्नशिप के उपरान्त इनके कार्य करने की दक्षता में उन्नयन हो सके तथा भविष्य में रोजगार के लिए इन्हें बेहतर विकल्प के लिए सक्षम बनाया जा सके। बताया कि इंटर्न को राज्यों द्वारा जिला, ब्लॉक, उत्पादक उद्यम, क्लस्टर स्तर पर या ग्रामीण विकास मंत्रालय की किसी योजना में तैनात किया जाएगा। जिला स्तर पर इस इंटर्नशिप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी जिलाधिकारी, सीईओ जिला परिषद होंगे। उन्होंने प्रस्तावित इंटर्नशिप योजना की मुख्य विशेषताएं के बारे में बताया कि इंटर्नशिप योजना का नाम प्रोग्राम फार एक्शन थ्रू इन्टर्नशिप इन भारत (प्रतिभा) है। इंटर्नशिप का उद्देश्य अनुसंधान और नवाचार को प्रोत्साहित करना है जो ग्रामीण क्षेत्र में लागू होता है और इसका उद्देश्य एमओआरडी के फ्लैगशिप कार्यक्रमों के परिणामों को बढ़ाना है। प्रत्येक बैच में इंटर्न की संख्या राज्यों की आवश्यकता के अनुसार किया जायेगा।

इंटर्नशिप की अवधि एक वर्ष (न्यूनतम दो महीने से अधिकतम एक वर्ष) के लिए होगी। इंटर्नशिप का क्षेत्र में एमओआरडी और एमओपीआर से जुड़े सभी कार्यक्रम, कार्यालय, स्थानीय निकाय, अन्य मंत्रालयों को भी केस-टू-केस के आधार पर शामिल होने की अनुमति दी जा सकती है। उन्होंने बताया कि निम्नलिखित के क्षेत्र में प्रमुख संस्थानों विश्वविद्यालय से स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, उन्नत डिप्लोमा जिसमें रूरल मैनेजमेंट, इन्जियरिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर, इकोनामिक्स मार्केटिंग, स्ट्रेटेजिक मैनेजमेंट, सोशल डेवलपमेंट, पब्लिक पालिसी, डाटा एनालिटिक्स, फाइनेंस है। बताया कि आवेदकों को उत्कृष्ट कंप्यूटर कौशल रखने की आवश्यकता होगी। उनके पास मजबूत संचार और पारस्परिक कौशल भी होना चाहिए। आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को 30 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। आवेदक को पोर्टल पर इंटर्नशिप की मांग करने के तीन साल के भीतर डिग्री, डिप्लोमा पूरा होना चाहिए। उन्होंने बताया कि चयन का आधार इंटर्नशिप पदों का विवरण राज्यों द्वारा प्रतिभा पोर्टल (एमओआरडी-एआईसीटीई पोर्टल) पर उपलब्ध कराया जाएगा। इंटर्नशिप के लिए आवेदन केवल पोर्टल के माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे। इंटर्नशिप अवधि के अंत में इंटर्न को एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। राज्य की चयन और समीक्षा समिति समय-समय पर प्रत्येक इंटर्न की प्रगति की समीक्षा करेगी और इंटर्नशिप के अंत में एक मूल्यांकन करेगी। बताया कि इंटर्नशिप अवैतनिक आधार पर होगी। इंटर्नशिप का प्रमाण पत्र इंटर्नशिप के सफल समापन के बारे में एक डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित और साझा करने योग्य प्रमाण पत्र एमओआरडी, एआईसीटीई और स्थानीय प्राधिकरण द्वारा संयुक्त रूप से जारी किया जाएगा। इंटर्नशिप अवधि के सफल समापन पर ही इंटर्नशिप प्रमाण पत्र के लिए पात्र होगा। हालांकि, यदि इंटर्न दो महीने के बाद छोड़ देता है, तो वह केवल उस अवधि के लिए इंटर्नशिप प्रमाण पत्र के लिए पात्र होगा। दो महीने से पहले इंटर्न के जाने पर कोई प्रमाण पत्र नहीं दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने उपायुक्त श्रम रोजगार, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनमानस तक इंटर्नशिप प्रोग्राम की जानकारी को पहुंचाए जाने के लिए प्रतिभा पोर्टल के प्रचार-प्रसार के कार्य को किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

पौधरोपण अभियान जारी कार्यालयों का ग्राउन्ड वीरान

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर

शासन के निर्देश पर करोडो का बजट देकर निधारित लच्क्ष के अनुसार पौध रोपड का निर्देश जारी हो रहा है। लक्ष्य पूर्ति भौतिक रुप से कम सरकारी दस्तावेजो मे ज्यादा हो रहा है। प्रति वर्ष सरकारे करोडो का बजट आवंटन करके पौधा रोपण कराया जा रहा है। जब कि भौतिक रुप से कम दस्तसवेजो मे लक्ष्य पूर्ति ज्यादा ही किया जा रहा है और सरकारी बजट का बन्दर वाट किया जा रहा है। वही विभागीय सॉठ-गॉठ के चलते पेडो का कटान तेजी से चलाया जा रहा है और जेबे गर्म करके आरामसीनो मे धडल्ले से संचालन किया जा रहा है। जिसके बदले मे विभाग सहित ईलाकाई पुलिस जेबे गर्म कर रही है। जहॉ शासन द्वारा करोडो का बजट खर्च करके पौध रोपड का लच्क्ष दिया जा रहा है। वही कटान माफिया हरे पेडो का कटान विभागीय तालमेल से कर रहे है। जिससे पर्यावरण का संतुलन लगातार बिगडता ही जा रहा है बाढ, सूखा अतिवृष्टि आदि समस्याये बढती ही जा रही है। जिले मे विभिन्न विभागो को लाखो पौध रोपड का लच्क्ष दिया गया है। वही जिले की व्यवस्था के अनुसार विभागवार लच्क्ष निर्धारित करके पौधों का आवन्टन किया जा रहा है। जहॉ शासन द्वारा पर्यावरण नियंत्रण के लिए लगातार पौध रोपड पर जोर दिया जा रहा है और लाखो करोडो का बजट दिया जा रहा है। वही वन विभाग सहित ईलाकाई पुलिस की सॉठ-गॉठ के चलते क्षेत्र मे कटान माफियाओ द्वारा हरे पेड़ो का कटान तेजी से किया जा रहा है और जेबे गर्म किया जा रहा है।

नगर पंचायतों के जल निकासी की खुली पोल

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर

बीती रात जनपद मे झमझम हुई बरसात से जहॉ शहर सहित कस्बो की सड़के तालाबो मे तब्दील हो गयी। कहीं बाईक सवार डुबकी लगाते देखने को मिले तो कही चार पहिया वाहन सडको के गड्ढो मे फसकर खड़े नजर आये। वहीं नगर पालिका व नगर पंचायतो के दावों की पोल खुलती नजर आयी। वही प्रशासन के सरकारी जमीनो सहित तालाबो को कब्जा मुक्त अभियान की पोल खोल रहे है। सबसे से बुरा हाल तो नवसृजित नगर पंचायत धाता, खखरेडू सहित असोथर का है।

जहॉ सड़कों, नालियों का बरसाती पानी लोगो के घरो, दुकानो के अन्दर होने लगा और लोग घरो का पानी बाहर करने मे लगे रहे और नगर पंचायत प्रशासन को कोसते रहे। शहर सहित कस्बो और ग्रामीणान्चलो के तालाबो की पुरायी करके बडे-बडे भवनो का निर्माण करा लिया या फिर भूमाफियाओ ने कब्जा कर लिया है। जिससे पानी निकासी की समस्या आम हो गयी है और पानी सड़को गलियो मे भरा है। वही प्रशासन की सरकारी जमीनो व तालाबो को कब्जा मुक्त कराने वाले अभियान की यथा स्थित दर्शा रहा है। गड्ढा मुक्त सड़को के दावे की हकीकत बया करने वाला दृश्य देखने को मिला। ओवरब्रिज की सर्विस रोड किसी तालाब से कम नहीं है। फिल्मी दृश्य की तरह अनजान राहगीर सड़क के पानी में डुबकी लगाते नजर आ रहे हैं। नई-नवेली दुल्हन के साथ बाइक सवार युवक भी शिकार हो गया। जब वह अपनी दुल्हन को बाइक से विदा कराकर घर ले जा रहा था। तभी बारिश के पानी की निकासी न होने के कारण नेशनल हाईवे पर बने ओवरब्रिज के नीचे सर्विस रोड बड़े-बड़े गड्ढे में तब्दील हो गई है। जिससे दंपत्ति की बाइक गहरे गड्ढे में चली गई और तैरने लगी जैसे यह रोड नहीं बल्कि तालाब में डुबकी लगा रहे हो। सवाल उठता है कि उत्तर प्रदेश सरकार और उनके मंत्री जनपद में आकर बड़े-बड़े विकास के दावे तो कर जाते हैं लेकिन सच्चाई जमीनी स्तर पर दूर-दूर तक नजर नहीं आती। हाईवे की सर्विस रोड पर नई नवेली दुल्हन के साथ दूल्हे के पानी में डुबकी लगाने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। साथ ही कई विपक्षी दल के नेता इसे इंटरनेट के माध्यम से सरकार के विकास पर सवाल भी उठा रहे हैं।

नवागंतुक सीएमओ के लिए अवैध नर्सिंग होमो में चल रहा काला कारोबार चुनौती

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर

जिले में संचालित हो रहे अवैध नर्सिंग होम का धंधा तेजी से फल-फूल रहा है इनकी मनमानी पर अंकुश नहीं लग रहा। जहां एक ओर प्राइवेट अस्पताल पूरी तरह से व्यापार और इसके संचालक कारोबारी बने हुए हैं। वही शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों के कुछ प्राइवेट अस्पतालों में गर्भपात का काला कारोबार बड़े पैमाने पर चल रहा है। खास बात यह है कि शनिवार को नवागंतुक मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यभार संभाला है। नवनियुक्त सीएमओ के लिए गर्भपात का काला कारोबार चुनौती बनेगा। नए सीएमओ गर्भपात के काले कारोबार पर अंकुश लगाने में कितने सफल होते हैं यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा। जिले में बडी सख्या मे नर्सिंग होम बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित हो रहे हैं। बिना रजिस्ट्रेशन के प्राइवेट अस्पताल केवल ग्रामीण अंचलों में ही नही बल्कि इनकी संख्या शहर में भी है। ऐसे नर्सिंग होम मानक पर खरे नहीं है इनके संचालक पूरी तरह से कारोबारी बने हुए है। बताते हैं कि प्राइवेट अस्पतालों के संचालकों ने एजेंट भी बना रखे हैं। जो मरीजों को अस्पतालों तक पहुंचाने का काम करते हैं बताते हैं कि बिना एनओसी के अवैध तरीके से वर्षों से संचालित हो रहे प्राइवेट अस्पतालों के गोरखधंधे के साथ-साथ गर्भपात का काला कारोबार भी फल फूल रहा है। जानकारों का कहना है कि शहर के कुछ प्राइवेट अस्पतालों में गर्भपात के काले कारोबार से संचालक मोटी आमदनी कर रहे हैं। जानकार सूत्रों की माने तो शहर के आबू नगर स्थित प्राइवेट अस्पताल का संचालन तो गर्भपात के इस काले कारोबार का माहिर खिलाड़ी भी है।

हाईवे मे पलटा ट्रेलर : महिला की मौत, 2 गंभीर

जन एक्सप्रेस। खागा, फतेहपुर

नेशनल हाईवे से ओवर लोड ट्रेलर का टायर फटने से पलट गया। ट्रेलर मे लदे लोहे के तार के बन्डल नीचे गिर गये। जिसमे एक महिला सहित दो लोग तार के बन्डलो की चपेट मे आ गये। जिसमे महिला की मौके पर ही मौत हो गयी और दो लोग गम्भीर रुप से घायल हो गये। मौके पर पहुॅची पुलिस ने शव को कब्जे मे लिया और घययलो को ईलाज हेतु अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के मंझिलगांव चौकी के हाइवे पुरइन मोड़ के पास प्रयागराज से कानपुर की तरफ जा रहे ट्रेलर ट्रक के टायर फटने से ट्रेलर पलट गया। उस पर लदे लोहे के तार बंडल गिरने से चौराहे पर खड़ी एक कार व तीन बाइके एवं साइकिल सहित तीन लोग तार के बंडल में दब गये। जिसमे मौके पर महिला की मौत हो गयी और दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। घायलो को ईलाज हेतु अस्पताल भेज दिया गया जब कि मृतका के शव को कब्जे मे लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।

लगभग 300 वर्ष पुराने पारिजात वृक्षों मे एक गिरा दूसरा जर्जर

जन एक्सप्रेस। खागा, फतेहपुर

विजयीपुर विकास खंड के सरौली गांव में आबादी के बाहर खड़े रहने वाले दो पारिजात में से एक, बीते दिनों दिनों आंधी में गिर गया। औषधीय महत्व वाले पारिजात की लकड़ी ग्रामीण ईंधन के लिए उठा ले जा रहे हैं। दूसरा पारिजात भी संरक्षण के अभाव में आखिरी दिन गिन रहा है। गांव के लोग बताते हैं कि दोनों पारिजात 300 वर्ष से अधिक पुराने हैं। किसानों की भूमिधरी पर होने की वजह से वन विभाग द्वारा इन्हें समय रहते संरक्षित नहीं किया गया। ग्रामीण रामराखन सिंह, चंद्रपाल सिंह, अशोक सिंह, सुरेंद्र सिंह, भरोसा सिंह आदि ने बताया कि दुर्लभ वृक्षों को लोग गुजराती इमली के नाम से जानते थे। क्षेत्र में ऐसे वृक्ष बहुत कम देखने के लिए मिलते हैं। जमीन पर गिरे वृक्ष की छाल और लकड़ी भी धीरे-धीरे गायब होती जा रही है। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के उपाध्यक्ष रवि सिंह ने बताया कि उनके द्वारा दोनों पारिजात संरक्षित किए जाने के लिए पत्राचार किया गया था। दो वर्ष पहले वन विभाग द्वारा पुराने वृक्षों,

विशेषकर दोनों पारिजात को संरक्षित किए जाने की योजना तैयार किया गया था। हालांकि मौका मुआयना से अधिक विभाग द्वारा कुछ भी नहीं किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि पारिजात की छाल और पत्तियां बेहद उपयोगी हैं। आयुर्वेद के जानकार, अक्सर इसकी छाल निकालने के लिए आते हैं। बताते हैं छल को पीसकर पीने से तमाम प्रकार की बीमारियां दूर हो जाती हैं। पुरुष व महिलाओं को होने वाली कई बीमारियां इससे ठीक होती हैं। इसका फल स्वाद में खट्टा होने की वजह से इसे गुजराती इमली का नाम दिया गया है। सरौली गांव में दोनों पारिजात दुर्लभ प्रजाति के हैं। मिट्टी, पानी व बीमारी की वजह से वृक्ष सूख सकता है। दूसरा पारिजात, जो किसानों की भूमिधरी पर है। वन क्षेत्राधिकारी सच्चिदानन्द से बात करने पर बताया कि अति प्राचीन परिजात वृक्ष दुर्लभ है। जिसको संरक्षित करने का प्रयास किया जा रहा है।

janexpressnews janexpresslive janexpresslive

कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस । | लखनऊ । रविवार । 02 जुलाई 2023 | 03

मौसम पूर्वानुमान

पूर्वानुमान

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के कारण दिनांक 01- 05 जुलाई 2023 को तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 33.4 (-1.9)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 25.8 (-0.2)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 97 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 76 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 4.0 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर पूर्व
वर्षा (मि0मी0) : 6.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

कल्याणपुर की हर गली में बैठे हैं 'यमराज' मरीजों की जिंदगी भगवान भरोसे

स्वास्थ विभाग के अधिकारी नहीं कर रहे उचित कार्रवाई, नोटिस नोटिस गेम जारी

जन एक्सप्रेस। सनी राव मोघे

कानपुर नगर। कल्याणपुर क्षेत्र जहां पर आप किसी भी गली से गुजर जाओ 2-4 हॉस्पिटल तो मिल ही जाएंगे। यहां पर अस्पतालों की हालत बद से बदतर होती जा रही है। ना तो बिल्डिंग का कोई मानक है और अस्पताल के मानक की बात ना हीं करें तो अच्छा है। इन अस्पतालों में इलाज कराने आए मरीजों का जीवन भगवान भरोसे है। क्योंकि अस्पताल में डॉक्टर नहीं यमराज स्वयं बैठे हुए हैं। इन अस्पतालों में इलाज कराने आए मरीज की हालत बिगड़ने पर उनकी जान बच जाए इस बात की कोई गारंटी नहीं ली जा सकती है। उस पर हद तो इस बात की है कि इतनी कमियां होने के बाद भी स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारी कानों में तेल डाले हुए हैं।

इन अस्पतालों के संचालक कर रहे मरीजों की जान से खिलवाड़

कल्याणपुर क्षेत्र के बहुचर्चित शारदा नर्सिंग होम, अनुष्का प्रांजल हॉस्पिटल, कुणाल हॉस्पिटल, अंश हॉस्पिटल जेके केयर ,मां पीतांबरा हॉस्पिटल, गोल्ड हॉस्पिटल मोहित मेडिकल सेंटर, चंद्रा हॉस्पिटल, भूमि हॉस्पिटल वैभव हॉस्पिटल, रॉयल हॉस्पिटल यह सभी ऐसे हॉस्पिटल है जो इलाज के नाम पर मरीज के जान से खिलवाड़ करने तक से पीछे नहीं हटते हैं। क्योंकि इन अस्पतालों में इलाज की बेहतर सुविधा नहीं है यहां पर कार्य करने वाला नर्सिंग स्टाफ डिग्री होल्डर नहीं है। यहां पर इलाज कराने आए मरीज की जिंदगी भगवान भरोसे है।

मानक विहीन बिल्डिंग में चल रहे यमलोक के कारखाने

कल्याणपुर क्षेत्र में अधिकतर हॉस्पिटल ऐसे हैं जिनकी बिल्डिंग ही मानक विहीन है यह अस्पताल या तो गली में है या फिर ऐसी जगह है जहां पर आग लगने की स्थिति में फायर ब्रिगेड की गाड़ी तक नहीं पहुंच सकती है लेकिन इसके बाद भी हॉस्पिटल संचालक बेखौफ तरीके से अस्पताल संचालित कर रहे हैं। गौर करने वाली बात तो यह है कि जब इन अस्पतालों तक फायर ब्रिगेड की गाड़ी नहीं पहुंच सकती है तो फिर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने इन अस्पतालों को किस आधार पर संचालित करने की स्वीकृति प्रदान कर दी। कुणाल हॉस्पिटल जहां पर संचालित किया जा रहा है उस बिल्डिंग के नीचे वाले हिस्से में विद्यालय संचालित है और ऊपर हॉस्पिटल चल रहा है। सीएमओ साहब ने तो इस हॉस्पिटल को पूरी तरीके से बंद करने के आदेश भी जारी कर दिए हैं लेकिन बावजूद इसके हॉस्पिटल धड़ल्ले से चल रहा है।

सीएमओ का कहना- इन अस्पतालों को दिए जा चुके हैं नोटिस

सीएमओ साहब आलोक रंजन की माने तो मानक विहीन अस्पतालों को नोटिस जारी किए जा चुके हैं। ज्ञातव्य हो कि कल्याणपुर क्षेत्र में आधे से ज्यादा ऐसे अस्पताल हैं जो कि मानकों को ताक पर रखकर संचालित किए जा रहे हैं। बात करे तो कल्याणपुर नया शिवली रोड जिस पर एक नहीं 40 से अधिक हॉस्पिटल संचालित किए जा रहे हैं जोकि थोड़ी थोड़ी दूरी पर स्थित है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी इस रास्ते से गुजरते भी हैं लेकिन उनकी नजर इन मानक विहीन अस्पतालों पर नहीं पड़ती है।

दलित छात्रा को बिल्डर ने बनाया हवस का शिकार

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

आईएएस की तैयारी कर रही एक दलित छात्रा का थाना कल्याणपुर क्षेत्र में रहने वाले एक बिल्डर ने अपने काकादेव थाना क्षेत्र स्थित फ्लैट में नशीला पदार्थ देकर उसके साथ रेप की घटना को अंजाम दिया और रेप की घटना का उसने वीडियो भी बना लिया जिसके बाद वह छात्रा को ब्लैकमेल कर उसका शारीरिक शोषण करता रहा। पीड़िता ने पुलिस से न्याय न मिलने पर लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के सामने आकर न्याय की गुहार लगाई है।

शुक्रवार को नवीन मार्केट स्थित कानपुर प्रेस क्लब में इसकी तैयारी कर रही एक पीड़ित दलित छात्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्क्रोष सिन्हा नाम के एक बिल्डर द्वारा उसे नशीला पदार्थ देकर उसका रेप किया गया और उसके बाद उसी रेप का वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करके उससे पांच लाख तो वसूले ही गए साथ ही साथ उसका शारीरिक शोषण भी किया जाता रहा। पीड़िता ने बिल्डर के खाते में जो पांच लाख डाले थे उसके भी प्रमाण पत्रकारों को दिखाएं हैं। लेकिन पुलिस ने थाना काकादेव क्षेत्र की चोरी की घटना का मुकदमा कल्याणपुर थाने में रेप पीड़िता के खिलाफ लिख दिया

*** पीड़िता का आरोप पुलिस से सांठगांठ कर पेशबंदी करने के लिए पैसों की दम पर उसी पर करा दिया चोरी का झूठा मुकदमा**

लेकिन उसका मुकदमा अभी तक नहीं दर्ज किया गया है। बिल्डर पीड़िता पर उसके पार्टनर संग मिलकर साजिश रचने की बात कह रहा है। लेकिन सबसे बड़े संदेह की बात यह है कि पीड़िता से उसने पांच लाख किस एवज में लिए थे। और चोरी का मुक़दमा काकादेव थाने में ना कराकर कल्याणपुर थाने में क्यों दर्ज कराया है।

ट्रैफिक दरोगा और सिपाही के खिलाफ कल्यानपुर ई-रिक्शा एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

कल्याणपुर ई रिक्शा एसोसिएशन के पदाधिकरियों ने ट्रफिक दरोगा और सिपाही की अवैध वसूली और प्रताड़ित करने को लेकर कल्यानपुर की एमएलए नीलिमा कटियार को ज्ञापन सौप कर शिकायत की है। जिस पर विधायक निलीमा कटियार ने फोन पर वार्ता कर डीसीपी ट्रफिक रवीना त्यागी को पूरे मामले की जानकारी दी है और कार्यवाई करने के लिए कहा है। ई रिक्शा एशोसिएशन के पदाधिकारि ने बताया कि विधायक नीलिमा कटियार ने उन्हें आश्वस्त किया है कि ई रिक्शा चालकों को कोई परेशानी नही होगी। उन्होंने कहाकि कल्यानपुर ई रिक्शा एशोसिएशन का एक प्रतिनिधि मंडल सोमवार को डीसीपी ट्रैफिक से मिलकर पूरे मामले से उन्हें अवगत कराएगा।

फास्ट फॉरवर्ड

राज्य कर वैयक्तिक सहायक, आशुलिपिक सेवा संघ कानपुर का निर्वाचन हुआ संपन्न

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। राज्य कर वैयक्तिक सहायक/ आशुलिपिक सेवा संघ कानपुर का निर्वाचन बीते दिन शनिवार को निर्वाचन राज्य कर भवन में हुआ। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए सुरेश कुमार, मंत्री पद के लिए अंकित कुमार, उपाध्यक्ष पद के लिए अंकित कुमार व मनोज कुमार ,कोषाध्यक्ष पद के लिए प्रवीण कुमार, प्रचार मंत्री पद के लिए सत्येंद्र साहू निर्विरोध निर्वाचित हुए। सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को गरिमा मालवीय व मुख्य चुनाव अधिकारी अंबुज सिंह द्वारा प्रमाण पत्र देकर शपथ ग्रहण कराया गया। इस अवसर पर संजय श्रीवास्तव, शिव कुमार, संजय सिंह, रतिकांत पाल, दीपक सिंह चंदेल, जितेंद्र कुमार केसरवानी, प्रमोद पटेल, सुशील पाल, रोहित आदि मौजूद रहे।

अलग-अलग गांव में दो को जहरीले कीड़े ने काटा

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। साढ़ थाना क्षेत्र के अलग-अलग दो गांवों में जहरीले कीड़े के काटने से दो की हालत खराब हो गई। जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी ले जाया गया। पहेवा गांव निवासी किसान भोलू को खेत जाते समय रास्ते में जहरीले कीड़े ने काट लिया। जानकारी होने के बाद परिजन उपचार के लिए भीतरगांव सीएचसी लेकर पहुंचे। जबकि परिजनों के मुताबिक खेत में दवा डालने के दौरान तबीयत खराब हुई थी। स्थिति सामान्य होने पर परिजन घर ले आए। दूसरे मामले में भीतरगांव कस्बे के सुभम शुक्ला को साफ सफाई के दौरान जहरीले कीड़े ने काट लिया। बताया गया युवक भवन निर्माण के लिए साफ सफाई में लगा हुआ था। हालत बिगड़ने पर परिजन सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां पर डॉक्टरों के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

सपा विधायक बोले- 'मैंने भरा चालान, अब केस्को, नगर निगम भी दे मुआवजा'

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

कानपुर नगर। बीते दिन शुक्रवार को एमएलए अमिताभ बाजपेई ने बड़ा चौराहे पर कार के ऊपर नाव और चप्पू लेकर नगर निगम के खिलाफ प्रदर्शन किया था । जिस पर ट्रैफिक विभाग द्वारा उनके खिलाफ ट्रैफिक नियमों को तोड़ने के मामले में 2000 रुपए का चालान किया था । जानकारी मिलने के बाद अमिताभ बाजपेई रेल बाजार स्थित ट्रैफिक लाइन पहुंचे और चालान की रकम जमा की। इस दौरान उन्होंने बताया कि थोड़ी सी बरसात में भी नगर निगम के कार्यों की पोल खुल जाती है इसको लेकर उन्होंने विरोध किया था। उन्होंने कहा कि अपनी गलती मान कर मैंने चालान जमा कर दिया है।जनहित में वह जेल भी जा चुके हैं! जूही खलवा पुल के भरे पानी में डूबकर एक जोमैटो डिलीवरी ब्वॉय की मौत हुई है इस पर केस्को,नगर निगम और यातायात विभाग दोषी है उनके खिलाफ भी कार्यवाई होनी चाहिए। इसके साथ-साथ उनका कहना था कि जो जोमैटो डिलीवरी ब्वॉय खलवा पुल में केस्को नगर निगम और यातायात की लापरवाही से स्वर्ग सिधार गया है उसके परिजनों को भी मुआवजा देना चाहिए नाला सफाई में घोटाला हुआ है उसकी जांच होनी चाहिए।

उल्टा चोर डाटे कोतवाल को

दबंगों ने खाकीधारियों से की बदतमीजी, डीजीपी से ट्वीट कर पूछा ग्वालटोली कोतवाल और एसआई पर लगेगी दफा 384

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

डीजीपी को ट्वीट किए गए वीडियो में कहीं से भी खाकी धारी महिलाओं और बच्चों को घसीटते नहीं दे रहे दिखाई

मौलाना अली अब्बास के बेटे तकी और हुसैन अब्बास ने जो डीजीपी को ट्वीट करते हुए वीडियो अपलोड किया है पहले खाकी धारी वैधानिक कागजात को पढ़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। और उसके बाद ही जो बुजुर्ग है वह चिल्लाना आरंभ करते हैं एक व्यक्ति यही कहता हुआ दिखाई दे रहा है कि मैं थाने नहीं जाऊंगा जिसके बाद खाकी धारी थोड़ा गुस्से में जरूर दिखाई दे रहा है लेकिन उसके द्वारा कहीं भी किसी महिलाओं और बच्चों को पीटने और घसीटने का वीडियो नहीं दिख रहा है। पूरे नगर में यही चर्चा है कि उल्टा चोर कोतवाल को डाट रहा है।

थाना ग्वालटोली क्षेत्र में निवास करने वाले कानपुर शिया जामा मस्जिद के मौलाना अली अब्बास के बेटों के द्वारा यूपी पुलिस के मुखिया डीजीपी को ट्विटर पर किया गया ट्वीट बीते दिन कानपुर नगर में चर्चा का केंद्र बना रहा। डीजीपी उत्तर प्रदेश को किए गए ट्वीट में ग्वालटोली पुलिस पर बड़े गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

आपको बताते चलें कि कानपुर नगर में ग्वालटोली थाना क्षेत्र के मकबरे में सैकड़ों वर्ष पुरानी कानपुर शिया जामा मस्जिद है। इस मस्जिद में मौलाना के पद पर अली अब्बास तैनात हैं। लेकिन कुछ माह पहले से क्षेत्र के काफी नमाजी और जनता मौलाना और उसके बेटों के क्रियाकलापों से आहत हो गए थे। जनता का आरोप था कि मौलाना अली अब्बास का दबंग बेटा सईद अब्बास जो फर्जी मौलाना है वह और उसके भाई हुसैन और तकी हमेशा लड़ाई झगड़ा अभद्रता करने पर उतारू रहते हैं और दबंगई तो दिखाते ही हैं गाली गलौज भी करते हैं। जिसके बाद वक्फ बोर्ड के पदाधिकारियों ने मौलाना अली अब्बास को मस्जिद से हटाने के लिए लिखित में पत्र जारी किया था जिस की कॉपी कानपुर के पुलिस कमिश्नर को भी पहुंची है। वक्फ बोर्ड का पुलिस कमिश्नर को पहुंचा था। जिसके बाद नियमानुसार पत्र थाना ग्वालटोली पहुंचा और वैधानिक कार्यवाही करने के लिए कोतवाल और चौकी प्रभारी ने जब मौलाना और उसके परिवार को वर्कबोर्ड के आदेश का अनुपालन करने के लिए कहा तो सभी ने खाकी धारियों संग जमकर अभद्रता की और उल्टे ही कोतवाल और चौकी प्रभारी पर रंगदारी आरोप लगा प्रदेश के पुलिस मुखिया डीजीपी को दुस्साहस भरा ट्वीट किया है। जिसमें लिखा गया है कि शहर काजी की औरतों और बच्चों को डराया गया है घसीट कर मारा भी गया है क्या इन पर कार्यवाही होगी दफा 384 एसएचओ ग्वालटोली और चौकी प्रभारी हसन जैदी पर लगेगी क्या।

रोटरी क्लब कानपुर आर्यन्स व रामा मेडिकल कॉलेज डॉक्टर्स एसोसिएशन ने मनाया चिकित्सक दिवस

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

रोटरी क्लब कानपुर आर्यन्स द्वारा रामा मेडिकल कॉलेज डॉक्टर्स एसोसिएशन तथा सेंटर फॉर साइट के सहयोग से बीते दिन शनिवार को चिकित्सक दिवस के अवसर पर जय नारायण विद्या मंदिर इंटर कॉलेज विकास नगर में सभी विद्यार्थियों के हेल्थ कार्ड बनवाए गए। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों का सामान्य आंख, नाक, कान गाला, रक्तचाप, डाईबेटिस आदि की जांच की गई और परामर्श दिया गया। शिविर का उदघाटन विद्यालय के प्रबंधक प्रोफेसर सुनील मिश्रा ने किया। प्रसिद्ध बाल रोग विशेषज्ञ एवं पूर्व चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक डॉ. वी. एन. त्रिपाठी ने विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा समुचित परामर्श दिया। रोटरी क्लब कानपुर आर्यन्स ने सभी 12 चिकित्सकों एवं 12 पैरा मेडिकल कर्मियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। क्लब के चार्टर अध्यक्ष डॉ. भक्ति विजय शुक्ला, चार्टर सचिव रो. मयंक गहोई, अध्यक्ष रो .राजीव कटियार, सचिव रो. अमित खन्ना, कोषाध्यक्ष रो. गोपाल शुक्ला, कार्यक्रम निदेशक रो. डॉ. बी. यन. आचार्य ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं विद्यायल के प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम निदेशक ने बताया कि यह स्वास्थ्य परीक्षण चरण बद्ध तरीके चलेगा और सभी विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण करवाने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में चार्टर अध्यक्ष रो. डॉ. भक्ति विजय शुक्ला, निवर्तमान अध्यक्ष रो.मयंक गहोई, कार्यक्रम निदेशक रो. डॉ. बी. यन. आचार्य, अध्यक्ष रो. राजीव कटियार, सचिव रो. अमित खन्ना, कोषाध्यक्ष रो. गोपाल शुक्ला आदि मौजूद रहे।

प्रतापगढ़ के लुटेरे कानपुर को बनाते थे शिकार टोयोटा शोरूम को बनाया था निशाना, गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

थाना महाराजपुर क्षेत्र में स्थित टोयोटो शोरूम में हुई 59 लाख की चोरी का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो शातिरों को गिरफ्तार किया गया। चोर प्रतापगढ़ के रहने वाले हैं जो कानपुर को अक्सर निशाना बनाते थे उनके पास से चोरी के 2832000 लाख और 1400000 लाख की एफडी, तमंचा कारतूस बरामद हुआ है। दोनों ने पनकी में एक कार शोरूम समेत कई चोरी की वारदात भी कबूली है, दोनों का आपराधिक इतिहास भी है।

विदित हो कि बीती 4 जून को थाना महाराजपुर अंतर्गत रूमा इलाके से लग्जरी टोयोटा कार शोरूम से चोरों ने 59 लाख नगद पर कर दिए थे। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई थी। मैनेजर ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था तब से पुलिस की टीम शातिरों की तलाश में जुटी थी। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है दोनों के पास से 28 लाख 32 हजार रुपए और 14 लाख की एफडी बरामद की है। पकड़े गए दोनों ही अभियुक्त शातिर चोर है।

पुलिसिया पूछताछ के दौरान उन्होंने बताया कि चोरी करने के बाद वह अपने गांव चले गए थे जहां पर उन्होंने चोरी की रकम से अपनी उधारी चुकाने के साथ-साथ अय्याशी में भी कुछ रुपए खर्च कर दिए हैं। चौंकाने वाला खुलासा करते हुए बताया कि महाराजपुर चोरी के अलावा पनकी में एक कार शोरूम में हुई चोरी के साथ साथ और भी चोरियां की है। पकड़े गए दोनों ही शातिर श्यामू उर्फ राजेश मौर्या और रंजीत प्रजापति प्रतापगढ़ जिले के रहने वाले हैं चोरी के आरोप में पहले भी जेल जा चुके हैं। उधर इस खुलासे से प्रभावित होकर पुलिस कमिश्नर बीपी जोगदंड ने पुलिस टीम को एक लाख रुपए इनाम देने की घोषणा भी की है।

कल्याणपुर के आवास विकास सत्यम विहार में सीवर ओवरफ्लो, संक्रामक बीमारियों का डर

जन एक्सप्रेस । अंकित चौधरी

कानपुर नगर। शहर में कई पॉश इलाके में रहने वाले लोग सीवर की समस्या से परेशान हैं । कल्याणपुर के आवास विकास सत्यम विहार एच सेक्टर में भी इनमें से एक है जहां सीवर का गंदा पानी चेंबर से ओवरफ्लो होकर बाहर निकल रहा है। पिछले 2 हफ्ते से बनी समस्या स्थानीय लोगों के लिए नासूर बन गई है। घरों के बाहर भर रहे गंदे पानी की वजह से अब डेंगू समेत कई संक्रामक बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ गया है क्षेत्रीय लोगों ने कहा है कि समस्या दुरुस्त नहीं हुई तो धरना प्रदर्शन किया जाएगा। कल्याणपुर

आवास विकास कई मोहल्ले महीनों से सीवर चौक की समस्या से जूझ रहे हैं सीवर का पानी गलियों में भरा रहता है इसकी शिकायत कई बार महाप्रबंधक व क्षेत्रीय जेई सुनील मौर्य से की गई है लेकिन क्षेत्रीय जेई अनसुना कर देते हैं। जेई साहब झूठा आश्वासन हर बार देते हैं समस्या जस की तस बनी रहती है। आखिर बेलगाम अधिकारी किस-किस है पर सरकार की छवि को बट्टा लगाने का काम कर रहे हैं। वहीं इन अधिकारियों की गलतियों का खामियाजा स्थानीय जनता को भुगतना पड़ रहा है। बारिश का मौसम आ चुका है और बीते 3 दिनों से शहर में लगातार बारिश हो रही है जिसकी वजह से आवास विकास के रहने वाले लोगों की समस्याएं और बढ़ गई है। एक और इस मौसम में जहां नई-नई बीमारियां पैर पसारने लगती हैं। तो दूसरी ओर अधिकारियों की लापरवाही बड़ी अनहोनी को दावत दे रही है।

सीएसजेएमयू के स्कूल ऑफ हेल्थ साइंसेस में मनाया गया राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस

जन एक्सप्रेस । प्रदीप शर्मा

कानपुर नगर। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ हेल्थ साइंसेस में कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक ने राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के उपलक्ष्य में नगर के वरिष्ठ चिकित्सकों एवं विश्वविद्यालय के एल्मुनाई का स्वागत किया। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि चिकित्सक का मुख्य धर्म सेवा है। वह अपनी चिकित्सकीय सेवाओं के कारण ही जनसामान्य का वन्दनीय और सम्माननीय बन जाता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ्य और सुन्दर समाज की संरचना में चिकित्सक का बहुमूल्य योगदान है। जिस प्रकार जब कोई समर्थ भाई अपने असमर्थ भाई की मदद करता है तो उनके

पिता को सर्वाधिक प्रसन्नता होती है ठीक उसी प्रकार समाज के सम्पन्न लोगों द्वारा असहाय लोगों की सहायता होने पर ऐसे लोगों से परमपिता परमेश्वर प्रसन्न होता है। कार्यक्रम मे स्कूल ऑफ हेल्थ साइंसेस के निदेशक डॉ. दिग्विजय शर्मा ने कहा कि कुलपति के संरक्षण व मार्गदर्शन में संस्थान द्वारा आरोग्यम पॉलीक्लीनिक के माध्यम से अनेकों स्वास्थ्य सम्बन्धी गतिविधियाँ निःशुल्क रूप से जनसामान्य के लिए संचालित हुयी हैं। इस पॉलीक्लीनिक में आप सभी चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क रूप से सेवाएँ प्रदान की जाती हैं।

सेवा के साथ शोध भी आवश्यक : कुलपति

कुलपति ने कहा कि सेवा के साथ शोध भी आवश्यक है किसी भी राष्ट्र के विकास के लिए सेवा और शोध दो आधारभूत तत्व हैं। उन्होंने सभी चिकित्सकों से कहा कि कि हम सबको सेवा और शोध को आधार बनाकर अपनी बौद्धिक और भौतिक संसाधनों को राष्ट्र के प्रति समर्पित करना चाहिए।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी अशोक कुमार त्रिपाठी, डॉ. चन्द्रशेखर, डॉ. नेहा शुक्ला, डॉ. अनामिका दीक्षित, डॉ. राम किशोर, डॉ. आदर्श कुमार श्रीवास्तव, डॉ. आमना जैदी, धीरज कुमार, वर्तिका श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

भीषण गर्मी में दस घंटे भी नहीं मिल रही बिजली

जन एक्सप्रेस। चौबेपुर। एक ओर जहां उमस वाली गर्मी ने जीना हराम कर रखा है वही चौबेपुर में 10 घंटे से भी कम विद्युत आपूर्ति हो पा रही है। जिसकी वजह से क्षेत्रीय जनता बेहाल है। प्रदेश के मुखिया योगी आदित्य नाथ जहा एक तरफ बिजली विभाग पर सख्त नजर आते हैं फिर भी विद्युत विभाग अपने विद्युत कटौती से बाज तक नहीं आ रहा जिसके चलते चौबेपुर क्षेत्र वासियो को 24 घंटे में 10 घंटे भी बिजली नहीं मिल रही हैं और जब जिम्मेदारो से बात करो तो कटौती को ऊपर से रोस्टिंग का नाम दे दिया जाता हैं और क्षेत्र वासी भीषण गर्मी में सिर्फ पसीना पोछते नजर आते हैं क्या प्रदेश के मुखिया के आदेशों को नहीं मानता विद्युत विभाग।

उद्योग बन्धु एवं व्यापारिक सुरक्षा फोरम की बैठक

उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता एवं गंभीरता से करें संबंधित : जिलाधिकारी

जन एक्सप्रेस। अमेठी

जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बन्धु एवं औद्योगिक, व्यापारिक सुरक्षा फोरम की बैठक हुई। बैठक में उद्योग व्यापार मेमोरेण्डम की समीक्षा,एक जनपद एक उत्पाद, मूंज क्राफ्ट के अन्तर्गत वित्त पोषण हेतु सहायता योजना संचालित किये जाने की स्वीकृति तथा विद्युत भार स्वीकृति एवं ऊर्जीकरण पर विचार, पूंजी निवेश, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री रोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, सीएसआर के अंतर्गत विभिन्न इकाइयों से प्राप्त प्रस्ताव की सहमति पर विचार सहित औद्योगिक संगठनों,उद्यमियों की सुरक्षा व्यवस्था तथा प्राप्त शिकायतों का निस्तारण के संबंध में समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि उद्योग बन्धु एवं औद्योगिक, व्यापारी बन्धु की समस्याओं का निराकरण सम्बन्धित अधिकारी प्राथमिकता के साथ करें और व्यापारिक सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान दिये जाये।उन्होंने कहा कि उद्यम स्थापना में कोई समस्या आ रही हो तो समिति को अवगत करायें।डीएम ने उद्योग,व्यापार संगठनों की समस्याओं को सुना तथा औद्योगिक क्षेत्र जगदीशपुर की सड़कों को उच्चिकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य के साथ जर्जर पेडों को कटवाने,नालियों एवं नालो की साफ-सफाई करवाने सहित बैंकों से सम्बन्धित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश सम्बन्धित को दिया। और कहा कि कि व्यापार बन्धुओं की समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता के साथ किया जाए। बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग,जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र राजीव कुमार पाठक ने करते हुए गत बैठक की कार्यवाही सहित बैठक के एजेण्डा बिन्दुओं को समिति के समक्ष रखा तथा बैठक में उपस्थित सभी के प्रति धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी महेन्द्र कुमार, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक विमल कुमार गुप्ता, अधिशासी अभियंता यूपीएस आईडीसी सहित अन्य संबंधित अधिकारी व उद्यमी उपस्थित रहे।

दहेज के कारण नवविवाहिता की ली जान, मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस। नसीराबाद,अमेठी

विकास खण्ड छतोह के पूरे बंधन में दुल्हन की मेहंदी भी नही छूटी, शादी के डेढ़ महीने के अंदर ही नव विवाहिता की हत्या कर दी गई। मामले में पुलिस ने छह लोगो के अभियुक्तों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न और हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। प्रिंकी पुत्री राकेश सिंह निवासी ग्राम पूरे मतऊ मजरे लहेंगा थाना नसीराबाद ने बताया कि करीब डेढ़ महीने पहले 16 मई को उसकी बहन मंजू का विवाह आकाश सिंह पुत्र विजय सिंह,निवासी पूरे बंधन सिंह मजरे आलमपुर थाना नसीराबाद के साथ हुआ था। तयशुदा रकम देने के बावजूद चार पहिया वाहन की मांग को लेकर उसके ससुरालीजन उसे मारते पीटते थे। इससे तंग आकर शादी के 13 दिन बाद 29 मई को ही वह मायके आ गई थी। 29 जून को ससुराल वाले उसे फिर बिदा करा ले गए। और पहली जुलाई को ही नवविवाहिता मंजू की मौत की खबर मिली।चिकित्सा अधिकारी मोहित सिंह ने बताया कि उसे मृत अवस्था में सीएचसी लाया गया था। मृतका के मां-बाप दिल्ली में रहते हैं। मृतिका की बहन पिंकी सिंह की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मृतका के ससुर विजय सिंह,सास लक्ष्मी सिंह,पति आकाश सिंह, देवर विशाल सिंह और नटवर सिंह तथा ननद राधा उर्फ सत्या के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न और हत्या का अभियोग पंजीकृत करके विधिक कार्यवाही कर रही है। लाश को पी एम के लिए भेजा गया है।

पहली बारिश में अमृत सरोवर ढहा, 29 लाख की लागत से हुआ था तैयार

जन एक्सप्रेस। सुलतानपुर

सांसद मेनका गांधी के संसदीय क्षेत्र में पहली बारिश में अमृत सरोवर ढह गया है। जिसका एक वीडियो सामने आया है। पार्क से लेकर चारो ओर बना मार्ग धंस गया है। लोगों का कहना है कि भ्रष्टाचार के कारण ऐसा हुआ है जिसकी जांच होना चाहिये। दरअस्ल ये पूरा मामला जिले के बल्दीराय तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत बरसावां का है। जहां अमृत सरोवर की पहली ही बारिश में कलई खुल गई है। अमृत सरोवर के चारों ओर बने पार्क व टहलने का मार्ग धंस गया है। इसे लेकर निर्माण कार्य पर तमाम तरह के सवाल खड़े हुए हैं। शासन के निर्देश पर वर्षा जल संचयन के लिए ग्राम पंचायत निधि से अमृत सरोवरों को तैयार किया जा रहा है। इन अमृत सरोवरों के चारों ओर पार्क,टहलने और बैठने की व्यवस्था की जा रही है। जिससे कि ग्रामीण सुबह-शाम टहल सकें व कुर्सियों पर बैठ सकें। ग्राम पंचायत बरसावां में ग्राम पंचायत निधि से नामित ठेकेदार के माध्यम से शीतला बाबा अमृत सरोवर का निर्माण किया गया है। जिसकी लागत 29 लाख रुपये की लागत से इस अमृत सरोवर का निर्माण कार्य किया गया है। पहली ही बारिश ने निर्माण कार्य की कलई खोल दी है। पहली बारिश से अमृत सरोवर के चारों ओर बने रास्ते ढह गए हैं। सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। बीडीओ बल्दीराय सत्य नारायण सिंह ने बताया कि इस बारे में जानकारी प्राप्त नहीं हुई है। उक्त मामले की जानकारी की जाएगी।

सगी बहनों की सर्पदंश से मौत

जन एक्सप्रेस/सुलतानपुर। दो सगी बहनों को सांप ने काट लिया, परिवार वाले उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने दोनों को ब्रॉड डेड घोषित किया है। वही दो बेटियों की मौत से गांव में मातम पसरा हुआ है। घटना जिले के कादीपुर कोतवाली क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक कादीपुर कोतवाली अंतर्गत खोजापुर गांव निवासी श्रीकृष्ण दुबे की दो पुत्रियां थी। परी (05) व सतना (15) बीती रात दोनों बहने घर के अंदर कमरे में फर्श पर सो रही थी। जहां वे सर्प दंश का शिकार हुई। सुबह बेटियां उठी नहीं तो परिवार वालों को शक हुआ। तत्काल दोनों को लेकर परिवारीजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कादीपुर लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर नेपांच वर्षीय परी को मृत घोषित कर दिया। वही दूसरी बहन सतना (15) को डॉक्टर ने राजकीय मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर के लिए रेफर किया। यहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। दोनों बेटियों की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। लोग सांत्वना देने के लिए श्रीकृष्ण दुबे के घर पर पहुंच रहे हैं। उधर कादीपुर कोतवाल रवि कुमार सिंह ने बताया कि सर्प दंश से दोनों बच्चियों की मौत हुई है। फिलहाल परिवार वालों ने पोस्टमार्टम से इनकार किया है। दोनों का गांव में ही अंतिम संस्कार कराया जा रहा है।

मुर्दों से समाज को खतरा, एडीएम कोर्ट ने सड़क हादसे में मृतक बदमाश को किया जिला बदर

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर

प्रशासन को यमलोक पहुंच चुके व्यक्तियों से भी खतरा है। तभी तो एडीएम (एफ आर) ने बिना तथ्य जाने पुलिस की रिपोर्ट पर साइन कर डाला और दो वर्ष पूर्व मृत बदमाश पर छह महीने के लिए जिला बदर की कार्रवाई किया है। कल और आज में जिले के अंदर बीस अपराधियों पर जिला बदर की कार्रवाई हुई है। जिसमें कादीपुर के एक मृत व्यक्ति पर भी प्रशासनिक हंटर चल गया। जिसको लेकर अब प्रशासनिक अधिकारियों की किरकिरी हो रही है। दरअस्ल शनिवार को अपर जिलाधिकारी मनोज पांडेय की कोर्ट से सोमवार को 10 अपराधियों के विरुद्ध जिला बदर की कार्रवाई की गई है। इसमें कादीपुर कोतवाली के अंदरायपुर निवासी वरुण सिंह पुत्र शेषनाथ सिंह को भी छह माह के लिए जिला बदर किया गया। खबर सामने आते ही परिवार वालों ने आपत्ति जाहिर की। बताया गया कि दो वर्ष पूर्व सुल्तानपुर से घर जाते समय गोसाईगंज थानाक्षेत्र के टाटिया नगर के पास कंटेनर व कार की टक्कर में वरुण की मौत हो गई थी। उस पर आधा दर्जन मुकदमे थे। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व मनोज कुमार पांडेय कहते हैं कि सूची की जांच की जा रही है। मृतक का नाम हटाने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। वही कोतवाल रवि सिंह ने बताया कि 2020 में हुई गुंडा एक्ट की कार्रवाई की रिपोर्ट न्यायालय भेजी गई थी। लगभग 1 वर्ष पूर्व जिला बदर सूची में शामिल वरुण सिंह की सड़क हादसे में मौत हो चुकी है। सूची को अपडेट कर न्यायालय भेजा जा रहा है।

शनिवार को एडीएम एफआर मनोज पाण्डेय की कोर्ट से 10 अपराधी जिला बदर किए गए हैं। गुंडा एक्ट में सुरेन्द्र यादव पुत्र ओम प्रकाश यादव उर्फ ननकऊ ग्राम सियरा भारी थाना जयसिंहपुर, आदिल पुत्र इस्तियाक ग्राम गंगेव थाना जयसिंहपुर, बब्बे सिंह पुत्र देवेन प्रताप सिंह ग्राम जोली मीरगंज थाना गोसाईगंज, इंद्रमणि तिवारी पुत्र ईश्वर नरायन तिवारी ग्राम टिकरी थाना अखण्डनगर, वरुण सिंह पुत्र शेषनाथ ग्राम अंदारायपुर कोतवाली कादीपुर, दीपक मोदनवाल पुत्र राधेश्याम मोदनवाल ग्राम कस्बा थाना मोतिगरपुर, शुभम पाण्डेय पुत्र श्याम नरायन पाण्डेय ग्राम रायबिगो कोतवाली कादीपुर, सुरजीत पुत्र पंचराज सिंह ग्राम रायविगो कोतवाली कादीपुर, आकाश सिंह उर्फ मोनू सिंह पुत्र सूर्यभान सिंह ग्राम रामदासपुर थाना गोसाईगंज को 6 माह के लिए जिला बदर किया गया है। वही शुक्रवार को डीएम के निर्देश पर मुख्य राजस्व अधिकारी शैलेन्द्र कुमार मिश्रा ने बबलू पुत्र मिहीलाल ग्राम राम नगर थाना धनपतगंज, कल्लू उर्फ रोशनलाल पुत्र शितलु हरिजन ग्राम राम नगर थाना धनपतगंज, शिवम यादव पुत्र सतीश यादव ग्राम जज्जौर थाना धनपतगंज, पिंटू यादव उर्फ प्रमोद यादव पुत्र राम चन्द्र ग्राम बरौला थाना कूरेभार, विशाल सिंह पुत्र बलवंत सिंह ग्राम बिसावा थाना बल्दीराय, जाहिर खा पुत्र जलील खा ग्राम सरकंडेडीह थाना धंमौर, अनीस पुत्र जलील ग्राम कोटिया थाना कुड़वार, गोलू उर्फ बृजमंगल व आकाश उर्फ कृष्ण मंगल पुत्र हरिप्रसाद ग्राम बांसी थाना कुड़वार, शिव मंगल पुत्र गंगा प्रसाद ग्राम बांसी थाना कुड़वार को छह महीने के लिए जिला बदर किया था।

निजी औद्योगिक पार्कों के विकास की नई योजना प्रारम्भ

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

उ0प्र0 सरकार वैश्विक निवेशक सम्मेलन के पश्चात निवेशको के प्रस्तावों को धरातल पर लाये जाने हेतु आवश्यक औद्योगिक भूमि की आवश्यकता को पूर्ण करने हेतु निजी औद्योगिक पार्कों के विकास की नई योजना प्रारम्भ की गई है। उक्त योजना का नाम PLEDGE (Promotion Leadership and Enterprise for Development of Growth Engines) है। इस योजना में औद्योगिक पार्कों को निजी प्रवर्तक द्वारा Build Own Operate (BOO) के आधार पर संचालित किया जायेगा। योजनान्तर्गत 10 से 50 एकड़ तक की भूमि पर औद्योगिक पार्क विकसित किया जा सकेगा। योजना में बनाये जाने वाले औद्योगिक पार्क में न्यूनतम एक एकड़ 01 इकाई को भूखण्ड आवंटन का प्रावधान होगा तथा कुल विकसित औद्यौगिक क्षेत्र में 75 प्रतिशत भूखण्ड सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम इकाईयों के लिए आरक्षित रहेगा। औद्यौगिक पार्क के विकास हेतु आवश्यक धनराशि भूमि के मूल्य का 90 प्रतिशत जिलाधिकारी दर पर आवश्यक धनराशि में से जो कम हो, 01 प्रतिशत ब्याज दर पर सरकार द्वारा उपलब्ध करायी जायेगी। शेष 10 प्रतिशत धनराशि निजी प्रवर्तक द्वारा स्वयं के स्त्रोतो अथवा बैंक ऋण से करनी होगी। औद्यौगिक पार्क के विकास की लागत गणना अधिकतम रूपये 50 लाख प्रति एकड़ की दर से दी जायेगी। पार्क में आवश्यक अवस्थापना सुविधाओं जैसे-बाउंड्री वाल/फेन्सिंग, आंतरिक मार्ग (कंक्रीट रोड), नाली, कल्वर्ट, विद्युत संयोजन मय ट्रांफारमर, पेयजल सुविधा व सीवेज इत्यादि का विकास मानक के अनुरूप करना होगा।

आईएमए द्वारा डाक्टर्स डे पर रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन

जन एक्सप्रेस/रायबरेली। डाक्टर्स डे के अवसर पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और अमर सेनानी राना बेनी माधव बक्स सिंह स्मारक समिति के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आई एम ए के चिकित्सकों द्वारा रक्तदान किया। वही राना बेनी माधव बख्श सिंह स्मारक समिति की ओर से रक्तदान करने वाले सभी चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष इंद्रेश विक्रम सिंह ने किया। रक्तदान करने वाले चिकित्सकों को राना बेनीमाधव बक्स सिंह स्मारक समिति द्वारा सम्मानित किया गया। डॉक्टर्स डे के अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राणा बेनी माधव बखश स्मारक समिति के अध्यक्ष इंद्रेश विक्रम सिंह ने कहा कि समाज की सेवा करना एक पुनीत काम है, जिसका निर्माण आई0एम0ए0 के चिकित्सक कर रहे हैं।

जिला पंचायत सदस्य के प्रतिनिधि ने की ठगी, पुलिस जांच में जुटी

जन एक्सप्रेस। सुलतानपुर

जानलेवा हमले के मामले से बचाने के लिए जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि ने पीड़ित को बचाने के लिए एक लाख बीस हजार रुपए लिए। अंत में जिस युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था उसे जेल जाना पड़ा। परिवार वालों ने जब जिला पंचायत सदस्य के प्रतिनिधि से पैसे वापस मांगे तो उसने धमकी देते हुए गालियां दी। जिसकी शिकायत पीड़ित ने पुलिस में की है। मामला बल्दीराय थानाक्षेत्र के रामपुर थुआ गांव का है। गांव निवासी देवी प्रसाद पांडेय पुत्र राम नारायण ने बताया कि 27 जनवरी को विष्णु आनंद पांडेय से मेरा झगड़ा हो गया था। इस मामले में मेरे खिलाफ जानलेवा हमले सहित मारपीट का केस दर्ज हो गया। इससे मैं बहुत परेशान था। तभी क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि विजय कुमार उर्फ बब्लू फाइटर से भेंट हुई। मैने उन्हें पूरा मामला बताया। उन्होंने मुझे अपने घर बुलाया और पता नहीं किससे फोन पर बात किया और फिर कहा कि एक लाख बीस हजार रुपए की व्यवस्था करो मैं पूरा मामला खत्म करा दूंगा तुम्हें जेल नहीं जाना पड़ेगा। देवी प्रसाद का कहना है एक फरवरी को मैने बीस हजार रुपए उन्हें दिए। 20 फरवरी को उन्होंने एक लाख रुपए और मांगे, मैं स्वयं लखनऊ में था ऐसे में मैने अपने मित्र सोनू मोदनवाल से दिलाया। बावजूद पैसे देने के भी मेरा नाम नहीं निकला और मुझे जेल जाना पड़ा। मेरे जेल जाने के बाद पत्नी ने दवा व जमानत के लिए पैसे मांगे तो उसने पैसे वापस नहीं लौटाए। इसके बाद जब अब मैं पैसे मांग रहा हूं तो वो गालियां दे रहा है। जान से मारने की धमकी दे रहा है। जिसको लेकर देवी प्रसाद ने बल्दीराय थाने पर लिखित तहरीर दी है। पैसे के लेन देन की ऑडियो रिकार्डिंग भी उसने पुलिस को दी है। जिसके आधार पर पुलिस जांच कर कार्रवाई की बात कह रही है।

पूर्व प्रधान के घर छापेमारी, लाखों रुपए कीमत का नकली हार्पिक, टाटा चाय पत्ती बरामद

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर

हिंदुस्तान यूनिलीवर कंपनी के अधिकारियों ने पुलिस के साथ एक पूर्व प्रधान के घर पर छापा मारा। जिसमें लाखों रुपए कीमत का कंपनी का तैयार नकली माल पकड़ा गया है। आरोपी पूर्व प्रधान के पुत्र को भी पुलिस ने हिरासत में लिया है।

कूरेभार थानाक्षेत्र के गुसारगंज बाजार में पूर्व प्रधान मोहनलाल मोदनवाल के आवास पर हिन्दुस्तान यूनिलीवर कंपनी का नकली माल तैयार हो रहा था। इसकी सूचना मिलने पर कंपनी के अधिकारी जनार्दन वर्मा ने स्थानीय पुलिस का सहयोग लिया। पुलिस ने कंपनी के अधिकारी की शिकायत पर शुक्रवार को रेड मारा। रेड में टाटा प्रीमियम चाय का 250ग्राम का 1710 पीस, टाटा का 3120 पाऊच, खुली चायपत्ती 30 किलो बरामद हुआ है। इसी तरह मेरिका जास्मीन तेल 180एमएल का 1910 पीस, खाली डिब्बा 3310 पीस, स्टीकर 19660 पीस और 20 लीटर तेल पकड़ा गया। वहीं 500एमएल हार्पिक 790 पीस, खाली शीशी 1320 पीस और 30 लीटर हार्पिक बरामद हुआ है। पुलिस ने पूर्व प्रधान के पुत्र सुशील मोदनवाल को हिरासत में लिया है। पुलिस सुशील से जांच पड़ताल कर रही है।

नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि ने किया संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारम्भ

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान और दस्तक अभियान का शुभारम्भ मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के एएनएम प्रशिक्षण सभागार में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि वीरेंद्र यादव द्वारा किया गया, इस मौके पर उन्होंने और कांग्रेस नेता राहुल बाजपेई ने अभियान में लगे छिड़काव, सेनिटाइजेशन, फॉगिंग व प्रचारदृप्रसार वाहनों को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

संचारी रोग नियन्त्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा0 कृष्णा ने कहा कि यह अभियान साल का दूसरा अभियान है हर साल तीन बार यह अभियान चलाया जाता है। इस अभियान के तहत लोगों को मच्छरजनित बीमारियों से बचाव, साफ सफाई के महत्व के बारे में जागरूक किया जाएगा तथा विभिन्न विभागों के द्वारा सफाई संबंधी गतिविधियां आयोजित की जायेंगी। जिला मलेरिया अधिकारी भीखू उल्लाह ने कहा कि संचारी रोगों पर नियंत्रण और इसको लेकर समय-समय पर अभियान चलाना मुख्यमंत्री की पहल से ही संभव हो पाया हैं। इसी के तहत यह अभियान शुरू किया जा रहा है जो पूरे जुलाई माह चलेगा। इसके साथ ही 17 से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान भी चलाया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के साथ पंचायती राज, ग्राम्य विकास, नगर विकास, चिकित्सा शिक्षा, बाल विकास एवं पुष्टाहार, शिक्षा, दिव्य जन कल्याण, पशु पालन, कृषि एवं सूचना विभाग भी अभियान में सहयोग करेंगे। यूनिसेफ से वंदना त्रिपाठी ने कहा कि सभी लोगों की भागीदारी से यह अभियान सफल हो पाएगा। मच्छरजनित बीमारियाँ जैसे डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, जापानी इंसिफेलाइटिस से बचना है तो हमें यह प्रयास करना चाहिए कि मच्छर पनपने ही न पाएँ इसके लिए सभी को प्रयास करना चाहिए। फाइलेरिया इंस्पेक्टर अरुण ने कहा-दस्तक अभियान के दौरान आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर बुखार के रोगियों, इंफ्लुएंजा लाइक इलनेस (आईएलआई) के रोगियों, क्षय रोग के संभावित लक्षणयुक्त व्यक्तियों एवं कुपोषित बच्चों की सूची बनाएंगी। इसके साथ ही क्षेत्रवार ऐसे मकानों की सूची भी बनायेंगी जहां घरों के भीतर मच्छरों का प्रजनन पाया गया है। आशा कार्यकर्ता उन घरों के प्रमुख स्थानों पर स्टीकर लगायेंगी जिन घरों में 15 वर्ष से कम आयु के बच्चे हैं या क्षय रोग के लक्षणयुक्त व्यक्ति हैं। आशा कार्यकर्ता लोगों को इस बात के लिए जागरूक करें एवं यह जरूर सुनिश्चित करें कि बुखार होने पर खुद से कोई इलाज न करें, नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर बुखार की जांच कराएं। इस मौके पर सहायक मलेरिया अधिकारी अखिलेश बहादुर सिंह अनिल क्रिस्टोफर मेसी, समस्त मलेरिया एवं फाइलेरिया निरीक्षक, यूनिसेफ और पाथ के प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त 193 शिकायतों में 08 शिकायत का मौके पर हुआ निस्तारण

जिलाधिकारी ने तहसील लालगंज संपूर्ण समाधान दिवस में लोगों की समस्याओं को सुना, निस्तारण के दिये निर्देश

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

जिलाधिकारी श्रीमती माला श्रीवास्तव की अध्यक्षता में तहसील लालगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने आए हुए फरियादियों की समस्या सुनकर सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली जन समस्याओं को गंभीरता से सुनें तथा जन समस्याओं की शिकायतों का निस्तारण भी कराना सुनिश्चित करें। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान राजस्व विभाग, पुलिस विभाग तथा विकास विभाग सहित अन्य विभागों से संबंधित प्राप्त हुई। जिनके निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जन सामान्य के कल्याणार्थ संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को दिया जाना सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि शहरी व ग्रामीणों के शिकायती पत्र प्राप्त होते ही तुरन्त कार्यवाही अमल में लाई जाए ताकि तत्समय मौके पर ही निस्तारण किया जा सके। तहसील लालगंज के सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 193 शिकायत प्राप्त हुई जिनमें से 08 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने कहा जिन विभागों की शिकायतों का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका है संबंधित अधिकारी स्थलीय निरीक्षण कर शिकायतों का गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा जो भी निस्तारण किया जाए वह ससमय व गुणवत्तापूर्ण किया जाए, इसके किसी भी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही न बरती जाए। इसी दौरान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने तहसील प्रांगण में आंवला के पौधारोपण भी किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती पूजा यादव, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 वीरेन्द्र सिंह, एसडीएम व तहसीलदार लालगंज सहित जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

janexpressnews janexpresslive janexpresslive

लखनऊ एक्सप्रेस

तापमान

	अधिकतम	न्यूनतम
लखनऊ	37°C	26°C
कानपुर	39°C	28°C
देहरादून	31°C	26°C
नई दिल्ली	38°C	27°C

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस । | लखनऊ । रविवार । 02 जुलाई 2023

50 फीसदी घरों तक पहुंची 'हर घर जल योजना'

प्रदेश के 1 करोड़ 33 लाख ग्रामीण परिवारों को मिला लाभ

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

यूपी में जल जीवन मिशन की हर घर जल योजना ने शनिवार को ग्रामीण परिवारों तक नल से स्वच्छ जल पहुंचाने का 50 फीसदी आंकड़ा पार किया। प्रधानमंत्री के विजन पर मिशन की तरह कार्य कर रही योगी सरकार ने इस महत्वाकांक्षी योजना के आधे सफर को पूरा करते हुए प्रदेश के 1,33,25,752 ग्रामीण परिवारों तक हर घर जल पहुंचाने की उपलब्धि हासिल की है। अब तक करीब 7,99,54,512 ग्रामीणों को योजना के लाभ से जोड़ दिया है। बता दें कि हर घर जल योजना से वर्ष 2024 तक 2 करोड़ 66 लाख से अधिक ग्रामीण परिवारों को नल से स्वच्छ जल प्रदान किया जाना है। भारत सरकार के अधिकारियों ने तेजी से लक्ष्य प्राप्ति की ओर बढ़ रही योगी सरकार की इस बड़ी उपलब्धि पर बधाई दी है।

नल कनेक्शन देने में बुंदेलखंड का महोबा नम्बर वन

योगी सरकार की इस उपलब्धि में बुंदेलखंड और विन्ध्य के 9 जिलों के दूरस्थ इलाके भी शामिल हैं। बुंदेलखंड के सात जिलों में हर घर जल योजना से करीब 11,78,927 ग्रामीण परिवारों तक नल से स्वच्छ पेयजल की धार पहुंच रही है। नल कनेक्शन देने के मामले में बुंदेलखंड का महोबा जिला नम्बर एक पर है। महोबा में 91.88 फीसदी ग्रामीण परिवारों तक हर घर जल पहुंचा दिया गया है। विन्ध्य में भी योजना से 4,74,244 ग्रामीण परिवारों को योजना का लाभ दिया जा चुका है। पूर्वांचल के 27 जिलों में 80,26,883 ग्रामीण परिवारों के कुल 4 करोड़ 81 लाख से अधिक ग्रामीणों तक हर घर नल से जल पहुंच रहा है।

'एक नल-एक पेड़' अभियान का शुभारंभ

वहीं मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की ओर से प्रदेश में 1 से 7 जुलाई तक चलने वाले 'एक नल-एक पेड़' अभियान का शुभारंभ शनिवार को किया गया। इस दौरान पौधरोपण के साथ जल समिति की महिलाओं व नल कनेक्शन दिए जाने वाली ग्रामीण महिलाओं को उपहार स्वरूप पौधे भेंट कर 'एक नल एक पेड़' कैंपेन का शुभारंभ किया गया। बता दें कि 1 से 7 जुलाई तक राज्य में करीब 5 लाख से अधिक ग्रामीण परिवारों को नल कनेक्शन देने के साथ पौधा रोपण भी किया जाएगा।

ट्विटर पर छाया रहा #UPTreeForTap

नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग द्वारा यूपी में 50 फीसदी ग्रामीण परिवारों को नल कनेक्शन देने और एक पेड़-एक नल अभियान के शुभारंभ अवसर पर ट्विटर पर #UPTreeForTap छाया रहा। इस ट्वीट के पक्ष में जमकर ट्वीट, रिट्वीट और लाइक किये गये। लोगों ने सोशल मीडिया पर ट्रेंड हुए इस हैशटैग पर राज्य सरकार को बधाईयां दीं।

पश्चिमी यूपी के 26 जिलों में योजना का लाभ मिला है

पश्चिमी यूपी के 26 जिलों में योजना से 63,28,887 ग्रामीण परिवारों को जीवन मिशन की हर घर जल योजना से स्वच्छ जल की सौगात मिल गई है। जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने योजना की इस उपलब्धि पर अधिकारियों से उम्मीद जताई है और साथ में आह्वान भी किया है कि निर्धारित समय से पहले यूपी में हर घर जल योजना के लक्ष्य को पूरा कर देश के सामने एक मिसाल कायम करें।

अखिलेश के जन्मदिन पर लगाया पोस्टर, लिखा-भावी प्रधानमंत्री

योगी ने किया ट्वीट-श्रीराम से आपके अच्छे स्वास्थ्य की कामना है; मायावती ने दी बधाई

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

अखिलेश यादव के जन्मदिन पर लगे पोस्टर में उन्हें भावी प्रधानमंत्री बताया गया है। सपा प्रवक्ता की तरफ से बधाई पोस्टर को सपा कार्यालय के बाहर लगाया गया है। वहीं, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा प्रमुख को को जन्मदिन की बधाई दी। बसपा प्रमुख मायावती ने ट्वीट करके अखिलेश यादव की लंबी उम्र की कामना की है।

शनिवार को अखिलेश यादव के जन्मदिन पर सपा प्रवक्ता अनुराग भदौरिया ने 50 सेकेंड का शीर्ष आसान करके बधाई दी। वहीं, यूपी के सभी शहरों के जिला कार्यालयों में आज अखिलेश यादव का जन्मदिन मनाया जा रहा है। सपा कार्यकर्ताओं ने लखनऊ के हजरतगंज हनुमान मंदिर में हवन-पूजन किया। अखिलेश आज बाराबंकी में लखनऊ पब्लिक स्कूल का उद्घाटन करने भी पहुंच रहे हैं।

अखिलेश के जन्मदिन पर यूपी की सियासत हावी है। प्रवक्ता फखरूल हसन चांद ने सपा कार्यालय के बाहर होर्डिंग लगवाए हैं। जिस पर लिखा है, देश के भावी प्रधानमंत्री अखिलेश यादव को जन्मदिन की बधाई। ये होर्डिंग चर्चा में बना हुआ है। फखरुल छात्र राजनीति करते हुए पॉलिटिक्स में आए हैं। मौजूदा वक्त में वो सपा प्रवक्ता है। लखनऊ में ही उनका घर है।

कार्यकर्ता कर रहे पौधरोपण

पहली जुलाई को यूपी में पौधरोपण हो रहा है। बाराबंकी में पौधरोपण के विशेष कार्यक्रम में अखिलेश भी शामिल हो सकते हैं। वहीं, हर जिले में पौधरोपण किया जा रहा है। लखनऊ में अखिलेश यादव के जन्मदिन पर शुक्रवार को हजरतगंज स्थित हनुमान मंदिर में पूजन और पाठ का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम समेत कई पदाधिकारी भी शामिल रहे।

वाराणसी में ब्लड डोनेशन

सपा प्रमुख अखिलेश यादव के जन्मदिन पर वाराणसी के कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों के गाना ब्लड डोनेशन का कार्यक्रम भी आयोजन किया गया इस दौरान करीब 50 से ज्यादा कार्यकर्ताओं ने ब्लड डोनेशन करके अखिलेश यादव के जन्मदिन मनाया।

लखनऊ में आईआईए अध्यक्ष और टीम का शपथ ग्रहण समारोह

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ में शनिवार को इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष और पदाधिकारियों ने शपथ ली। इसी के साथ आईआईए के नए कार्यात्मक सत्र 2023-24 की शुरुआत भी हुई। इस समारोह के चीफ गेस्ट आईएएस अमित मोहन प्रसाद, अपर मुख्य सचिव एमएसएमई एवं निर्यात प्रोत्साहन उत्तर प्रदेश थे।

इस मौके पर आईआईए के निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष ने नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष, नीरज सिंघल को आईआईए का झंडा हस्तगत करते हुए कार्यभार सौंपा। फिर नीरज सिंघल ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश गोयल, महासचिव आलोक अग्रवाल, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अवधेश अग्रवाल समेत 40 पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इन सभी नए पदाधिकारियों को चीफ गेस्ट अमित मोहन प्रसाद ने शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग प्रदेश और देश की अर्थव्यवस्था की रीड की हड्डी है। मुझे पता है कि इस सेक्टर के सामने समस्याएं आती रहती हैं। लेकिन इन सभी समस्याओं का समाधान भी संभव है। अगर हम इनके मूल में जाकर नियोजित से रूप से काम करेंगे।

अमित मोहन प्रसाद ने ये भी बताया कि उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन 21 से 25 सितम्बर 2023 तक एक्स्पोमार्ट ग्रेटर नॉएडा में किया जायेगा। जिसमें पूरे देश के अतिरिक्त 400 अंतर्राष्ट्रीय ग्राहक भी आएंगे। आईआईए के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि ÷इस कार्यात्मक वर्ष 2023-24 में हम सभी मिलकर एमएसएमई के उत्थान के लिए काम करेंगे। हमें उद्यमी के रूप में निरंतर सीखने और कौशल विकास को प्राथमिकता देनी चाहिए, जिसके लिए आईआईए विभिन्न कार्यशालाओं और सेमिनार्स का आयोजन करेगा।

लखनऊ में सीलिंग के विरोध में व्यापारियों ने निकाला मार्च

आवास विकास प्रशासन के खिलाफ की नारेबाजी, मास्टर प्लान बनाने की मांग

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

इंदिरा नगर में आवास विभाग की तरफ से कारोबारियों को भेजे गए नोटिस का विरोध शुरू हो गया है। शनिवार को उप्र आदर्श व्यापार मंडल के बैनर तले कारोबारियों ने आवास विकास विभाग के खिलाफ मार्च निकाला। मांग की गई कि जनता की आवश्यकता के अनुसार मास्टर प्लान में बदलाव करने की जरूरत है।

व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने कहा इंदिरा नगर 40 वर्ष पुराना क्षेत्र है। उस समय की आवश्यकता एवं वर्तमान में भारी बदलाव आ चुका है। उन्होंने कहा, इंदिरा नगर क्षेत्र सहित लखनऊ के सभी इलाकों में जनसंख्या का घनत्व बढ़ गया है। आवास विकास विभाग द्वारा उस समय भी पर्याप्त व्यवसायिक स्थल अपने योजना में नहीं छोड़े थे। केवल मात्र 5 प्रतिशत ही पूरे क्षेत्र में कॉमर्शियल गतिविधियों के लिए भूखंड उपलब्ध हुए थे अब वर्तमान समय में जनसंख्या का घनत्व बहुत ज्यादा बढ़ गया है।

मास्टर प्लान में बदलाव की जरूरत व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने कहा, जनता की आवश्यकता के अनुसार सरकार को मास्टर प्लान में बदलाव करना चाहिए। नीति बनाकर व्यापारी को नियमित करना चाहिए। उन्होंने कहा व्यापारी भू उपयोग परिवर्तन का शुल्क भी जमा करने को तैयार है। व्यापारियों को नई योजना बनाकर भू उपयोग परिवर्तन की अनुमति मिलनी चाहिए।

जानकारों का कहना है कि आवास विकास ने अभी तक इंदिरा नगर इलाके में करीब 1000 लोगों को नोटिस दे चुका है। इसमें वह सभी लोग शामिल है, जिसने आवासीय जमीन पर कॉमर्शियल काम किया है। यहां तक की अगर किसी ने घर में एक छोटा सा जनरल स्टोर भी खोला है तो उसको भी नोटिस दिया गया था। पैदल मार्च एवं विरोध प्रदर्शन में संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष पवन जयसवाल, अमिताभ श्रीवास्तव, विनीत कोहली, हिमांशु भट्ट, गोपाल अग्रवाल, विक्की दयालानी, प्रदीप सचदेवा , निखिल तोलानी, राजीव अरोड़ा, सूरज जसवानी, अनिल अग्रवाल, तरुण वाधवानी, इमरान, निखिल विश्नन्नी, संजय सोनकर सहित बड़ी संख्या में व्यापारी शामिल थे।

15 अगस्त से लागू होगी मुख्यमंत्री सूक्ष्म उद्यमी दुर्घटना बीमा योजना

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

छोटी इकाइयों के पंजीकरण को प्रोत्साहित करने के लिए मुख्यमंत्री सूक्ष्म उद्यमी दुर्घटना बीमा योजना 15 अगस्त से लागू होगी। योजना पांच साल तक प्रभावी रहेगी। योजना के तहत पंजीकरण शुरू हो गए हैं। इस संबंध में अपर मुख्य सचिव एमएसएमई अमित मोहन प्रसाद ने दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

प्रदेश में कुल एमएसएमई इकाइयों में से 85 फीसदी बिना पंजीकरण के ही काम कर रही हैं। उद्यम रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य न होने से एमएसएमई सेक्टर की अर्थव्यवस्था में इनकी वास्तविक हिस्सेदारी का पता नहीं चल पाता और नीतियां बनाने में दिक्कत होती है। योजना का मकसद असंगठित क्षेत्र में काम कर रहीं छोटी इकाइयों को संगठित क्षेत्र में लाना है। इससे इन इकाइयों को सरकारी योजनाओं का लाभ भी मिल सकेगा। उद्योग निदेशालय केंद्र सरकार के यूआरसी पोर्टल पर इन इकाइयों को पंजीकृत कराएगा। योजना में 15 अगस्त तक पंजीकृत सभी उद्यमियों को 30 जून 2024 तक बीमा कवर दिया जाएगा। फिर अगले वित्तीय वर्षों में 30 जून तक पंजीकृत होने वाले उद्यमियों को एक जुलाई से तीस जून तक बीमा कवर दिया जाएगा।

जीएसटी में पंजीकृत उद्यमियों को लाभ नहीं

जीएसटी में पंजीकृत कारोबारियों को योजना का लाभ नहीं मिलेगा क्योंकि उनके लिए अलग से मुख्यमंत्री व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना है। मुख्यमंत्री सूक्ष्म उद्यमी दुर्घटना बीमा योजना में 18 से 60 वर्ष तक के उद्यमी के दुर्घटनाग्रस्त होने पर पांच लाख रुपये की मदद दी जाएगी। पूरी प्रक्रिया आनलाइन होगी। योजना का लाभ लेने के लिए उद्यमी दस रुपये के स्टांप पेपर पर शपथ पत्र ऑनलाइन अपलोड करेगा। ऑनलाइन पंजीकरण कराते ही योजना के अंतर्गत उसे पात्रता प्रमाण पत्र मिल जाएगा।

लखनऊ के आईएमए भवन में मनाया डॉक्टर्स डे-डॉक्टर्स से जुड़े कई मुद्दों पर हुई चर्चा

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। नेशनल डॉक्टर्स डे पर लखनऊ के आईएमए भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और लखनऊ नर्सिंग होम ओनर्स एसोसिएशन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में बेहतर कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया। नेशनल डॉक्टर्स डे, डॉ बीसी रॉय के जन्मदिन पर मनाया जाता है। वो डॉक्टर के साथ-साथ वेस्ट बंगाल के दूसरे सीएम भी थे। उन्होंने मेडिकल एजुकेशन और हेल्थ सुविधाओं को बढ़ावा देने में अहम योगदान दिया था। कार्यक्रम में यूपी के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह चीफ गेस्ट रहे। वहीं लखनऊ मेयर, सुषमा खरकवाल स्पेशल गेस्ट के तौर पर पहुंची। इस दौरान आईएमए प्रेसिडेंट डॉ जेडी रावत, सेक्रेटरी डॉ संजय सक्सेना, एलएनएचए प्रेसिडेंट डॉ अनूप अग्रवाल भी मौजूद रहे। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन और डॉ बीसी रॉय की तस्वीर पर माल्यार्पण से हुई। स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि डॉक्टर्स समाज के सम्मानित वर्ग में गिने जाते हैं। मानव क्षेत्र में जितना काम ये करते हैं, शायद ही उतना कोई करता हो। उन्होंने डॉक्टर्स द्वारा लोगों की सेहत को ठीक कर देश में योगदान देने की सराहना की। इस दौरान उन्होंने शहर के विशिष्ट डॉक्टर्स को उनके योगदान के लिए सम्मानित भी किया। सम्मानित होने वालों में डॉ एएम खान, डॉ एके जैन, डॉ एपी सिंह व डॉ अभिषेक शुक्ला शामिल रहे। इस दौरान कार्यक्रम में आए कई डॉक्टर्स ने अपने पेशे से जुड़े मुद्दों पर चर्चा भी की। एलएनएचए के प्रेसिडेंट अनूप अग्रवाल ने हाल ही में इंदिरा नगर में नर्सिंग होम को सील करने पर मंत्री स्वतंत्र देव सिंह से शिकायत की। उन्होंने कहा कि फ़सर कई सालों से हम कुछ परेशानियां फेस कर रहे हैं। कल आपने देखा इंदिरा नगर में हॉस्पिटल सील किया गया। लखनऊ में जो छोटे नर्सिंग होम हैं। वो शहर की बड़ी पॉपुलेशन को केटर करते हैं। इनको अचानक से बंद करना गलत होगा। हमे लगता है एक ओटीएस स्कीम आनी चाहिए, जिससे इन छोटे नर्सिंग होम को रेगुलाइज किया जा सके।

नॉन जेडए की श्रेणी 8 की बेची जमीन, जिलाधिकारी से न्याय की गुहार

जन एक्सप्रेस। झाँसी

जमीन कारोबारी कैसे-कैसे खेल खेलते हैं, इसका प्रमाण बीते दिन उस समय देखने को मिला, जब एक पीड़ित ने जिलाधिकारी को प्रार्थना-पत्र दिया। इसमें नॉन जेडए की श्रेणी 8 की जमीन बेच डालने के साक्ष्य प्रस्तुत किए गए हैं। जिलाधिकारी ने मामले को गम्भीरता से लेते हुए जाँच के आदेश कर दिये हैं।

कोतवाली के मऊरानीपुर ग्राम पुरानी मऊ निवासी गणेश सिंह ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र के साथ ही साक्ष्य देते हुए बताया कि मौजा मऊ तहसील मऊरानीपुर स्थित नान जेडीए भूमि मोहाल बहोरन सिंह के खसरा नंबर 551/552/558 के 1/1भाग के मालिक हैं। उक्त खातों को उसके पिता ने रघुनाथ दास बुंदेलखंड विद्या मंदिर इंटर कालेज के क्रीड़ा स्थल हेतु पट्टा दिया था। पत्र में बताया कि कानूनन पट्टेदारों को बैनामा करने बेचने का कोई अधिकार नहीं होता है। आरोप लगाया कि गलत तरीके से नगर पालिका परिषद मऊरानीपुर से कूटरचित दस्तावेज तैयार करके दिलीप कुमार सरावगी पुत्र रघुवर दयाल सरावगी ने गलत तरीके से अपनी भूमि दर्शाकर बैनामा किया गया। और विद्यालय प्रबंधक बद्री प्रसाद बरसैंया और कैलाश बरसैंया द्वारा दर्जनों लोगों को स्टाम्प पेपर पर जमीन बेच दी तथा बैनामे करा दिये।

शिकायती पत्र में बताया कि मौरूसी काश्तकार, जिन्हें पट्टा विलेख के अन्तर्गत भूमि के विक्रय अथवा किसी भी अन्य प्रकार से भूमि के हस्तान्तरण के अधिकार प्राप्त नहीं हैं। इसके बाद भी अनाधिकृत एवं गोपनीय तरीके से भूमि को बेचा जा रहा है। जिलाधिकारी से मांग की है कि उप निबन्धक मऊरानीपुर को आदेशित करें कि विक्रय व हस्तान्तरण से सम्बन्धित ऐसे किसी भी विलेख को अपने कार्यालय में पंजीकृत न होने दें व तहसीलदार ऐसी विक्रीत भूमि का नामांतरण न करें। पत्र में गैर कानूनी बैनामों को शून्य घोषित करने व नामान्तरण प्रक्रिया को निरस्त करके दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की माँग की गई है। तथा विद्यालय प्रबंधक द्वारा अवैध रूप से बेची गई क्रीड़ा स्थल भूमि को खाली कराया जाए। अथवा पट्टा खारिज कर विद्यालय की मान्यता समाप्त की जावे। जिलाधिकारी ल ने शिकायती पत्र व साक्ष्यों को देखते हुए शिकायतकर्ता को जाँच का आश्वासन दिया है।

यूपी के स्कूलों में 5 से 31 जुलाई तक चलेगा विशेष अभियान

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

ग्रीष्मकालीन अवकाश के समापन के साथ ही योगी सरकार प्रदेश के समस्त परिषदीय, अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों एवं मदरसों में पठन पाठन के साथ ही मध्यान्ह भोजन वितरण के साथ-साथ अवस्थापना, सपोर्टिव सुपरविजन एवं अकादमिक कार्यक्रमों के कियान्वयन समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित करने में जुट गई है। इसी क्रम में सरकार ने 5 जुलाई से 31 जुलाई की अवधि में सभी विद्यालयों मे विशेष निरीक्षण अभियान संचालित किए जाने का निर्णय लिया है। निरीक्षण के दौरान देखा जाएगा कि विद्यालयों में शुद्ध पेयजल, मिड डे मील, शौचालय समेत अन्य जरूरी सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं या नहीं। इसके अतिरिक्त, शिक्षक समय पर आ रहे है कि नहीं और छात्रों की संख्या एवं उन्हें पाठ्य पुस्तकों के वितरण से संबंधित विवरण की भी जांच की जाएगी। महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरण आनंद की ओर से समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को दिए गए निर्देशों में 5 से 31 जुलाई के बीच निर्धारित विशेष निरीक्षण अभियान को जपदीय अधिकारियों द्वारा महत्व प्रदान करते हुए सुनियोजित एवं प्रभावी ढंग से आयोजित कराने की आवश्यकता पर जोर दिया है। साथ ही अभियान की प्रगति की सूचना पाक्षिक रूप से 15 जुलाई तथा 31 जुलाई को अनिवार्य रूप से राज्य परियोजना कार्यालय के साथ-साथ मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण कार्यालय को उपलब्ध कराने का भी आदेश दिया गया है। इससे पूर्व भी विद्यालयों के निरीक्षण की कार्यवाही की गई है। प्रेरणा निरीक्षण मॉडयूल से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल 2023 में जनपद, विकास खंड स्तरीय टास्क फोर्स, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों, समस्त जिला समन्वयकों, एआरपी एवं एसआरजी तथा डायट मेंटर्स द्वारा 1,65,065 तथा मई 2023 (19 मई, 2023 तक) में 1,22,137 विद्यालयों का निरीक्षण किया गया है जो संतोषजनक स्थिति प्रदर्शित करता है।

निरीक्षण में इन बिन्दुओं पर दिया जाएगा ध्यान

- विद्यालय में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता
- बालक/बालिकाओं के लिए अलग अलग क्रियाशील शौचालय की उपलब्धता
- कायाकल्प के अन्तर्गत 19 पैरामीटर संतृप्त है अथवा नहीं
- मध्यान्ह भोजन उचित व्यवस्था के साथ बच्चों को वितरित किया जा रहा है
- प्रत्येक सोमवार को फल तथा प्रत्येक बुधवार को दूध वितरित किया जा रहा है अथवा नहीं
- एमडीएम रजिस्टर में दर्ज कुल छात्र-छात्राओं की संख्या
- निरीक्षण के दिन मध्यान्ह भोजन ग्रहण करने वाले छात्र-छात्राओं की संख्या
- विद्यालय में तैनात शिक्षक, शिक्षामित्र तथा अनुदेशक की संख्या
- अनुपस्थित शिक्षक, शिक्षामित्र तथा अनुदेशक का विवरण

ब्रांड प्रमोशन को लखनऊ पहुंचीं मलाइका अरोड़ा

फैंस के सामने शायरी सुनाने की रखी डिमांड, पोज देकर जीता लोगों का दिल

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

मलाइका अरोड़ा शनिवार को लखनऊ एक निजी मॉल में ब्रांड प्रमोशन के लिए पहुंची। उनके आने की सूचना मिलते ही फैंस की भीड़ लग गई। फैंस को देखकर मलाइका भी काफी खुश नजर आईं। इस दौरान मलाइका ने लोगों से जमकर बातें की। उन्होंने वहां लोगों से कहा, मैं लखनऊ में हूं क्या आप मेरे लिए कुछ शेरों शायरी नहीं पढ़ेंगे। इसके बाद लोगों ने उनकी तारीफ में शायरी पढ़नी शुरू कर दी। वहीं फैंस ने भी उनसे पोज देने की डिमांड कर दी। वहीं मलाइका ने फैंस को निराश नहीं किया। मलाइका जिस ब्रांड के प्रमोशन के लिए लखनऊ पहुंची थी उसी का ट्रैक सूट उन्होंने पहन रखा था। 48 साल की उम्र में भी उनकी फिटनेस देखकर वहां मौजूद सभी लोग अचंभित थे। यहां तक कि कुछ लोगों ने उनसे उनकी फिटनेस का राज और पूछा।



उन्होंने बताया कि नियमित व्यायाम और डाइट कंट्रोल की वजह से यह संभव हो पाया है।

मलाइका ने वहां मौजूद लोगों से शोर मचाने और उनके लिए शायरी करने के लिए कहा। इस दौरान उन्होंने दिल का साइन बनाते हुए लखनऊ के लोगों का इस्तकबाल किया। इसे देख वहां मौजूद सारे युवा झूम उठे। लोगों ने उनसे उनके गाने पर परफॉर्म करने का भी निवेदन किया।

जन एक्सप्रेस

सम्पादकीय

समान नागरिक संहिता पर 'विपक्ष का ढोल, खुलती पोल'

विपक्षी दल प्रधानमंत्री की इस राय का विरोध कर रहे हों, ऐसा नहीं है, देशभर के मौलाना इस पर चिंतन कर रहे हैं और अपने सुविधा के संतुलन पर आई इस सियासी बला को टालने पर मंथन कर रहे हैं। मोदी के इस निर्णय से निजात पाने, उसका विरोध करने पर आम सहमति बनाने का यत्न के रहे हैं। इस क्रम में वे कितने सफल होंगे, यह तो नहीं कहा जा सकता, लेकिन बेचैनी है तो वह अपना असर भी दिखाएगी।दिखा भी रही है। कहां जाएं, क्या करें के हालात बनने लगे तो समझना चाहिए कि नुस्खा काम कर रहा है।

विपक्ष अपनी लामबंदी का ढोल चाहे जितना पीटे,लेकिन उसे यह तो मानना ही पड़ेगा कि एजेंडा तय करने के मामले में वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पासंग बराबर भी नहीं है। नौ साल इस देश का विपक्ष प्रधानमंत्री की बिछाई राजनीतिक पिच पर ही खेलता रहा है। उनकी हर चाल विपक्ष पर भारी पड़ती रही है। ऐसा शायद ही कभी देखने-सुनने को मिला हो कि विपक्ष की किसी रणनीति से भाजपा और उसके सहयोगी दलों की पेशानियों पर बल पड़े हों। उन्हें कोई परेशानी हुई हो। हाल ही में प्रधानमंत्री ने भोपाल से देश को पांच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात दी। कांग्रेस ने सवाल उठाया कि वंदे भारत ट्रेन का उद्घाटन प्रधानमंत्री मोदी ही क्यों करते हैं। अब उन्हें यह कौन समझाए कि श्रेय और प्रेय का यह खेल आजादी के बाद से ही शुरू हो गया था और इसका श्रीगणेश भी कांग्रेस ने ही किया था। उसके बाद की सरकारें तो महाजनों येन गता स पंथा वाली रीति-नीति ही अपना रही है। श्रेय पथ के राही के साथ समस्या यह होती है कि श्रेय दूसरे को मिले, यह उसे स्वीकार्य नहीं होता। तवारीखें गवाह हैं कि गांधी-नेहरू परिवार के नाम तो हर विकास परियोजना से जुड़े रहते थे। मोदी सरकार में अब वे नाम हट रहे हैं। तर्क दिया जा रहा है कि ऐसा करके सरकार कांग्रेसी महापुरुषों के नाम जनता के दिल से नहीं निकाल पाएगी। इस तर्क-वितर्क के पचड़े में पड़े बगैर सीधे सम पर आते हैं। भोपाल में प्रधानमंत्री ने समान नागरिक संहिता की खुली वकालत कर दी। तर्क दिया कि जब घर अलग-अलग व्यक्तियों के लिए अलग-अलग कानून से नहीं चल सकता तो फिर देश अलग-अलग कानून से कैसे चल सकता है?अमेरिका, रूस, इजरायल, फ्रांस, जापान, तुर्की, बांग्लादेश, पाकिस्तान, आयरलैंड, मलेशिया, सूडान, इंडोनेशिया और मिस्र में अगर समान नागरिकता संहिता लागू की जा सकती है तो भारत में ऐसा क्यों नहीं हो सकता। उन्होंने विधि आयोग को इस बावत सभी पक्षों की राय एक माह में जानने की सलाह दी है। साथ ही यह भी कहा है कि सर्वोच्च न्यायालय भी चाहता है कि देश में समान आचार संहिता होनी ही चाहिए। गौरतलब है कि वर्ष 1985 में तीन तलाक के शाहबानो से जुड़े मामले में फैसला सुनाते वक्त सर्वोच्च न्यायालय के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश वाईवी चंद्रचूड़ की अगुआई वाली 5 सदस्यीय पीठ ने कहा था कि यह अफसोस की बात है कि हमारे संविधान का अनुच्छेद 44 डेड लेटर (अप्रचलित कानून) बना हुआ है। देश के लिए समान नागरिक संहिता बनाने की दिशा में सरकार की तरफ से किसी भी गतिविधि के कोई सबूत नहीं हैं। एक ऐसी धारणा मजबूत होती जा रही है कि मुस्लिम समुदाय अपने पर्सनल लॉ में सुधार के लिए खुद ही पहल करे। समान नागरिक संहिता विरोधाभासी विचारधारा वाले कानूनों (पर्सनल लॉ) के प्रति निष्ठा को खत्म कर राष्ट्रीय एकता में मदद करेगी। सर्वोच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि कोई भी समुदाय बिल्ली के गले में घंटी बांधने को तैयार नहीं है। यह राज्य की जिम्मेदारी है कि देश के नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करे और निश्चित तौर पर ये काम विधायिका का है। यह और बात है कि किसी भी राज्य ने इस जिम्मेदारी को निभाना उचित नहीं समझा। कांग्रेस की तत्कालीन केंद्र सरकार इसके समानांतर एक ऐसा कानून ले आई जो इस आदेश को कमजोर करने का काम करे। और यह सब मुस्लिम तुष्टीकरण और वोट की राजनीति के तहत किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने भोपाल से एक संदेश यह भी दिया कि उनकी सरकार तुष्टीकरण नहीं, संतुष्टिकरण के लिए काम करती है।

एक्सप्रेस आलेख

इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने फिल्म पर प्रतिबंध लगाने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सही कहा है कि सेंसर बोर्ड को बुद्धि आनी चाहिए और आम कहानियों पर बनी फिल्मों की अपेक्षा जब वे धर्म विशेष से जुड़ी फिल्मों को रिलीज करने की मंजूरी दे दो लोगों की भावनाओं का भी ख्याल रखें। काश फिल्म बनाते समय और पात्रों की ड्रेस निर्धारित करते समय फिल्म निर्माताओं ने गंभीरता से मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम और श्री हनुमान के चरित्रों का अध्ययन किया होता? लेकिन उनकी टीम ने कुछ नया करने के चक्कर में सब कुछ गुड़ गोबर कर दिया। वैसे अब आदिपुरुष का मामला देश की सर्वोच्च अदालत के पास पहुंच गया है।

डॉ0 ओ0पी0 मिश्र

भारत एक लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष देश है जहां लोग अपनी आस्था और अपने धर्म के मुताबिक पूजा पाठ करते हैं और साथ-साथ रहते हैं। साथ-साथ और शांतिपूर्ण तरीके से इसलिए हैं क्योंकि सभी के पूर्वज एक समय में एक ही धर्म के मानने वाले थे। आज भी उपासना पद्धति अलग अलग होने के बावजूद हमारा डीएनए एक है और हमारे लिए राष्ट्र सर्वोपरि है।

आदिपुरुष यानि फूहड़ता की पराकाष्ठा

कई दिनों से सोच रहा था कि फिल्म आदिपुरुष पर कुछ लिखूं लेकिन चूंकि सरकारे खामोश थी इसलिए हमने भी खामोशी अख्तियार कर ली थी। लेकिन मन बराबर यह कहने और सोचने को मजबूर था कि आखिर सत्ता प्रतिष्ठान में यह खामोशी क्यों है? फिल्म केरला स्टोरी की सत्ता प्रतिष्ठान सार्वजनिक रूप से जब तारीफ कर सकता है। कश्मीर फाइल्स को टैक्स फ्री किया जा सकता है तो क्या फिल्म आदिपुरुष को बनाने वालों की सार्वजनिक आलोचना नहीं की जा सकती है? खैर! यह तो बड़े लोगों की बातें हैं इसलिए उनकी चुप्पी का कोई ना कोई सबब तो होगा ही। और फिर जब सरकार के ही एक अंग यानि फिल्म सेंसर बोर्ड ने इसे अनुमति दी है तो मैं कौन कहता हूं फिल्म की मेरिट और डिमैरिट पर व्याख्यान देने वाला। हां एक लेखक के रूप में या आप हमें दर्शक भी कह सकते हैं के रूप में मैं फिल्म को फूहड़ता की पराकाष्ठा की संज्ञा देता हूं। फिल्म मे कथित राष्ट्रवादी डायलॉग राइटर मनोज मुंतशिर ने जिस तरह के डायलॉग लिखे हैं उससे पता चलता है कि उनका बौद्धिक स्तर क्या है? उनकी परवरिश, उनके संस्कार तथा उनके विचार यह बताने और जताने के लिए काफी है कि वे पैसे के लिए किस स्तर तक जा सकते हैं। आज कल वे अपने को मुंतशिर कहने के बजाय शुक्ला कहलाना ज्यादा पसंद कर रहे हैं। कभी-कभी मन यह सोचने को व्याकुल हो जाता है कि फिल्म आदिपुरुष के डायलॉग यदि मनोज के बजाय किसी मोहसीन या मुमताज ने लिखे होते तो क्या होता? क्या तब भी सत्ता प्रतिष्ठान या कथित धर्म के ठेकेदार खामोश रहते हैं? शायद नहीं। मैं यहां फिल्म के कंटेंट या फिल्म के डायलॉग के बारे में विस्तार से कुछ भी नहीं लिखना चाहता क्योंकि अब तक काफी कुछ लिखा जा चुका है। लेकिन इतना जरूर कहना और लिखना चाहता हूं कि फिल्म निर्माताओं को या डायलॉग राइटर को यह अधिकार किसने दिया कि किसी की धार्मिक भावनाओं को भड़काने का काम करें। भारत एक लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष देश है जहां लोग अपनी आस्था और अपने धर्म के मुताबिक पूजा पाठ करते हैं और साथ-साथ रहते हैं। साथ-साथ और शांतिपूर्ण तरीके से इसलिए हैं क्योंकि सभी के पूर्वज एक समय में एक ही धर्म के मानने वाले थे। आज भी उपासना पद्धति अलग अलग होने के बावजूद हमारा डीएनए एक है और हमारे लिए राष्ट्र सर्वोपरि है। जब हम एक ही माता-पिता की संताने हैं तो फिल्म निर्माताओं को यह बात समझ में क्यों नहीं आती और वह रामायण, कुरान या बाइबल जैसे ग्रंथ पर विवादित फिल्म बनाते ही क्यों हैं? मैं यह बात डंके की चोट पर कह सकता हूं कि जिसने भी रामानंद सागर की रामायण देखी है और भगवान राम, माता सीता तथा हनुमान के चरित्र को देखा है वह फिल्म आदिपुरुष पर बगैर थूके नहीं रह सकता क्योंकि पूरी फिल्म में मर्यादा के नाम पर तो कुछ है ही नहीं। कितनी अजीब बात है कि फिल्म के रिलीज होने के मौके पर फिल्म निर्माता इसे रामायण पर आधारित बताते हैं और जब हो हल्ला तथा आलोचना शुरु होती है तो कहते हैं कि इसका किसी घटना-दुर्घटना अथवा इतिहास से कुछ भी लेना देना नहीं। इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने फिल्म पर प्रतिबंध लगाने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सही कहा है कि सेंसर बोर्ड को बुद्धि आनी चाहिए और आम कहानियों पर बनी फिल्मों की अपेक्षा जब वे धर्म विशेष से जुड़ी फिल्मों को रिलीज करने की मंजूरी दे दो लोगों की भावनाओं का भी ख्याल रखें। काश फिल्म बनाते समय और पात्रों की ड्रेस निर्धारित करते समय फिल्म निर्माताओं ने गंभीरता से मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम और श्री हनुमान के चरित्रों का अध्ययन किया होता? लेकिन उनकी टीम ने कुछ नया करने के चक्कर में सब कुछ गुड़ गोबर कर दिया। वैसे अब आदिपुरुष का मामला देश की सर्वोच्च अदालत के पास पहुंच गया है। अदालत क्या फैसला देती है इस पर बहस करने से कोई मतलब नहीं लेकिन फिल्म के निर्माता और डायलॉग राइटर ने देश के बहुसंख्यक समाज को जो कुछ दिया है जिस तरह उसकी भावनाओं को आहत किया है उसके लिए समाज क्या उन्हें माफ कर पाएगा? यह जरूर बहस का मुद्दा हो सकता है।



मैं यह बात डंके की चोट पर कह सकता हूं कि जिसने भी रामानंद सागर की रामायण देखी है और भगवान राम, माता सीता तथा हनुमान के चरित्र को देखा है वह फिल्म आदिपुरुष पर थूके नहीं रह सकता क्योंकि पूरी फिल्म में मर्यादा के नाम पर तो कुछ है ही नहीं।

एक्सप्रेस कविता

आप अपने साथ हमेशा चमचों की लंबी फ़ौज क्यों लाते हो। पहले आप हाथ जोड़े निरीह थे याचक से,
अब भक्षकों के साथ दबंगई से घूमते नजर आते हो।
लोगो ने कहा जमीन से जुड़ जाओ कुछ कर जाओ,
आप आसानी से जनता की जमीन हड़प जाते हो।
अब जनता कहती है कि आप है जनता के लिए,
जनता द्वारा हो, फिर देश का क्यो बुरा-हाल कर जाते हो। जनता को हलाकान किया, देश का क्या हाल करोगे, जनता का सारा पैसा स्विस बैंक में जमा कर आते हो। पहले नेता बन कसम खाते हो बेटे, बेटियों की फिर खिलाड़ी बेटियों की इज्जत से खेल जाते हों, पहले नौकरी के बदले लेते थे रिश्वत, अब नौकरी के लिए खिलाड़ी बच्चियों की पूरी जिंदगी से खेल जाते हो। पहले गांधी टोपी माथे, सर पर होती थी।

संजीव ठाकुर

एक्सप्रेस ज्ञान

सपने और लक्ष्य में एक ही अंतर है। सपने के लिए बिना मेहनत की नींद चाहिए और लक्ष्य के लिए बिना नींद की मेहनत।

आज का पंचांग

किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे है, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।

तिथिः	चतुर्दशी 20:17 तक
नक्षत्रः	ज्येष्ठा 13:08 तक
पक्षः	शुक्ल
वारः	रविवार
योगः	शुक्ला, 19:14
सूर्योदयः	06:08
सूर्यास्तः	19:16
चंद्रमाः	वृश्चिक राशि में
राहुकालः	17:37-19:16
विक्रमी संवत्ः	2080
शक सम्वतः	1944
मासः	आषाढ़
शुभ मुहूर्तः	12:16-13:08

जन एक्सप्रेस

ख़बरों पर विराम !

ना होगा इस्तीफा ।
ख़बरों पर विराम ।।
कर रहे थे करेंगे अब ।
आगे भी वो काम ।।
हुई कोशिश लाख ।
ले कुछ जिम्मेदारी ।।
लगता लेकिन अब तो ।
अलग कुछ तैयारी ।।
मचा भारी शोर है ।
है होना बदलाव ।।
दिखा नहीं पर अभी भी ।
इसका कुछ प्रभाव ।।
रूक जाए पर हिंसा ।
है जिसकी दरकार ।।
होगा व्यक्त आगे ।
फिर इसका आभार ।।

- कृष्णेन्द्र राय

एक्सप्रेस स्वास्थ्य

चेहरे पर लगाएं एग व्हाइट और शहद का पेस्ट, स्किन टाइटनिंग में मिलेगी मदद

आपकी त्वचा हमेशा एक समान नहीं रहती है, उम्र बढ़ने के साथ इसमें कई तरह के बदलाव होते हैं। आपकी त्वचा ढीली पड़ने लगती है, इसकी रंगत भी खोने लगती है। स्किन केयर के जरिए आप अपनी त्वचा की रंगत को फिर से निखार सकते हैं। साथ ही,लटकती त्वचा को टाइट कर सकते हैं। ऐसा होने पर आप पहले की तरह ही जवां नजर आने लगेंगे। इसके लिए वैसे तो कई तरह के घरेलू उपाय हैं, लेकिन एग व्हाइट और शहद से आपके लिए बेहद ही फायदेमंद होता है।

जवां नजर आने लगती है त्वचा: जब आप एग व्हाइट-हनी पेस्ट को चेहरे पर लगाती हैं तो आपको कई तरह के फायदे होते हैं। दरअसल, इसका कारण एग व्हाइट में मौजूद कुछ मिनिरल और प्रोटीन हैं, जो आपकी त्वचा के ढीलेपन को दूर करते हैं। वहीं हनी यानी शहद आपकी स्किन को मॉयश्चराइज करता है। साथ ही शहद में एंटी एजिंग प्रॉपर्टीज भी होती हैं, इसी कारण आपकी त्वचा चमकदार और जवां दिखने लगती है।

झुरियां भी होने लगती हैं कमः एग व्हाइट-हनी के पेस्ट यानी मास्क से केवल आपकी स्किन ही टाइट नहीं होती है, झुरियां भी कम होने लगती हैं। खासकर आंखों के नीचे की स्किन पर होने वाली झुरियां काफी हद तक कम हो जाती हैं।

मुंहासों में भी कारगरः एग व्हाइट-हनी पेस्ट का इस्तेमाल आप मुंहासों को दूर करने के लिए भी कर सकती है। इस पेस्ट के इस्तेमाल से आपके मुंहासे काफी हद तक कम होने लगेंगे, साथ ही इनके दाग भी हल्के पड़ने लगेंगे।

इन बातों पर भी गौर करें

- इस मास्क को लगाने से पहले कोई भी केमिकल प्रोडक्ट आपकी स्किन पर ना लगा हों, इस बात का ध्यान जरूर रखें। मास्क लगाने से पहले स्किन बिल्कुल क्लीन होनी चाहिए।
- कई बार कुछ लोगों को एग से एलर्जी भी होती है, जिसका पता उन्हें नहीं होता है। इसलिए एग व्हाइट-हनी पेस्ट या मास्क को चेहरे पर लगाने से पहले, आप कलाई पर लगाकर देखें। अगर कोई एलर्जी नहीं होती है तो आप इस पेस्ट का इस्तेमाल कर सकती हैं।
- फेस मास्क लगाने के अलावा आप खूब पानी भी पिएं। इससे आपकी स्किन हाईड्रेट रहेगी, जिससे चेहरे पर चमक हमेशा बनी रहेगी।

एक्सप्रेस विशेष

अभी विपक्षी एकता की असली परीक्षा आगे होनी है

डी.पी. शुक्ल

आम आदमी पार्टी के नेता बैठक में आने से पहले से कह रहे थे कि उनके लिए सबसे बडा मुद्दा है केंद्र सरकार के अध्यादेश का विरोध सुनिश्चित करना। इन दलों में कांग्रेस अकेली ऐसी पार्टी थी जिसने अध्यादेश पर अपना रुख साफ नहीं किया था।

लोकसभा चुनाव 2024 से पहले बीजेपी को हराने के लिए विपक्ष लामबंद होना शुरू हो गया है। बिहार की राजधानी पटना में 17 विपक्षी दलों की बैठक में एकता देखने को मिली। हालांकि, 2024 में बीजेपी को टक्कर देने में इस विपक्षी एकता के गठबंधन का असल इम्तिहान अभी बाकी है। विपक्षी दलों की पटना में हुई बहुप्रतीक्षित बैठक तत्काल कोई नतीजा देती हुई नहीं दिखी। बैठक के बाद मीडिया को बताने के लिए कोई भी बड़ा निष्कर्ष इन नेताओं के पास नहीं था। ले-देकर यही कह सके कि उनके बीच बातचीत और विचार-विमर्श का सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। इस क्रम में अगली बैठक शिमला में करने की बात जरूर कही गई। यह बात भी ध्यान खींचने वाली कही जाएगी कि जो दल पटना की बैठक में शामिल हुए उनमें भी पूरी तरह एका नहीं बना रह सका। आम आदमी पार्टी के नेता बैठक में आने से पहले से कह रहे थे कि उनके लिए सबसे बडा मुद्दा है केंद्र सरकार के अध्यादेश का विरोध सुनिश्चित करना। इन दलों में कांग्रेस अकेली ऐसी पार्टी थी जिसने अध्यादेश पर अपना रुख साफ नहीं किया था। आम आदमी पार्टी के जोर देने के बावजूद वह इस पर कमिटमेंट देने को तैयार नहीं हुई। नतीजा यह कि बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में भी आप के नेता शामिल नहीं हुए और उन्होंने यह भी कह दिया कि आगे वे ऐसी किसी बैठक में शामिल नहीं होंगे जिसमें कांग्रेस की मौजूदगी हो। देखा जाए तो यह विपक्षी दलों की एकजुटता की प्रक्रिया को एक तगड़ा झटका है। लेकिन इन सबके बावजूद इस प्रक्रिया की अहमियत को कम करने आंकना सही नहीं होगा। इसे सही ढंग से समझने के लिए जरूरी है कि छह महीने या साल भर पहले की इन दलों की स्थिति को ध्यान में रखते हुए इस पर विचार किया जाए। उस वक्त जो विपक्षी एकजुटता के प्रयास किए जा रहे थे, उसके केंद्र में तीसरा मोर्चा बनाने की बात थी। उन दलों में कई कांग्रेस को साथ लेने के प्रबल विरोधी थे। ऐसे में कांग्रेस की अगुआई में विपक्षी एकता के प्रयास शुरू होने की बात सोची भी नहीं जा सकती थी। संभवतः इसीलिए नीतीश कुमार को इसका जिम्मा सौंपा गया और उसके अच्छे नतीजे भी दिखने लगे। हालांकि उसके बाद भी यह स्थिति थी कि पहली बैठक कांग्रेस की मेजबानी में बुलाई हुई न लगे, इसीलिए नीतीश कुमार को पटना में अपने घर पर यह बैठक रखने के लिए कहा गया। ऐसे में अगली बैठक कांग्रेस शासित राज्य हिमाचल प्रदेश में करने पर आम सहमति बन जाना कम बड़ी बात नहीं है। यह भी महत्वपूर्ण है कि आप को छोड़ दें तो किसी भी दूसरी पार्टी ने किसी भी विवादित मसले पर कोई ऐसी बात नहीं कही जिससे वार्ता प्रक्रिया में किसी तरह की बाधा आने का अंदेशा हो। हालांकि ऐसे विवादित बिंदुओं की कमी नहीं है, और वे उठेंगे ही इस प्रक्रिया में। असल सवाल यही है कि जब वे उठेंगे तब उन्हें हल करने में कितनी समझदारी और कितनी कुशलता दिखाई जाती है। इसी पर निर्भर करेगा 2024 के चुनावी समर के लिए तैयार किए जा रहे इस साझा मोर्चे का भविष्य।

यह भी महत्वपूर्ण है कि आप को छोड़ दें तो किसी भी दूसरी पार्टी ने किसी भी विवादित मसले पर कोई ऐसी बात नहीं कही जिससे वार्ता प्रक्रिया में किसी तरह की बाधा आने का अंदेशा हो। हालांकि ऐसे विवादित बिंदुओं की कमी नहीं है, और वे उठेंगे ही इस प्रक्रिया में। असल सवाल यही है कि जब वे उठेंगे तब उन्हें हल करने में कितनी समझदारी और कितनी कुशलता दिखाई जाती है।

थारू जनजाति इलाकों में राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन कार्यक्रम में जुड़े आठ उपकेंद्र

जन एक्सप्रेस। सुनहरा

लखीमपुर खीरी। थारू जनजाति इलाकों में राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित लखीमपुर जिले के दो ब्लॉकों के आठ उपकेंद्र को जोड़ा गया है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मध्य प्रदेश के शहडोल जनपद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया। जिसका सजीव प्रसारण एचडब्ल्यूसी चंदन चौकी पर किया गया और यहां पर इस कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी ने किया। इस दौरान उनके साथ सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता भी मौजूद रहे। साथ ही उनके द्वारा सीएचसी चंदन चौकी का भी शुभारंभ किया गया।

सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि थारू जनजाति और भारत-नेपाल सीमा पर स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से शासन के निर्देश पर सीएचसी चंदन चौकी की नींव रखी गई है। जिसका शुभारंभ शनिवार को केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी के कर कमलों द्वारा किया गया है। वहीं इस दौरान राष्ट्रीय सिकिल सेल एनीमिया उन्मूलन कार्यक्रम की भी शुरुआत की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मध्यप्रदेश के शहडोल जनपद में एक भव्य कार्यक्रम के दौरान इस उन्मूलन कार्यक्रम को शुरू किया गया है। जिसका सजीव प्रसारण हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर चंदन चौकी प्रांगण में देखा गया और खीरी जनपद में भी इसकी शुरुआत की गई है।

उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के सात चयनित जिलों में से लखीमपुर खीरी जिला भी एक है और यहां के ब्लॉक पलिया के छह उपकेंद्र और ब्लाक निघासन के दो उपकेंद्र राष्ट्रीय सिकिल सेल एनीमिया उन्मूलन कार्यक्रम के लिए चयनित किए गए हैं, क्योंकि यह बीमारी थारू जनजाति के लोगों में ही पाई जाती है और यह सभी थारू जनजाति बाहुल्य क्षेत्र हैं। उन्होंने बताया कि 40 वर्ष से कम आयु के लोगों का सिकिल सेल स्टेटस क्या है इसके लिए उनकी जांच की जाएगी, कि उनमें यह बीमारी है या नहीं और उनका सिकल सेल आईडी कार्ड बनाया जाएगा। जिससे वह भविष्य में अपने शादी विवाह जैसे कार्यक्रमों में इस्तेमाल कर सकेंगे। कार्यक्रम में एसीएमओ डॉ अश्वनी कुमार, एसीएमओ डॉ बीसी पंत सहित सीएचसी पलिया अधीक्षक डॉ. भरत सिंह, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी चंदन चौकी डॉ फैजान, डॉ. अजीत सिंह, एसडीएम पलिया कार्तिकी सिंह, सांसद प्रतिनिधि दीपक तलवार, संजय सिंह, वीरेंद्र शुक्ला सहित स्टेनो कार्तिकेय मिश्रा व डीपीएम अनिल यादव सहित स्वास्थ्य विभाग व प्रशासन के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

इंदिरा मनोरंजन पार्क पुनः बनकर हुआ तैयार, लोग फिर ले सकेंगे पार्क का आनंद

पार्क के मुख्य रूप से मुख्यद्वार, टिकटघर, पुल, बोटिंग पाड, रेस्ट सेल्टर, नेचर सेंटर, वन्यजीव बाड़े, बेंच और आधुनिक झूले आकर्षण का केंद्र रहेंगे

जन एक्सप्रेस। सुनहरा

लखीमपुर खीरी।शनिवार को विधानसभा श्रीनगर के अंतर्गत लखीमपुर शहर से कुछ किलोमीटर की दूरी पर ही दुधवा की तरह जंगल सा माहौल मिल सकेगा।वन और पर्यटन विभाग की ओर से तैयार इंदिरा मनोरंजन पार्क का जीणोद्धार होने के बाद लोकार्पण किया गया।इसका उद्घाटन केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी, सदर विधायक योगेश वर्मा, श्रीनगर विधायक मंजू त्यागी ने संयुक्त रूप से किया इंदिरा मनोरंजन पार्क को फिर से चमकाया गया है। हैंड ओवर होने के बाद इसको खोल दिया गया। पर्यटन विभाग ने इसके लिए 3.50 करोड़ रुपए का बजट जारी किया था। इसमें वोटिंग को नाव, बच्चों के लिए झूले, वन्यजीवों को दर्शाती पेंटिग, गेट और बैठने को बैंच, टहलने को रास्ते के साथ प्रकृति को नजदीक से देखना भी मिल सकेगा।

फर्जी बैनामा करा कर चाचा ने भतीजे की हड़प ली जमीन

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

कोतवाली सदर क्षेत्र के पिपरिया राजापुर निवासी एक व्यक्ति की जमीन उसके ही चाचा ने फर्जी तरीके से बैनामा करवाकर हड़प ली। इसकी जानकारी पीड़ित को तब हुई जब उसने जमीन का इंतखाब निकलवाया। पीड़ित पक्ष ने मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से करते हुए न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।

एसपी को दिए गए प्रार्थना पत्र में शहर से सटे पिपरिया राजापुर निवासी विवेक कुमार ने बताया कि उसके पिता के नाम ग्राम रायपुर कला तहसील मोहम्मदी में एक जमीन दर्ज थी, पिता की मृत्यु के उपरांत उसके नाम जमीन वरासतन दर्ज हो गई थी। जिसके बाद विवेक के चाचा यदुनंदन प्रसाद ने विवेक से वरासत कराने के नाम पर आधार कार्ड और फोटो मांगा,और अलाव पी रोड स्थित आर्यावर्त बैंक में खाता खुलवाने ले गए। आरोप है कि पीड़ित विवेक अपने चाचा पर पूर्ण विश्वास करता था जिस का नाजायज फायदा उठाते हुए यदुनंदन प्रसाद ने विवेक को मोहम्मदी ले जाकर तहसील के कर्मचारी से सांठगांठ करके फर्जी बैनामा अपने नाम लिखवा लिया। अपने साथ हुए धोखे की जानकारी विवेक को तब हुई जब उसने जमीन की खतौनी निकलवाई। इस संबंध में जब उस ने अपने चाचा से पूछा तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया और 6 जून की शाम को जब वह मजदूरी करने बाहर गया हुआ था, उस दौरान यदुनंदन असलहा लेकर अपने साथियों के साथ उसके घर पहुंचा और पत्नी के साथ अभद्रता करते हुए उसे मारा-पीटा।

घटना की जानकारी देने जब उनकी पत्नी एलआरपी चौकी देने पहुंची तो उसे वहां से भगा दिया गया। विवेक ने एसपी को शिकायती पत्र देते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

वन क्षेत्राधिकारी एनके चतुर्वेदी ने टीम गठित कर वन महोत्सव के शुभ अवसर पर किया पौधरोपण

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

धौरहरा वन क्षेत्र शनिवार को वन महोत्सव के शुभ अवसर पर हौकना मटेरा में लगाए गए पौधे जो पानी की टंकी के ग्राउंड में वही वृक्षा रोपण लगाने के दौरान में वन क्षेत्राधिकारी एनके चतुर्वेदी ने बताया कि हम लोगों को एकजुट होकर के पेड़ पौधे लगाना चाहिए और इन सभी पेड़ पौधों को देखरेख भी करनी चाहिए क्योंकि यह हमें ऑक्सीजन के अलावा और भी कई प्रकार की बीमारियों से भी बचाते हैं यदि हम दूसरों का ध्यान रखेंगे तो हमें भी कोई दूसरा ध्यान रखेगा वही वन क्षेत्राधिकारी बच्चों व बुजुर्गों की मौजूदगी में सभी लोगों को पेड़ पौधों को लेकर के समझाया और बताया इस दौरान काफी गांव के लोग मौजूद रहे वन क्षेत्राधिकारी धौराहरा एनके चतुर्वेदी के मौजूदगी के साथ वन दरोगा किशन लाल व अनिल कुमार प्रथम वन दरोगा व बृजेश शुक्ला वनरक्षक राजेश दीक्षित वनरक्षक व अंबुज मिश्रा वनरक्षक राकेश टी.सी. व मुकेश पांडे वाचर कन्हैयालाल वाचर रामस्वरूप वाचर लल्लूराम वाचर हरनाम वाचर आदि लोग मौजूद रहे वहीं ग्राम प्रधान बालकराम वर्मा व जगदीश जयसवाल व प्रसादी कोटेदार इन सभी लोगों की मौजूदगी में वन महोत्सव को लेकर पानी की टंकी क्षेत्र परिसर में पौधरोपण किया गया ।

फास्ट फॉरवर्ड

धूमधाम से मनाया गया दुर्गा मंदिर का चतुर्थ स्थापना दिवस



जन एक्सप्रेस/गोला गोकर्णनाथ खीरी। नगर के पश्चिमी दीक्षिताना स्थित नव दुर्गा मन्दिर का चतुर्थ स्थापना दिवस धूम-धाम से मनाया गया। इस अवसर पर देवी माता के नव रूपों की वैदिक विधि से पूजा पँ रामासरे दीक्षित द्वारा सम्पन्न करायी गयी । माता दुर्गा देवी मंदिर के स्थापना समारोह अवसर पर अष्टाध्यायी हवन सम्पन्न कराया गया। इसके उपरान्त कन्याभोज व भण्डारा मध्यान्ह से रात्रि तक चलता रहा। इस धार्मिक आयोजन में नगर के विभिन्न गणमान्य लोगों और मोहल्ले वासियों ने शिरकत की। गोला नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला ने देवीमाता के दर्शन किये व मन्दिर को एक वाटर कूलर एक सप्ताह मे प्रदान किये जाने का आश्वासन दिया। स्थापना समारोह के आयोजक अवधेश कुमार दीक्षित व व्यवस्थापक सरिता शुक्ला (पिंकी) ने अध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त किया। सभासद अनिल गुप्ता ने भी उपस्थित रहकर सहयोग दिया। मोहल्लावासियों व नगरवासियो द्वारा देवी माँ के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया गया। समस्त आयोजन में परिवार जनो, इष्ट मित्रो व शुभचिन्तको का विशेष सहयोग रहा।

जिले में झमाझम बारिश ने विकास कार्यों की खोली पोल

जन एक्सप्रेस/तिकुनियां खीरी। विकास क्षेत्र निघासन की ग्राम पंचायत लालापुर की हालत बद से भी बदतर है यहाँ का विकास कार्य थोड़ी सी ही बारिश में देखने को मिलता है हाल यह है की सड़कों पर निकलना दुर्लभ हो जाता है । जिम्मेदार दार बारिश का आनंद लेकर विकास कार्यों का गुणगान करते हैं । लेकिन वास्तविकता के धरातल पर देखा जाए तो अभी भी ग्रामीण ही गंदगी से उबर नहीं पाया । गंदगी से चारों तरफ बीमारियां फ़ैल रही हैं । सरकार के लाख प्रयासों के बावजूद भी गावों का जन जीवन आज भी अंधकार मय है । हाल - ए विकास कार्य कई बार शिकायत करने के बावजूद भी दैनिक समाचार पत्र जनएक्सप्रेस में छपी प्रमुखता से खबरों को पढ़ने के बाद भी कान में जू तक नहीं रेंगी जनप्रतिनिधि तो अपना पलड़ा ग्राम विकास अधिकारी, व खंड विकास अधिकारी का नाम लेकर झाड़ लेते हैं द्य लेकिन शायद जिस जिम्मेदारी से कार्य करने को सरकार जिम्मा देती है शायद खरे उतरने में सक्षम नहीं होते हैं । चारों तरफ खुली नालियाँ रुका हुआ गन्दा पानी उसमें पनपने वाले जर्म खुला वीमारी को चुनौती दे रहे हैं । आखिर गाँव की समस्या के लिए अलग - अलग वार्ड के सदस्य होते हैं, सदस्यों की अहमियत ज़ब शपथ लेनी होती तभी होती है द्य शपथ लेने के बाद प्रधान के पंख लग जाते हैं। 5 सालों तक आँख मिचौली का खेल खेलते रहते हैं । जनता सरकार को कोसती रहती है ।

ईओ ने आरआरआर सेंटर में पौधा लगाकर पौधरोपण अभियान की शुरुआत की

जन एक्सप्रेस। राजीव दिवाकर

सीतापुर। नगर पंचायत सिधौली में आज शनिवार को वन विभाग सीतापुर के पदाधिकारियों द्वारा वर्ष 2023 में पौधरोपण हेतु नगर पंचायत सिधौली निकाय के सभागार में प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर वार्ड बहादुरपुर स्थित आरआरआर सेन्टर में अधिशासी अधिकारी रेणुका यादव ने पौधा लगाकर पौधरोपण अभियान की शुरुआत की। दरअसल, वनों का क्षेत्रफल बढ़ाने और जनता के बीच पौधारोपण की भावना जगाने के लिए एक जुलाई से सात जुलाई के बीच हर साल वन महोत्सव मनाया जाता है। इस मौके पर ईओ रेणुका यादव ने कहा कि वन विभाग द्वारा राज्य में हरित आवरण को बढ़ाने के प्रयास किये जा रहे हैं जिससे प्रदूषण नियंत्रण में मदद मिलेगी। इस अवसर पर रेंजर महेन्द्र प्रताप सिंह, वन विभाग सीतापुर के पदाधिकारी, वार्ड बहादुरपुर सभासद प्रतिनिधि एंव नगर पंचायत कर्मी भी पौधरोपण कार्यक्रम में शामिल रहे।

तहसील निघासन में डीएम-एसपी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित

जन एक्सप्रेस। अख्तर अली

लखीमपुर खीरी। माह के प्रथम शनिवार को जनपद के प्रत्येक तहसील स्तर पर संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी खीरी महेन्द्र बहादुर सिंह व पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा द्वारा तहसील निघासन पर उपस्थित रहकर संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता की गई।इस दौरान फरियादियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके विधिक निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध रूप से निस्तारण करने तथा जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करने के लिए निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने-अपने सर्किल की तहसीलों में उपस्थित रहकर जनशिकायतों का निस्तारण कराया गया।

पालिका में मनाया गया पंडित सियाराम मिश्र का जन्म महोत्सव

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी

शनिवार को साहित्य महोपाध्याय पंडित सियाराम मिश्र का जन्म महोत्सव नगर पालिका परिषद गोला के प्रांगण में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ पं सियाराम मिश्र की प्रतिमा पर मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरि तथा पालिकाध्यक्ष विजय कुमार शुक्ल रिंकू द्वारा माल्यार्पण से हुआ। पालिका सभागार में पंडित जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। समारोह में विधायक अमन गिरि ने कहा- स्वर्गीय पिताजी विधायक अरविंद गिरि के प्रयासों से स्थापित प्रतिमा का उद्देश्य नगर के सम्मानित लोगों का जन मानस में सम्मान बढ़ाना था। इस प्रयास को निरंतर जारी रखना है। नगर पालिका अध्यक्ष विजय कुमार शुक्ल रिंकू ने कहा कि इस कार्यक्रम को आगे और अधिक भव्यता प्रदान की जाएगी। संचालन करते हुए मधुकर शैदाई ने अपने विचार व्यक्त किए तथा साथ ही उनके व्यक्तित्व पर कहा कि - धोती कुर्ता प्रिय सदा, इनका रहा लिवास।दाढ़ी संतों की तरह, निकट मंगला वास।। अंत में स्व0 पंडित सियाराम मिश्र के पुत्र राजन मिश्र ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर केके शुक्ल, सुरेशचन्द शुक्ल, अवधेश मिश्र, आशीष सिंह डब्बू, भाजपा नगराध्यक्ष शत्रोहन मिश्र, कवि रमेश पांडे शलभ, राम कुमार गुप्त, राजाराम कश्यप, श्याम मोहन मिश्र, विश्वनाथ सिंह, विजय मिश्र, प्रमोद दीक्षित एवं नगर पालिका परिषद के सभासद मोहित कनौजिया, इजरान अहमद, आशीष अवस्थी, धर्मेन्द्र तिवारी, रियाजुद्दीन, मो0 दानिश, सुफियान खान, राजेश वर्मा सहित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

आईएमए ने डॉक्टर्स डे पर लिमाकान का भव्य आयोजन

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

आईएमए ने डॉक्टर्स डे पर LIMACON का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में लखीमपुर, गोला व पलिया के निजी चिकित्सकों ने सहभागिता की। अध्यक्ष डॉ अमर जीत सिंह सलूजा ने डेलीगेट्स से कहा कि अब हर वर्ष डाक्टर्सडे पर लिमाकान का आयोजन होगा। डॉ सलूजा ने इस कार्यक्रम के लिए डॉ दिनेश दुआ के सहयोग की सराहना की। डॉ मनोज शर्मा ने आईएमए प्रेयर करवाई। मुख्य अतिथि डॉ प्रो विकास वर्मा केजीएमसी ने लखीमपुर में इस तरह का कार्यक्रम करना सराहनीय है। एसपी की धर्मपत्नी डॉ कोमल विशिष्ट अतिथि थीं। डॉ राकेश माथुर ने डाक्टर्सडे के बारे में विस्तार से बताया। डॉ विकास वर्मा ने कहा कि चोट लगने पर मरीज को तत्काल अस्पताल भिजवाएं। डॉ अजय कुमार चौधरी ने पेट के मर्जों के बारे में बताया। डॉ शर्मिष्ठा वर्मा ने स्किन की देख रेख, डॉ सुनील कनौजिया ने बच्चों में सर्जरी के बारे में बताया। डॉ प्रदीप टंडन ने दन्त रोगों व वाराणसी में जी 20 की बैठक के बारे में बताया ।

सचिव डॉ पवन गर्ग ने वार्षिक लेखा जोखा प्रस्तुत किया। आभार व्यक्त किया। डॉ एमआर खान ने मीडिया का धन्यवाद ज्ञापित किया।

सब्जियों के दाम बढ़ने से आमजनमानस का बिगड़ा बजट

जन एक्सप्रेस। अनुज गुप्ता

भीरा-खीरी। मंहगाई बढ़ने से लोगों की कमर टूट रही है। पहले पेट्रोल डीजल और घरेलू गैस आदि की बढ़ी कीमतों को लेकर चर्चा करते हुए नजर आते थे। पर अब सब्जियों के दाम दिन प्रतिदिन आसमान छू रहे हैं हर दिन सब्जी के दाम बढ़ जाते हैं जिसको लेकर लोगों को काफी दिक्कतें हो रही हैं। टमाटर, नींबू, धनिया, अदरक, लहसुन आदि सब्जी गांव के क्षेत्र में आसपास खेतों में ही पैदा की जाती है जबकि कुछ सब्जियां मंडी से भी मंगाई जाती हैं जिसके बावजूद सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं जब इस बारे में सब्जी विक्रेताओं से बात की जाती है। तो उनका सीधा जवाब होता है कि सस्ती कौन सी चीज है डीजल से लेकर खाद बीज तथा अन्य कीटनाशक दवाएं सभी बाजार में महंगे मिल रहे हैं और बरसात के कारण सब्जी की फसलें बरबाद हो जाती हैं और पैदावार में लागत अधिक आ रही है यही वजह है कि बाजार में सब्जियों के दाम बढ़ जाते हैं।

सब्जियों के बढे दाम पर एक नजर

सब्जी -	पहले दाम -	वर्तमान दाम -	प्रति किलो
नींबू -	40 -	80 -	किलो लगभग
टमाटर -	60 -	160 -	किलो लगभग
अदरक -	80 -	300 -	किलो लगभग
धनिया हरी-	80 -	300 -	किलो लगभग
लहसुन -	60 -	100 -	किलो लगभग

जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सम्भव अभियान का किया शुभारंभ

जन एक्सप्रेस। सीतापुर

बाल विकास परियोजना कार्यालय महोली के तहसील परिसर से जिलाधिकारी ने फीता काटकर संभव अभियान का शुभारंभ किया। जिसमे सभी जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार राव, प्रभारी सी.डी.पी.ओ. महोली ममता यादव, शशि श्रीवास्तव, सावित्री यादव, नमिता, अनुराधा व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां मनोज कुमारी, मीना, मातेश्वरी, रीता, प्रमिला अमृता, दीपक, वंदना, अनुज, विष्णु प्रताप, शिव प्रताप सैम श्रेणी से सामान्य श्रेणी में आए उन्हें डीएम सर ने टिफिन, पानी की बोतल और कप वितरित किए गए।

सभी सात तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस किया: जनता की शिकायतों एवं समस्याओं का पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से जनपद की सभी सात तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील महोली में जिलाधिकारी अनुज सिंह व पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चंद्रभान की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने आये हुये शिकायतकर्ताओं को एक-एक करके सुना एवं जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ शिकायतें संबंधित अधिकारियों को अन्तरित की गयी। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी अनुज सिंह ने विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये, जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके। सभी अधिकारी अपने कार्य को पूरी तत्परता, गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण करें, जिससे कि शिकायतकर्ताओं को सम्पूर्ण समाधान दिवस में अनावश्यक रूप से न आना पड़े। उन्होंने आई.जी.आर.एस. से संबंधित शिकायतों क निस्तारण समयबद्ध तरीके से किया जाये ताकि ज्यादा शिकायतें अधिक समय तक लम्बित न रहें तथा शिकायतों के निस्तारण वाली स्वयं की फोटो भी मौके पर उपलब्ध करायें। इसके पश्चात जिलाधिकारी अनुज सिंह व पुलिस अधीक्षक घुले चंद्रभान ने तहसील परिसर में 01 जुलाई से 07 जुलाई तक चलने वाले वन महोत्सव सप्ताह के अन्तर्गत पौधरोपण भी किया। इस अवसर पर प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी बृजमोहन शुक्ला, जिला विकास अधिकारी हरिश्चन्द्र प्रजापति, उपजिलाधिकारी महोली अभिनव कुमार यादव सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। तहसील महोली में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 52 शिकायतों में से 04 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार से जनपद की अन्य तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील सिधौली में प्राप्त 98 प्रार्थना पत्रों में से 11, तहसील महमूदाबाद में प्राप्त 78 प्रार्थना पत्रों में से 09, तहसील लहरपुर में प्राप्त 29 प्रार्थना पत्रों में से 03, तहसील मिश्रिख में प्राप्त 54 प्रार्थना पत्रों में से 05, तहसील सदर में प्राप्त 18 प्रार्थना पत्रों में से 03, तहसील बिसवां में प्राप्त 58 प्रार्थना-पत्रों में से 04 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष बची हुयी शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

सत्ताधारी दल के नेताओं की शिकायत के बाद भी कुछ नहीं बिगड़ा प्राचार्य का

प्राचार्य का दावा, ऊपर तक पहुंच के चलते मेरा कोई कुछ नहीं कर सकता

जन एक्सप्रेस। शत्रुघ्न सिंह यादव

उरई। जिला सहित मंडल के 10 जनपदों के प्रशिक्षणार्थियों को स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षण दिया जाता है। इसके लिए प्रशिक्षण केंद्र में उनके ठहरने खाने-पीने व अन्य सामग्री के लिए शासन स्तर से पैसा मुहैया कराया जाता है। लेकिन प्रशिक्षण केंद्र के प्राचार्य प्रशिक्षुओं पर पैसा खर्च न कर अपनी जेब भरने में लगे हैं। इसकी शिकायत सत्ताधारी दल के नेताओं से लेकर अन्य दलों के नेताओं ने भी की। लेकिन अपनी ऊंची पहुंच के चलते प्राचार्य को अब तक यहां से हटाया नहीं गया। जबकि वे कालपी के स्थानीय निवासी भी हैं।

कौशल विकास एसएसपी, सामान्य व माटी कला आदि के 10 जिलों के लोगों को ग्राम उद्योग मंडल प्रशिक्षण केंद्र कालपी में प्रशिक्षण दिया जाता है। यहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर प्रशिक्षणार्थी स्वरोजगार अपनाते हैं। लेकिन प्रशिक्षण के नाम पर यहां अलग ही खेल खेला जा रहा है। प्रशिक्षण केंद्र में 15 दिनों के प्रशिक्षण में केवल पहले दिन व अंतिम दिन बुलाकर शिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र दे दिए जाते हैं। जबकि कागजों में प्रशिक्षणार्थियों को 15 दिनों तक रुकने खाने-पीने व प्रशिक्षण में उपयोग में आने वाली वस्तुओं के फर्जी बिल बनाकर भुगतान करा लिया जाता है। पिछले दिनों 15 दिवसीय माटी कला प्रशिक्षित के 25 प्रशिक्षणार्थियों का पैसा फर्जी बिल लगाकर निकाल लिया गया। इसकी शिकायत सत्ताधारी दल भाजपा के परासन क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य इंजीनियर रणविजय निषाद, भाजपा के अनुषांगिक संगठन बजरंग दल के जिला संयोजक दीपक शर्मा, बसपा के नेता हरिनारायण, श्रम नियंत्रण व मजदूर यूनियन के जिला महामंत्री जगमोहन प्रजापति, दीपकुंज नारी सशक्तिकरण फाउंडेशन की प्रमुख महिमा श्रीवास्तव, अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष विमल सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व ब्लाक प्रमुख महेवा अशोक चौबे सहित अनेक लोग इसकी शिकायत सचिव ग्राम खादी उद्योग से लेकर मुख्यमंत्री तक कर चुके हैं, इसके बाद भी प्रशिक्षण केंद्र के प्राचार्य शिशुपाल गोयल को यहां से हटाया नहीं जा रहा है। इतना ही नहीं प्राचार्य अपने सेवाकाल में केवल दो या तीन साल ही बाहर रहे। इनकी पूरी नौकरी कालपी में ही चल रही है। जबकि शासनादेश के अनुसार इनकी तैनाती यहां नहीं हो सकती।

सदर विधायक व डीएम ने संचारी रोग नियंत्रण रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

जन एक्सप्रेस। उरई

जुलाई माह में चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान का सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा व जिलाधिकारी चाँदनी सिंह ने शुभारम्भ किया। साथ ही रैली को हरी झण्डी दिखाकर जिला चिकित्सालय उरई से रवाना किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एनडी शर्मा ने संचारी रोगी एवं इनके नियंत्रण के विभिन्न विभागों के माध्यम से सामाजिक/व्यक्तिगत साफ-सफाई एवं रोगों से बचाव के सम्बंध में विस्तृत जानकारी दी गयी। जिलाधिकारी चाँदनी सिंह ने संचारी रोग नियंत्रण हेतु शपथ दिलायी तथा जागरूकता फैलाकर रोगो से बचाव हेतु प्रयास करने की अपील की। सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा ने आम जनमानस से अपील की कि सभी रोगों से नियंत्रण में सहयोग करें तथा स्वयं स्वस्थ्य रहकर समस्त क्षेत्र स्वस्थ बनाने में सहयोग करें। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. अविनेश कुमार, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एसडी चौधरी तथा डा. अरविन्द भूषण एवं जिला मलेरिया अधिकारी जीएस स्वर्णकार उपस्थित रहे।

सीडीओ ने धरती को हरा-भरा करने का वृक्षारोपण कर लिया संकल्प

जन एक्सप्रेस। कालपी

शनिवार को तहसील कंपाउंड में वन विभाग के तत्वाधान में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सीडीओ डॉ. अभय कुमार श्रीवास्तव, एसडीएम केके सिंह, तहसीलदार सुशील कुमार सिंह, खंड विकास अधिकारी तथा वन क्षेत्रधिकारी संजय यादव की मौजूदगी में छायादार एवं फलदार वृक्ष लगाकर धरती को हरा-भरा करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी ने विचार प्रकट करते हुए बताया कि वृक्षों के बिना मानव का जीवन अधूरा है, अगर हम वृक्ष नहीं लगाएंगे, तो पर्यावरण का नाश होगा। इसलिए धरती को हरा-भरा करने के लिए सभी लोग पौधे रोपित करके शुद्ध पर्यावरण बनाए रखने के लिए संकल्पित रहे। इस मौके पर मन्ना सिंह चौहान, हरिओम यादव आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

पैसे निकालने के बाद भी नहीं बना रपटा, न हुई रंगाई-पुताई

जन एक्सप्रेस। सिरसा कलार

कुठौंद क्षेत्र के ग्रामीणों ने समाधान दिवस में शिकायती पत्र देते हुए बताया कि बिचौली के प्रधान सचिव से मिलीभगत कर विकास के नाम पर आने वाले पैसे अपना विकास कर रहे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए बताया कि ग्राम प्रधान बिना काम कराए ही पैसा निकालकर अपने निजी अस्पताल में लगा रहे हैं। उनका आरोप है कि ग्राम प्रधान व सचिव की ग्रामीणों ने कई बार ब्लाक स्तर पर शिकायत की। लेकिन नतीजा वहीं ढाक के तीन पात निकाला। बीडीओ ने अबतक न तो सचिव पर कार्रवाई की और ही किसी प्रकार मामले की जांच की। एसडीएम को दिए प्रार्थना पत्र में ग्रामीण रामकेश, संतोष, अखिलेश, ब्रजेश, संतराम आदि ने बताया कि सभी ग्रामीण ग्राम प्रधान की इस कारगुजारी से परेशान हैं। गांव में कोई भी काम नहीं होता है। सिर्फ कागजों में काम कराकर भुगतान करा लिया जाता है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए बताया कि बीडीओ सर्वेश कुमार रवि व प्रधान ने गांव में एक नाले पर रपटा बनना था जिसके पैसे 50,180 रुपए खाते से निकाल तो गए पर रपटा का नामो निशान तक नहीं है। जबकि नियम यह है कि पहले काम किया जाता है, इसके बाद जिओ टैगिंग होती है, तब कहीं जाकर पैसा निकलता है। लेकिन इस गांव में सारा सिस्टम उल्टा चलता है।

प्रधान पहले पैसा निकलता है और मदारीपुर स्थित अपने निजी अस्पताल पर खर्च कर देता है। इतना ही नहीं प्रधान का मानदेय महीना होने से पूर्व ही डाल दिया जाता है। बताया कि प्रधान का मानदेय 27 जून को जून माह खत्म होने से पहले ही उसने डलवा लिया। गांव के किसी भी सरकारी भवन में पेंटिंग या लिखाई पुताई नहीं हुई। जबकि ग्राम निधि से हर माह लिखाई पुताई के पैसे निकाल लिए जाते है। इन पर कार्रवाई कर गांव के पैसे से गांव के विकास कार्य कराए जाएं।

मंदिर परिसर के बाहर खून से लथपथ युवक का शव मिलने से फैली सनसनी

जन एक्सप्रेस। कालपी

❋ मंदिर में चढ़ौती के रुपए को लेकर की गई हत्या की जताई जा रही आशंका, सीओ ने किया घटना स्थल का निरीक्षण, जल्द खुलासा करने का दिया आश्वासन

कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम बबीना व मरगाया के बीच स्थित मंदिर परिसर के बाहर खून से लथपथ हालत में पड़ा युवक का शव मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौके पर पहुंचे सीओ ने बारीकी से घटनास्थल का निरीक्षण कर जल्द खुलासा करने का आश्वासन दिया।

कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम बबीना व मरगाया के बीच बखत बाबा का मंदिर है, जहा पर क्षेत्र की महिलाएं डलवा चढ़ाने जाती है। बताया गया कि मंदिर में एक पुजारी रहता है, और उसी मंदिर में बबीना निवासी राज कुमार यादव पुत्र बिल्ली यादव 30 वर्ष भी रहता है। शनिवार की सुबह कुछ ग्रामीणों ने मंदिर परिसर के बाहर राज कुमार का खून से लथपथ पड़ा शव देखा तो उनमें हड़कंप मच गया। ग्रामीणों द्वारा तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी गई। खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को देते हुए उच्धिकारियो को घटना से अवगत कराया। मामले की जानकारी होने पर सीओ डाक्टर देवेंद्र पचौरी ने मौके पर पहुंचकर घटना का बारीकी से निरीक्षण किया। सीओ ने बताया की शुक्रवार को मंदिर में चढ़ौती के रुपए के बटवारे को लेकर मृतक कुछ साथियों के बीच झगड़ा फसाद के बाद साथियों द्वारा ही उसकी हत्या करने की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल घटना का जल्द खुलासा करने के लिए पुलिस टीम को लगा दिया गया है,और जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।



संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न

जन एक्सप्रेस। रामसनेहीघाट-बाराबंकी

तहसील रामसनेहीघाट में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस शनिवार को जिला अधिकारी अविनाश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। यहां जिलाधिकारी के साथ पहुंचे पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने लोगों की फरियादें सुनी। इस दौरान विभिन्न विभागों के 188 प्रार्थना पत्र जिलाअधिकारी के सामने पहुंचे। जिनमें से डीएम ने तत्काल 12 शिकायती पत्रों का समाधान कर शेष शिकायत पत्रों को तय सीमा के अंदर निस्तारित करने के संबंधित मातहत को सख्त निर्देश दिए। 188 शिकायती पत्रों में राजस्व विभाग के 89, पुलिस विभाग 23, विकास विभाग 14, विद्युत विभाग 14, समाज कल्याण 6, पूर्ति विभाग 6 सहित अन्य 36 शिकायती पत्र प्राप्त हुए। जिला अधिकारी की इस जनसुनवाई के दौरान एसडीओ रामसनेहीघाट नायब तहसीलदार प्रज्ञा द्विवेदी कोतवाल रामसनेहीघाट अजय कुमार त्रिपाठी सहित तमाम विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। यहां तहसील दिवस के मौके पर ग्राम पंचायत रतौली के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि वीर बहादुर सिंह ने शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए कहा कि ग्राम पंचायत में जर्जर तार हटाने की मांग बीते दिनों से की जा रही है।

फावड़ा मारकर पड़ोसी महिला की निर्मम हत्या

जन एक्सप्रेस/बाराबंकी। बरसात का पानी तालाब में निकाल रही महिला को पड़ोसियों ने फावड़े से मारकर उसकी निर्मम हत्या कर दी। मां को तड़पता देख बचाने आई उसकी पुत्री को भी मारा पीटा। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर घायल पुत्री को सीएचसी देवा में उपचार के लिए भर्ती कराया है। वही गांव में हुई इस नृशंस हत्या के बाद भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। खाना देवा कोतवाली क्षेत्र के टेरा खुर्द गांव में रामगोपाल यादव और रामबरन गौतम के बीच रास्ते को लेकर काफी दिनों से विवाद चल रहा था इसको लेकर दोनों पक्ष आपस में रंजिश रखते थे जिसको लेकर उक्त मामले में दोनों पक्षों का वाद दीवानी न्यायालय में चल रहा था मृतका के पुत्र निरंकार का आरोप है कि रामबरन ने प्रधान पति कुंवर पाल व लेखपाल से सांठगांठ कर रास्ते में दीवाल खड़े मारकर वाली और प्रधान ने घर के सामने स्थित तालाब की खुदाई कराकर उसकी मेल भी उसी करवा दी जिससे रामगोपाल का रास्ता और पानी का निकासी बंद हो गई शनिवार की दोपहर जब तेज बारिश हुई तो रामगोपाल के दरवाजे पर जलभराव होने लगा जिससे उनकी पत्नी सुशीला घर के बाहर भरा पानी निकालने के लिए खुदाई करने लगी। जिस पर विपक्षी रामबरन व उसके पुत्रों ने विरोध जताया और आरोप है कि सुशीला के फावड़े से हमला कर दिया। हमले से घायल सुशीला बेसुध होकर जमीन पर गिर गई। जिसे बचाने आई सुशीला की पुत्री रोली को भी विपक्षियों ने मारा पीटा। जिसे उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती किया गया है।

फास्ट फॉरवर्ड

जहरीले कीड़े के काटने से अधेड़ की मौत

जन एक्सप्रेस/उरई। एट थाना क्षेत्र के ग्राम धगुवा खुर्द में जहरीले कीड़े के काटने से अधेड़ की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एट थाना क्षेत्र के ग्राम धगुवा खुर्द निवासी देवेंद्र कुमार 48 वर्ष पुत्र स्व. दयाराम कुशवाह को सोते समय किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। हालत बिगड़ती देख परिजन घबरा गए और उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए। जहां पर चिकित्सकों ने जांच पड़ताल के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। बताया गया कि मृतक झांसी के चिरगांव निवासी था। जो एट थाना क्षेत्र के ग्राम धगुवा खुर्द निवासी रामदास नायक के यहां काम करता था। बताया गया कि बीती रात में गेराज में सो रहा था। तभी उसे किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

पोल से उतरे करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

जन एक्सप्रेस/उरई। कोतवाली क्षेत्र के कोंच बस स्टैंड के समीप बाइक सर्विस सेंटर पर लगे पोल में उतर रहे करंट की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मनोरा निवासी हिमांशु 27 वर्ष पुत्र रामप्रकाश शनिवार को कोच बस स्टैंड के समीप स्थित एक गैराज पर बाइक की सर्विस करा रहा था। इसी दौरान दुकान में लगे टीन सेट पर लगे पोल में उतर रहे करंट की चपेट में युवक आ गया। जिससे वह झुलस कर बेहोश हो गया। घटना की सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक की मौत की सूचना जैसे ही उसके घर पहुंची तो घर में कोहराम मच गया। परिजन मौके पर पहुंच गए। मामले में पुलिस का कहना है, किसानों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फिलहाल घटना से संबंधित उन्हें किसी प्रकार की कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलती हैज़ तो उसी के अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता ने लगाई फांसी, मौत

जन एक्सप्रेस/सिरसा कलार। थाना क्षेत्र के ग्राम दमरास में संदिग्ध परिस्थितियों के चलते विवाहिता ने फांसी लगा ली। जिसमें दम घुटने से उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम दमरास निवासी प्रीति देवी 30 वर्ष पत्नी देव सिंह पाल ने संदिग्ध परिस्थितियों में बीती रात घर के कमरे में लगे हुक से रस्सी का फंदा डालकर फांसी लगा ली। जिसमें दम घुटने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सुबह जागे परिजनों ने शव को फांसी के फंदे पर लटका देखा तो उनमें चीख पुकार शुरू हो गई। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने फांसी के फंदे पर लटक रहे शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। बताया गया कि मृतका की शादी करीब आठ वर्ष पूर्व हुई थी। शादी के बाद से ही पति पत्नी दोनों हैदराबाद में रहकर पानी पूरी का धंधा करते थे। जो करीब माह पहले ही अपने गांव दमरास आए हुए थे। बताया कि मृतका के एक 6 वर्षीय व एक डेढ़ वर्षीय पुत्र हैं। महिला ने पति से हुई मामूली कहासुनी के बाद घटना को अंजाम दे दिया। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

हाईवे किनारे खड़ी डीसीएम में पीछे से घुसा ट्रक, बड़ा हादसा टला

जन एक्सप्रेस/कालपी। आटा थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे उकासा मोड़ के पास हाईवे किनारे खड़ी डीसीएम में ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे ट्रक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। जिसमें फंसकर चालक व परिचालक मामूली चुटहिल हो गए। इटावा निवासी चालक अनेश कुमार अपने साथी परिचालक मुनेश बाबू के साथ शुक्रवार की रात डीसीएम लेकर जा रहा था। जब वह आटा थाना क्षेत्र में ग्राम उकसा मोड़ के पास हाईवे किनारे डीसीएम खड़ी कर होटल पर चाय पीने चले गए। इसी बीच झांसी की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने ओवरटेक करने के चक्कर मे किनारे खड़ी डीसीएम में पीछे से टक्कर मार दी। इससे ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, और ट्रक ड्राइवर व हेल्पर को हल्की चोट आई, लेकिन वह मौके से भाग गए। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। फिलहाल इस भीषण हादसे में कोई जनहानि नही हुई।

दीवार बनाने के विवाद में हमलावरों ने महिला के साथ की मारपीट

जन एक्सप्रेस/सिरसा कलार। दीवार बनाने से मना करने पर एकराय हुए हमलावरों ने महिला के साथ मारपीट कर दी। पीड़ित महिला ने नामजद तहरीर पुलिस को दी। सिरसा कलार निवासी शह देवी पत्नी स्व लल्ला बाबू ने थाने में तहरीर दी। जिसमें आरोप लगाते हुए बताया कि पीड़िता बाजार में सब्जी लेने गई थी। तभी लोहई निवासी सरमन पुत्र सियाराम मेरी जगह पर दीवार बना रहा था। बताया कि इस दौरान पीड़िता व उसके पुत्र ने विरोध किया तो दबंग ने अपने साथियों के साथ मिलकर मारपीट कर दी। इतना ही नहीं आरोप है कि हमलावर ने महिला के सर में ईट मारकर उसे लहूलुहान कर दिया। घटना देखकर मौके पर दौड़े ग्रामीणों के हस्तक्षेप के बाद हमलावर उन्हें धमकी देते हुए मौके से भाग गए। मामले में थानाध्यक्ष दिनेश कुरील का कहना है कि तहरीर मिली है। जिसकी बारीकी से जांच पड़ताल कर आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

अमानत में खयानत का मामला दर्ज

जन एक्सप्रेस/उरई। जालौन कोतवाली के मोहल्ला खंडेराव निवासी सिद्धार्थ यादव व नर्मदेश्वर कंटेस्ट सन उन्हें उरई कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि शैलेंद्र दुबे कार्यकारी प्रबंधक टाटा मोटर्स फाइनेंस लिमिटेड झांसी लेमन ट्री होटल के पास और तीन नफर लोगों ने मिलकर उसके साथ धोखाधड़ी कर छल से कूट रचित दस्तावेज तैयार कर फाइनेंस की धनराशि को हड़प लिया। जिसके चलते अमानत में खयानत का मामला कोतवाली पुलिस ने दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही करने की बात कही।

तीन मामलों में रिपोर्ट दर्ज

जन एक्सप्रेस/उरई। कुठौंद थाना क्षेत्र के कृष्ण पाल सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह निवासी मानपुर थाना कुठौंद ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया पिंटू पुत्र वीर सिंह ने उसके साथ गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। वह दूसरा मामला कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर निवासी विनीता देवी पत्नी ओमप्रकाश ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि राम कुमार शुक्ला पुत्र रामदास शुक्ला और तीन नफर लोगों ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। वहीं तीसरा मामला थाना क्षेत्र के रविंद्र पुत्र बिहारीलाल ने थाने में दर्ज कराते हुए बताया कि ओमकार ग्राम कंझारी निवासी ने उसके साथ मारपीट की। सभी मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही।

कार्यालय जिलाधिकारी, सुलतानपुर।

संख्या : 898/जि0आ0अधि0/सुलतानपुर/दैनिक व्यवस्थापन 2023-24 दिनांक 30.06.23

विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि देशी शराब दुकान-राजापुर व बीयर दुकान-कुड़वार सुलतानपुर का अनुज्ञापन जिलाधिकारी/लाइसेंस प्राधिकारी, सुलतानपुर के आदेश दिनांक 30.06.2023 के अन्तर्गत निलम्बित किया गया है। देशी शराब दुकान-राजापुर व बीयर दुकान-कुड़वार के निलम्बित होने के कारण दिनांक 03.07.2023 से दिनांक 16.07.2023 तक राजस्व हित में दैनिक आधार पर संचालित कराया जाना है। देशी शराब दुकान-राजापुर का 14 दिवस का एम0जी0क्यू0 446 ब0ली0, बेसिक लाइसेंस फीस रू0 16056/- तथा बीयर दुकान-बरौसा हेतु 14 दिन की लाइसेंस फीस रू0 13425/- निर्धारित है। इच्छुक व्यक्ति/फर्म (जो आबकारी अनुज्ञापन प्राप्त करने हेतु अनर्ह न हो तथा आवेदक एवं उसके परिवार के सदस्यों का चरित्र अच्छा हो) निर्धारित प्रारूप पर पूर्ण कर अपना प्रस्ताव कक्ष संख्या-24, कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, सुलतानपुर में दिनांक 03.07.2023 को पूर्वान्ह 12:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते हैं। प्रस्ताव खोले जाने का दिनांक 03.07.2023 को अपरान्ह 02:00 बजे निर्धारित है।

(हितेन्द्र कुमार शेखर)
जिला आबकारी अधिकारी,
सुलतानपुर।

"यूपी में लॉ एंड आर्डर खत्म, पुलिस करा रही लूट और चोरी"

पीडीए उखाड़ देगी एनडीए: अखिलेश यादव

जन एक्सप्रेस। शोभित शुक्ला

बाराबंकी। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव शनिवार को शहर स्थित एक निजी विद्यालय का उद्घाटन करने पहुंचे। यह ऐसा पहला मौका था जब अखिलेश यादव अपने जन्मदिन के मौके पर बाराबंकी पहुंचे थे। उन्होंने अपने तय कार्यक्रम के तहत निजी विद्यालय का उद्घाटन किया और जनपद स्तरीय पार्टी पदाधिकारियों से मुलाकात कर उनके हालचाल जाना। यहां पत्रकारों से बात करते हुए अखिलेश यादव विपक्ष पर जमकर हमलावर हुए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार आज हर जिले में मेडिकल कॉलेज खोलने के बाद कर रही है। जबकि वह जनपदों के जिला अस्पताल की सूरत नहीं बदल पाई है।

पुलिस करा रही चोरी

अखिलेश आगे बोले कि यूपी में लॉ एंड ऑर्डर नहीं बचा है। आलम यह है कि पुलिस खुद चोरियां और लूट कर रही है। अब इस पर आगे क्या कहना। महागठबंधन के सवाल पर भी उन्होंने बेबाकी से बोलते हुए सवाल किया कि क्या भारतीय जनता पार्टी के नेताओं में एक राय है भाजपा के इंजन एक-दूसरे को टक्कर मार रहे हैं भाजपा में जो डिब्बे थे वह अब इंजन बनने की फिराक में है। राजनीति में अलग-अलग लोगों के अलग-अलग विचार और सुझाव आते है। हम लोगों की पूरी कोशिश रहेगी कि महागठबंधन से ज्यादा से ज्यादा दल एक साथ आएं और भाजपा को हराने का काम करें।

पीडीए उखाड़ देगी एनडीए

अखिलेश ने पीडीए को लेकर पूछे गए सवाल पर कहा कि यदि भाजपा को यह सब शिगूफा लगता है तो वह इस बात का जवाब दें कि उनके मंत्रिमंडल में पिछड़ा दलित और अल्पसंख्यक की कितनी जगह है। सरकारी भर्तियों में भी भाजपा पीडीए की हिस्सेदारी को बताए। उन्होंने कहा कि जिस वीडियो को भाजपा नजरअंदाज कर रही है वही पीडीए इनके एनडीए उखाड़ देगी।

जन्मदिन पर मिलकर पदाधिकारी हुए गदगद

सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के अपने जन्मदिन के मौके पर बाराबंकी पहुंचने की सूचना मात्र से ही जनपद स्तरीय पार्टी पदाधिकारी व नेताओं में अखिलेश यादव से मिलकर उन्हें शुभकामनाएं देने की होड़ लगी रही। बड़ी संख्या में समाजवादी कद्दावर नेताओं ने अखिलेश यादव से मिलकर उन्हें जन्मदिन की अनंत शुभकामनाएं दी।

सदर तहसील में आयोजित हुआ जनपद स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस, डीएम ने जनता की शिकायतों को सुनकर निस्तारण के लिए किया निर्देशित

शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही ना बरतने के जिला अधिकारी ने दिए सख्त निर्देश

डीएम, एसपी ने सदर तहसील परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

शनिवार को आम जनता की शिकायतों के निस्तारण के लिए जिले के तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सदर तहसील में जिलाधिकारी अरविंद सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समाधान दिवस आयोजित हुआ तो वहीं शेष दोनों तहसीलों में अधिकारियों ने जनता की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के लिए संबंधितों को निर्देशित किया है। वही समाधान दिवस के बाद डीएम और एसपी ने तहसील परिसर में पौधरोपण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक केशव कुमार द्वारा उपस्थित फरियादियों की शिकायतें सुनी गयी तथा सम्बन्धित अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुये मामलों का पारदर्शिता पूर्वक जांच परख कर निस्तारण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि सम्बन्धित विभाग अपने-अपने विभाग के मामलों का गम्भीरतापूर्वक निस्तारण कराएं, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस एवं थाना दिवस के कोई भी मामले विचाराधीन न रहे, इसका प्राथमिकता के आधार पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि नाली, चकरोट, जमीन आदि के मामलों को राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर जांच परक कर पारदर्शिता के साथ निस्तारण कराएं। साथ ही उन्होंनें निर्देशित किया गया कि संपूर्ण समाधान दिवस में सभी विभागाध्यक्ष स्वयं प्रतिभाग करेंगें। डीएम ने पुराने प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के सम्बन्ध में समीक्षा कर फोन द्वारा क्वास चेकिंग कर सत्यापन किया।

तुलसीपुर में डीएम ने सुनी शिकायतें, निस्तारण के दिए निर्देश

तहसील तुलसीपुर में संपूर्ण समाधान दिवस अपर जिलाधिकारी प्रदीप कुमार एवं अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव द्वारा फरियादियों की शिकायतें सुनी गयी। संपूर्ण समाधान दिवस तुलसीपुर में कुल 17 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें से मौके पर 03 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया, अन्य मामलों का स्थलीय सत्यापन कर निस्तारण किया जायेगा। इस दौरान एसडीएम तुलसीपुर मंगलेष दूबे, सीओ राघवेन्द्र सिंह, तहसीलदार परमेश कुमार, नायब तहसीलदार व अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

सीडीओ की अध्यक्षता में उतरौला में आयोजित हुआ समाधान दिवस

तहसील उतरौला में संपूर्ण समाधान दिवस मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस दौरान आये हुये फरियादियों की शिकायतें गम्भीरता सुनकर निस्तारण किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 20 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें मौके पर 02 प्रार्थना पत्र का निस्तारण किया गया। इस अवसर पर एसडीएम स्वप्निल यादव, सीओ उदयराज सिंह, तहसीलदार, नायब तहसीलदार व अन्य तहसील के अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे। संपूर्ण समाधान दिवस के पश्चात् तहसील परिसर में डीएम एवं एसपी द्वारा वृक्षारोपण कर आज 01 जुलाई को पर्यावरण संरक्षण हेतु शुभारंभ किया गया। इस दौरान बरगद, पीपल, पाकड़ एवं नीम का पौध रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने जनपद वासियों से अपील किया कि सभी आम जनमानस एक-एक वृक्ष अवश्य लगाये जिससे जल, जीवन, आक्सीजन की कमियां दूर होगी तथा पर्यावरण प्रदूषण से जनपद मुक्त होगा। इस दौरान कुवांना रेज, बलरामपुर के रेंजर बत्ताउल्लाखान, एसडीओ सुदर्शन, राम खिलावन मिश्रा, सुखदेव मिश्रा, सुरेश कुमार सिंह, श्रवण कुमार सिंह, विकास शुक्ला व अन्य वन विभाग के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

इस दौरान कुल 26 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें से मौके पर 02 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा मौके पर किया गया। उन्होंने शेष प्रार्थना पत्रों का संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्थलीय सत्यापन करते हुए ससमय पारदर्शिता के साथ गुणवत्तापूर्ण निस्तारित कराना सुनिश्चित करें।

इस दौरान एसडीएम राजेन्द्र बहादुर, तहसीलदार रामाश्रय, नायब तहसीलदार डा0 अनुपम शुक्ला, श्रीमती ऐश्वर्य लक्ष्मी, सीओ सदर दरवेश कुमार, सीओ राधा रमण सिंह, अपर सीएमओ डा0 अनिल कुमार चैधरी, डीडीओ गिरीश चन्द्र पाठक, डीपीआरओ, डीआईओएस गोविन्दराम, बीएसए कल्पना देवी, डीपीओ निहारिका विश्वकर्मा, उप निदेशक कृषि डा0 प्रभाकर सिंह, जिला कृषि अधिकारी आर0पी0 राणा, जिला प्रोबेशन अधिकारी सतीश चन्द्र, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, ईओ बलरामपुर, सीबीओ अधिशासी अभियन्ता सिचाई, विद्युत, पीडब्ल्यूडी, नलकूप जय प्रकाश ओझा व अन्य तहसील स्तरीय अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के 9वर्ष की गिनाई उपलब्धियां

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

केंद्र सरकार के सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के नौ वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा के महा जनसंपर्क अभियान में मोदी सरकार की 9 साल की उपलब्धियां गिनाई गई। भाजपा के विधानसभा विस्तारक शुभम तिवारी व मंडल महामंत्री प्रवेश मिश्रा ने घर घर जाकर ग्रामीणों को मोदी सरकार की अहम योजनाओ और कार्यक्रमों की जानकारी दी। मंडल महामंत्री प्रवेश मिश्रा के अध्यक्षता में जनसंपर्क अभियान के तहत भाजपा के विधानसभा विस्तारक शुभम तिवारी के साथ भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता घर-घर संपर्क किए। मंडल महामंत्री प्रवेश मिश्रा ने केंद्र व प्रदेश सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया। उन्होंने कहा कि पिछले 9 वर्षों में केंद्र सरकार ने देश का मान बढ़ाया है। समाज के नेतृत्व वर्ग का सहयोग और समर्थन मजबूती के साथ भाजपा के साथ बना हुआ है। प्रधानमंत्री के ऐतिहासिक प्रयास से भारत सशक्त हुआ है। भाजपा के कार्यकर्ता घर-घर जाकर मिस कॉल करके महा जनसंपर्क अभियान में जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। विधानसभा विस्तारक श्री तिवारी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री के अगुवाई में अंतिम पंक्ति में बैठा हुआ व्यक्ति भी बिना भेदभाव के सरकार की सभी योजनाओं का लाभ पा रहा है। केंद्र व प्रदेश सरकार गरीबों के हितों के लिए तमाम योजनाएं संचालित करके उनके दर्द को कम करने का काम किया है।घर-घर संपर्क अभियान अवसर पर लोकेश सिंह मोनू राकेश खन्ना शैलेंद्र सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

पूर्व एमएलसी व रामअवतार के बीच झड़प बनी चर्चा का विषय

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

थाना कैंट के अंतर्गत कौशलपुरी के निकट बसे गांव लाला के पुरवा में सपा की पूर्व एमएलसी लीलावती कुशवाहा व रामअवतार पासवान के बीच झड़प तथा मारपीट का मामला शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है। सोचनीय विषय यह है कि इतनी बड़ी नेत्री होकर भी उन्हें एस सी के जमीन पर अपनी बेटियों को लेकर वहां कब्जे दारी करने हेतु जाने की क्या आवश्यकता थी। मौके वारदात पर गहन छानबीन करने के उपरांत ऐसा प्रतीत होता है की पूर्व एम एल सी लीलावती कुशवाहा अपनी दबंगई दिखाकर गरीबों की जमीन पर कब्जा करना चाहती है। बताया जाता है कि आज सुबह लीलावती कुशवाहा अपनी तीन बेटियों के साथ रामअवतार की जमीन पर कब्जा करने हेतु गांव आ धमकी और उन्होंने जबरदस्ती निर्माण कार्य शुरू कर दिया जिसका विरोध करने पर उन्होंने रामअवतार की बेटी रूबी पर जानलेवा हमला शुरू कर दिया इस हमले की जानकारी सुनकर अपनी दुकान पर गए रामअवतार जब अपने घर आए तो देखा इनकी बेटी पर लीलावती व उनकी तीन बेटियां डंडे और हाथों से वार कर रही हैं अपनी बेटी को पिटता देख रामअवतार देख न सके और उन्होंने भी डंडा उठाकर मारना पीटना शुरू किया। जिसमें दोनों पक्षों को चोटें आई हैं। गांव के लोगों के अनुसार जमीन की कब्जेदारी का यह मामला लगभग 15 दिनों से चल रहा है। जमीन नजूल की बताई जाती है और रामअवतार के परिवार का पुश्तैनी घर बताया जाता है। जिसमें राम अवतार का एक कमरा बना भी है। इस जमीन का मामला यह बताया जाता है कि रामअवतार तीन भाई थे जिसमें से एक पक्ष ने अपनी जमीन बेच दिया था। दो पक्ष राजेश वा रामअवतार की जमीन अभी बिकी नहीं है। इसमें राजेश का भी हिस्सा बनता है। राजेश के पिता की मृत्यु हो चुकी है। राजेश एक भाई और एक बहन है जिसमें बहन विकलांग है। राजेश चाहते हैं कि मैं सभी जमीन लीलावती कुशवाहा के हाथ बेच दूं। इसी लालच में लीलावती कुशवाहा उस जमीन पर कब्जेदारी करने के लिए पहुंची थी।

प्रबंधक-प्रधानाचार्य की बैठक में प्रधानमंत्री के 9वर्ष के कार्यों पर चर्चा

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

भाजपा द्वारा चलाए जा रहे महाजनसंपर्क अभियान के तहत शनिवार को एमएलके पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर जे पी पांडे के संयोजन में शनिवार को सेंट जेवियर्स हायर सेकेंडरी स्कूल में सदर विधानसभा क्षेत्र मे स्थित विद्यालयों के प्रबंधक तथा प्रधानाचार्यो के साथ बैठक आयोजित की गई। जानकारी के अनुसार 1 जुलाई को भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह की अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी के महासंपर्क अभियान के अंतर्गत जनसंपर्क हेतु बलरामपुर सदर विधानसभा क्षेत्र में स्थित विद्यालयों के प्रबंधक एवं प्रधानाचार्यों की बैठक सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल बलरामपुर में आयोजित हुई। बैठक मे प्रधानमंत्री कौशल विकास मिशन, खेलो इंडिया योजना के तहत स्कूली व यूनिवर्सिटी गेम के बारे में बताया। एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत भारतीय सांस्कृतिक विरासत के पुनरुद्धार, तकनीकी प्लेसमेंट पर जोर तथा व्यवसायिक शिक्षा पर अधिक प्रभाव देने की बात कही गई। कार्यक्रम के संयोजक एम एल के पी जी कॉलेज के प्राचार्य प्रोफ़ेसर जे पी पांडेय ने बताया कि देश में 2014 तक आठ एम्स 16 आईआईटी, 13 आईआईएम व 387 मेडिकल कॉलेज थे, जबकि 2023 तक क्रमशः 23 एआईआईएम्स, 23 आईआईटी एवं 20 आईआईएम हो गये हैं। मेडिकल कॉलेज 387 से बढ़कर 760 हो गए हैं। वहीं विश्वविद्यालयों की संख्या 2014 की तुलना में 720 से बढ़कर 1113 हो गई है। मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीए की सीटें दोगुनी हो गई हैं। उन्होंने नई शिक्षा नीति 2020 पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर भाजपा महामंत्री वरुण सिंह 'मोनू' सहित सेंटर जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के डायरेक्टर सुयश आनन्द, पायनियर पब्लिक स्कूल एवं इंटर कॉलेज के डायरेक्टर डॉक्टर एम पी तिवारी, एम पी पी इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य राकेश सिंह, शिक्षक नेता भगवती शुक्ला, हेमंत तिवारी, डॉक्टर लवकुश पाण्डेय, प्रमोद मिश्रा, रीता चौधरी, डॉक्टर पम्मी पान्डेय, अविनाश पांडे व शेष नारायण नारायण शुक्ला सहित तमाम शिक्षक व प्रबंधक मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर देवेश चंद्र श्रीवास्तव ने किया।

जिलाधिकारी व एसएसपी ने सुनी जनसामान्य की समस्याएं

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

जिलाधिकारी नितीश कुमार ने तहसील सदर में सुनी जन सामान्य की समस्याएं। जन सामान्य की समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराए जाने के उद्देश्य से माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को प्रत्येक तहसील में आयोजित होने वाले संपूर्ण समाधान दिवस के क्रम में आज जिलाधिकारी ने तहसील सदर में आये जनसामान्य/फरियादियों के समस्याओं को सुनकर यथासंभव मौके पर ही निस्तारित किया तथा शेष समस्याओं को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने हेतु सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने फरियादियों द्वारा प्राप्त चकमार्गो पर अतिक्रमण सम्बंधी शिकायती प्रार्थना पत्रों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर चकरोड को नक्शे के अनुसार कायम करने के निर्देश दिये। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि धान की रोपाई प्रारम्भ हो चुकी है इसके दृष्टिगत सभी नहरों एवं माइनरों में टेल तक पर्याप्त जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाय सभी ट्यूबेल निरन्तर क्रियाशील स्थिति में रखा जाय। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरण नय्यर, प्रभागीय वनाधिकारी सितांशु पांडेय, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट /उपजिलाधिकारी सदर विशाल कुमार, डिप्टी कलेक्टर रामकुमार पांडेय, सीओ सिटी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, पीडी (डीआरडीए), डीसी मनरेगा, सहित अन्य सम्बंधित विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

युवक की पिटाई कर शव फंदे से लटकाया

जन एक्सप्रेस/बहराइच। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में एक युवक की पिटाई कर हत्या कर दी गई इसके शव को फंदे से लटका दिया गया। जिसकी जानकारी परिजनों ने पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। फॉरेंसिक टीम भी जांच कर रही है। मामला कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के हेमरिया गांव का है। गांव के इकबाल का प्रेम प्रसंग भुस्सी की बेटी ललतुन से चल रहा था। दोनो एक दूसरे के रिश्तेदार भी है। दोनों एक दूसरे से शादी करना चाहते थे। लेकिन लड़की के परिवार के लोग राजी नहीं थे। दोनों की शादी को लेकर शुक्रवार को गांव में पंचायत हुई थी। लेकिन पंचायत में भी बात नहीं बनी। इस पर रात में प्रेमी ने प्रेमिका को मिलने के लिए बुलाया। इसकी भनक लगते ही प्रेमिका का पिता भूस्सी कुछ अन्य लोगों को लेकर मौके पर पहुंच गया। उनकी मदद से युवक की जमकर पिटाई की। जिससे उसकी मौत हो गई। इसके बाद शव को फंदे से लटका दिया। इसकी जानकारी परिजनों व गांव के लोगों ने पुलिस को दी।

तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

जन एक्सप्रेस। बहराइच

शासन के निर्देश पर प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में तहसील पयागपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी कविता मीना ने की। इस अवसर पर 140 आवेदन प्राप्त हुई है जिनमें से मौके पर सात का निस्तारण किया गया। शेष प्रार्थना पत्र को संबंधित विभागों के अधिकारियों को निस्तारण के लिए निर्देशित करते हुए सौंपा गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी पयागपुर दिनेश कुमार समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

सीडीओ मविता मीना ने कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी व शासन की प्राथमिकता है। सभी अधिकारी जनसमस्याओं के निस्तारण की गुणवत्ता व समयबद्धता पर विशेष ध्यान दें। आने वाले फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरता पूर्वक सुनवायी कर उसका सयमबद्धता के साथ निस्तारण सुनिश्चित कराये ताकि फरियादी को अनावश्यक रूप से भाग-दौड़ न करनी पड़े। समस्याओं के निस्तारण में इस बात पर विशेष ध्यान रखा जाय कि निस्तारण की कार्यवाही से फरियादी भी संतुष्ट दिखे। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं के निस्तारण के साथ-साथ पात्र एवं जरूरतमंद लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ भी दिलाने का प्रयास करें।

इस अवसर पर उपायुक्त मनरेगा के.डी. गोस्वामी, उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही, जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पाण्डेय, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी राजन कुमार, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी वी.पी. सत्यार्थी, अधि.अभि. जल निगम, जिला गन्ना अधिकारी सहित अन्य जिला सतरीय अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, थानाध्यक्ष व सीडीपीओ भी मौजूद रहे।

पयागपुर में आयोजित हुए समाधान दिवस में प्राप्त 140 आवेदन पत्रों में 07 का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बन्धित अधिकारियों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध कराये गये की प्रार्थना पत्रों का समयबद्धत्ता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित कराये। इसी प्रकार तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त 21 में 02, कैसरगंज में प्राप्त 76 में 02, नानपारा में प्राप्त 31 में 02, सदर में 33 में 04 तथा तहसील महसी में प्राप्त 30 में 03 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण मौके पर किया गया।

माँ कामाख्या में पौधरोपण महाअभियान की शुरुआत

शुद्ध वायु व शुद्ध जल आने वाली पीढ़ियों का अधिकार: विधायक रामचंद्र यादव

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

रुदौली विधानसभा के नवसृजित नगर पंचायत माँ कामाख्या धाम में पौधरोपण महाभियान का शुभारंभ हुआ।वन विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रुदौली विधायक रामचंद्र यादव रहे।इस मौके पर नगर पंचायत के चेयरमैन सहित सभासदों ने पौधरोपण का संकल्प लिया।विधायक ने पौधरोपण कर ग्रामीणों को निशुल्क पौधे भी वितरित किया।

इस मौके पर विधायक रामचंद्र यादव ने कहा कि सरकार पर्यावरण संरक्षण पर भी बेहद फोकस कर रही है।इसी क्रम में वन महोत्सव के अवसर पर 35 करोड़ पौधारोपण अभियान की शुरुआत हो रही है। विधायक ने उपस्थित जनसमूह को पौधरोपण के लिए प्रेरित किया।विधायक ने कहा कि बिगड़ते पर्यावरण से धरती का तापमान लगातार बढ़ रहा है। जिससे मानव जीवन, जीव-जंतु व पेड़ पौधों पर बुरा असर पड़ रहा है। हम सभी को अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए ताकि पर्यावरण की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। विधायक ने कहा कि शुद्ध वायु और शुद्ध जल आने वाली पीढ़ियों का अधिकार है।ये तभी संभव है, जब हम पर्यावरण को संरक्षण करेंगे और अधिक से अधिक पौधारोपण करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदूषण को कम करके शहर व गांव को हरा भरा बनाएं तथा ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाकर उनका संरक्षण करें, ताकि हमारा क्षेत्र हरा भरा रहे। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि प्रदूषण को कम करके पर्यावरण को बचाया जा सकता है। हम सभी को पर्यावरण के संरक्षण में आगे आना चाहिए। सभी को अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाने चाहिए। जितने अधिक पेड़ होंगे, पर्यावरण उतना ही स्वच्छ होगा। उन्होंने कहा कि वनों की संख्या लगातार कम हो रही है, जिससे धरती के तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है।डीएफओ सुधांशु पांडेय ने बताया कि जनपद को 40 लाख पौधरोपण का लक्ष्य रखा गया है। जिसकी तैयारियां पूरी हो चुकी है।

पौधरोपण के स्थानों का चिन्हांकन किया जा चुका है। इस मौके पर नगर पंचायत माँ कामाख्या धाम के चेयरमैन शीतला प्रसाद शुक्ल, सभासद राकेश यादव, तेज कुमार तिवारी, एसडीओ सुधीर रंजन, वनक्षेत्राधिकारी जेपी गुप्ता, वन दरोगा नरेंद्र राव, वनरक्षक हृदयराम यादव, भगौती प्रसाद यादव,हरि शंकर समेत अन्य मौजूद रहे।

स्व.गंगा सिंह यादव को अर्पित की गई श्रद्धांजलि

जन एक्सप्रेस/अयोध्या। जिला चिकित्सालय अयोध्या में समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष और वरिष्ठ नेता स्व. गंगा सिंह यादव को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनकी स्मृति में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का कार्यक्रम संपादित हुआ। कार्यक्रम में नि प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व विधायक अयोध्या जय शंकर पाण्डेय, जिलाध्यक्ष फैजाबाद पारसनाथ यादव, महंतबाल योगी राम दास (कर्तालिया आश्रम), महंत आनंद दास, देश दीपक यादव जिलाध्यक्ष संकल्प संस्थान, अवनीश मिश्रा जिला प्रभारी संकल्प संस्थान, रोली यादव पूर्व सदस्य एस सी एस टी आयोग, छेदी सिंह पूर्व प्रदेश सचिव, दान बहादुर सिंह जिलाध्यक्ष समाजवादी शिक्षक सभा, प्रतीक पाण्डेय सुभम, अंशू सिंबल भाई, अभिनव चतुर्वेदी, महेंद्र यादव, ललित यादव जिला उपाध्यक्ष, अनित शुक्ला जिला उपाध्यक्ष रमाकांत यादव पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख, इंद्रपाल यादव, सरोज यादव जिलाध्यक्ष समाजवादी महिला सभा, सत्य नारायण मौर्य, शोएब खान जिलाध्यक्ष मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड, आसिफ चांद भाई महानगर अध्यक्ष समाजवादी अल्पसंख्यक सभा, मो शाहीक, भूपेन्द्र पाण्डेय, महेंद्र यादव, आशु यादव, शिक्षक नेता आनंद शुक्ला, ई गौरव तिवारी, ई विशाल मिश्रा, मायाराम यादव आदि साथी मौजूद रहे।

एमपी से सिकल सेल डिजीज उन्मूलन मिशन का पीएम ने किया शुभारम्भ

जन एक्सप्रेस। बहराइच

अनुवांशिक ब्लड डिसार्डर सिकल सेल रोग उन्मूलन के लिए प्रदेश के 16 जनजातीय बाहुल्य जिलों में पीड़ितों की जांच उपचार व रोग प्रबंधन के लिए सिकल सेल डिजीज उन्मूलन मिशन 2047 तथा राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न योजनाओं का देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मध्यप्रदेश के शहडोल जिले से शुभारम्भ किया गया। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, स्वास्थ्य राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह व अन्य जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों के साथ मिहींपुरवा स्थित कुड़वा हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद रहकर वर्चुअल माध्यम से प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर सांसद बहराइच अक्षयवर लाल गोंड, एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक महसी सुरेश्वर सिंह, पयागपुर के सुभाष त्रिपाठी, बलहा की सरोज सोनकर, नानपारा के राम निवास वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष श्यामकरन टेकड़ीवाल, प्रमुख मीहींपुरवा अभिषेक वर्मा, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य पार्थ सेन सारथी शर्मा, जिलाधिकारी मोनिका रानी, पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा, मुख्य राजस्व अधिकारी अवधेश कुमार मिश्र, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण पवित्र मोहन त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा मोतीपुर संजय कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी राहुल पाण्डेय, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस.के. सिंह व अन्य अधिकारी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि यह बीमारी पूरे देश, विशेषकर आदिवासी लोगों के लिए गंभीर चिंता का कारण रही है। एक अनुमान के मुताबिक सात करोड़ से अधिक आदिवासी लोगों में यह गंभीर बीमारी देखी जा रही है। इसी के जोखिमों को ध्यान में रखते हुए साल 2047 तक इस रोग को भारत से जड़ से खत्म करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी संकल्प को अमलीजामा पहनाने के उद्देश्य से मां. प्रधानमंत्री जी द्वारा मिशन का श्रीगणेश किया गया है। सिकल सेल एनीमिया रक्त से संबंधित विकार है। यह वंशानुगत विकारों के समूह में से एक है जिसे सिकल सेल रोग के रूप में जाना जाता है। सिकल सेल रोग, दोषपूर्ण हीमोग्लोबिन से संबंधित मानी जाती है, जिसमें ऊतकों तक ऑक्सीजन युक्त रक्त का प्रवाह बाधित हो जाता है, जो कई गंभीर रोगों का कारण बनती है। इस परिदृश्य में यदि आकांक्षात्मक जनपद बहराइच की बात की जाय तो विकास खण्ड मिहींपुरवा में थारू जनजाति की जनसंख्या लगभग 10681 है। जिन्हें इस कार्यक्रम से प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा। कुड़वा में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री पाठक ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार देश व प्रदेश के नागरिकों को बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव का जन्मदिन लोक कल्याण दिवस के रुप में मनाया

* जिला अस्पताल व वृद्ध आश्रम में फलों का किया वितरण कार्यालय पर केक काटा

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

सपा प्रमुख अखिलेश यादव का जन्मदिन सपाइयों ने लोक कल्याण दिवस के रुप में मनाया।

इस अवसर पर जिला कार्यालय पर सपा जिला अध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने केक काटकर खुशी का इजहार किया। साथ ही इसके जिला अस्पताल में मरीजों को फल वितरण किये। वही वृद्ध सेवा आश्रम में भी भोजन व फल का वितरण किया गया। लोकसभा चुनाव में हर हालत में सपा का सांसद बनाने का संकल्प लिया गया। सर्वप्रथम सपा के जिला कार्यालय पर सपा प्रमुख के जन्म दिवस के अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने कहा कि सपा सरकार ने जितने काम किए हैं। उतने भाजपा सरकार कभी सपने में सोच भी नहीं सकती। योगी सरकार जनता को सांप्रदायिक आधार पर बांटकर झूठ की सियासत कर रही है। उन्होंने कहा भाजपा की संप्रदायिक सियासत ने देश और समाज का काफी नुकसान किया है। भाजपा की दमनकारी नीतियों की वजह से हर तरफ त्राहि-त्राहि मची हुई है। भाजपा सरकार विपक्षियों को कुचलना चाहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा सबक सिखाने के लिए लोकसभा चुनाव में हर हाल में पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी को जिताना होगा। उन्होंने कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी लोकसभा चुनाव में भारी जीत दर्ज करेगी। समाजवादी पार्टी ही भाजपा सरकार के पतन का कारण बनेगी। सपा के जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी ने कहा कि सिर्फ समाजवादी पार्टी ही भाजपा को रोक सकती है। भाजपा की सांप्रदायिक गतिविधियों पर अंकुश लगा सकती है। उन्होंने कहा कि भाजपा की दमनकारी नीतियों के खिलाफ एकजुट हो। अपने अधिकारों को हासिल करने के लिए आगे आए। बेरोजगारी भ्रष्टाचार सांप्रदायिकता के खिलाफ आवाज बुलंद करें। उन्होंने कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव करोड़ों भारतवासियों के प्रेरणा स्रोत हैं। भाजपा के पतन में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव ही निभाएंगे। सपा के जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव को युवा हृदय सम्राट की उपाधि देते हुए कहा कि उनसे ज्यादा देश में कोई युवा नेता लोकप्रिय नहीं है। यह अखिलेश यादव ही हैं जो भाजपा को चुनौती दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब सेक्यूलर व्यक्ति को सपा प्रमुख के साथ आना होगा। 2024 के लोकसभा चुनाव भाजपा के ताबूत में आखिरी कील साबित होंगे भाजपा को करारी शिकस्त का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा वास्तव में समाजवादी पार्टी से ही खौफ खाती है और यही समाजवादी पार्टी उसे सत्ता से उखाड़ फेकेगी। बैठक का संचालन अमित पाठक ने किया, गोष्ठी के बाद मिष्ठान वितरण का कार्यक्रम हुआ।

डॉक्टरों को प्रमाण-पत्र देकर किया सम्मानित

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

पूरनपुर। डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में इनरव्हील क्लब ऑफ पूरनपुर पर्ल्स ने डॉक्टरों को सम्मानित किया। इस दौरान समाज में डॉक्टरों के सहयोग और योगदान के बारे में चर्चा की गई। शनिवार को डॉक्टर्स डे मनाया गया। इस दौरान इनरव्हील क्लब ऑफ पूरनपुर पर्ल्स ने कस्बे के प्रतिष्ठित डॉक्टरों को सम्मानित किया। क्लब की प्रेसिडेंट श्वेता गुप्ता चार्टर प्रेसिडेंट पूनम अग्रवाल ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान एमओआईसी डा.अनिकेत गंगवार, डॉक्टर सुधाकर पांडे , डॉक्टर प्रिया पांडे, डॉ अनुभव गुप्ता, डॉ मनदीप सिंह , डॉ एस एस चंदी , डॉ किरण अग्रवाल, प्रियंका चतुर्वेदी, डॉक्टर रनदीप कौर चंदी, डॉक्टर नीरज खंडेलवाल आदि लोगों को सम्मानित किया। इस दौरान डॉक्टरों द्वारा किए गए समाज हित के कार्यों की चर्चा करते हुए सराहना की गई।

कूड़ा डालने का विरोध करने पर अधिवक्ता को पीटा

* धारदार हथियार लेकर घर में घुसे लोगों ने परिजनों से की हाथापाई

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

पूरनपुर। घर के सामने कूड़ा डालने को लेकर एक अधिवक्ता का पड़ोसियों से विवाद हो गया। आरोप है पड़ोसियों ने घर में घुसकर अधिवक्ता और उसके परिजनों पर हमला कर दिया। मारपीट में सभी घायल हो गए। शिकायत के लिए जाने पर अधिवक्ता को पड़ोसियों ने बंधक बना लिया। बमुश्किल पुलिस के पास पहुंचे अधिवक्ता ने कार्रवाई के लिए शिकायत की है। थाना घुंघचाई क्षेत्र के गांव चंदुईया के रहने वाले उत्तम कुमार बोस अधिवक्ता हैं। शुक्रवार की शाम उनके पड़ोसियों ने अधिवक्ता के घर के सामने रास्ते में कूड़ा डाल दिया। जब अधिवक्ता ने इसका विरोध किया तो पड़ोसी गाली गलौज करने लगा। आरोप है पड़ोसी कई लोगों के साथ धारदार हथियार लेकर अधिवक्ता के घर में घुस आया और उसने अधिवक्ता के साथ ही नहीं उनके चाचा और पिता के साथ भी मारपीट की। ईट फेंक कर मारने से अधिवक्ता के चाचा कृष्ण चंद्र बोस घायल हो गए। मारपीट के बाद जब अधिवक्ता शिकायत के लिए घुंघचाई थाने में जा रहे थे। आरोप है पड़ोसियों ने रास्ता घेर कर उन्हें बंधक बना लिया। अधिवक्ता ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। अधिवक्ता ने कहा है कि वह विधिक कार्य के लिए रोजाना पूरनपुर आते जाते हैं। पड़ोसियों से उन्हें जान माल का खतरा है। उन्होंने कार्रवाई की मांग की है।

बायोवेद शोध संस्थान में लाख की खेती ने बदला नजरिया

जन एक्सप्रेस
स्पेशल रिपोर्ट
शिवाशंकर पाण्डेय

* कम मेहनत, शून्य लागत, मुनाफा भी जोरदार

प्रयागराज। बायोवेद शोध संस्थान ने लाख की खेती को पुनर्जीवित कर खेती बारी का नजरिया बदल दिया है। दुनिया के कई देशों में 'विदेशी-यात्रा' करने वाले लाख का उत्पादन अब बायोवेद शोध फार्म में हो रहा है। बायोवेद कृषि प्रौद्योगिकी शोध संस्थान के निदेशक डॉ बृजेश कांत द्विवेदी खास भूमिका निभा रहे हैं। कृषि वैज्ञानिक डॉश द्विवेदी की लगन और सोच ने यहां कई एकड़ परिसर में लाख की खेती को पुनर्जीवित करने का कार्य किया है। इसका सुखद परिणाम सामने है। डॉश द्विवेदी ने बताया कि लाख की खेती बहुत आसान और भारी नफे वाली है। शून्य लागत और कम मेहनत में यह तैयार होती है। दावा किया कि उत्तर प्रदेश में अभी यह मृतप्राय की दशा में है। अन्य देशों की तुलना में भारत में लाख का उत्पादन सबसे अधिक होता है। भारत में उत्पादित 80 प्रतिशत लाख का निर्यात दुनिया के कई देशों में प्रतिवर्ष होता है भारत में सबसे अधिक लाख का उत्पादन झारखंड पश्चिम बंगाल छत्तीसगढ़ एवं मध्य प्रदेश के प्रदेशों में अधिक होता है लेकिन इन प्रदेशों में उत्पादित लाख का 60त्न का खरीदार उत्तर प्रदेश है। डॉश द्विवेदी के मुताबिक, वर्ष 2000 के पहले उत्तर प्रदेश में लाख का उत्पादन लगभग शून्य था। बायोबेद शोध संस्थान ने 2000 के बाद उत्तर प्रदेश में लाख की खेती का शुभारंभ किया। वर्तमान में 600 से 800 कुंटल हर साल लाख उत्पादित हो रही है। लाख के प्रति लोगों की जागरूकता हेतु श्रृंगवेरपुर ब्लॉक के 51 ग्राम सभा के प्रत्येक ग्राम सभा के 10 लोगों को 10 पेड़ फ्लेमेंजिया और पांच कुसुम पेड़ों को निशुल्क उपलब्ध कराया गया। प्रत्येक ग्राम सभा के कृषक आत्मनिर्भर के साथ कृषि आमदनी प्रतिवर्ष न्यूनतम 20 से 25 हजार रुपए सालाना बढ़ सके। लाख का बिक्री दर न्यूनतम एक हजार से सोलह सौ रुपए प्रति किलो है, जो किसी भी कृषि उत्पाद से कई गुना ज्यादा है। जलवायु परिवर्तन वैश्विक तापमान में वृद्धि जैसी समस्या से छुटकारा मिलेगा। इसके अलावा किसानों को कार्बन क्रेडिट का भी लाभ मिलेगा। यूपी में लाख को कृषि का दर्जा न मिल पाने से लाख की उपज ज्यादा संतोषजनक तरीके से नहीं हो पा रही है। डॉ. द्विवेदी ने 'जन एक्सप्रेस' को बताया कि इस मामले में क्षेत्रीय सांसद केशरी देवी पटेल के जरिए सरकार का ध्यान दिलाया। करीब सालभर पहले राज्य सरकार से भी लिखापढ़ी कर इस बात पर जोर दिया गया कि लाख की खेती हर मायने में बेहतर है। किसानों को इसके लिए प्रेरित किया जाए। लाख की मांग बाहरी देशों में ज्यादा है।

संचारी रोगों पर नियंत्रण को शुरू हुआ अभियान

* भाजपा विधायक विवेक वर्मा ने किया शुभारंभ, 31 जुलाई तक चलेगा यह विशेष अभियान
* आशा और आंगनबाड़ी घर-घर जाकर देंगी टीबी, फाइलेरिया से बचाव की भी जानकारी

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

डेंगू, मलेरिया, फाइलेरिया जैसी संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के लिए अगले एक महीने तक चलने वाला संचारी रोग अभियान शनिवार को शुरू हुआ। जनपद की तहसील बीसलपुर से भाजपा विधायक विवेक वर्मा ने सीएससी पर फीता काटकर अभियान का शुभारंभ किया। सीएमओ डॉक्टर आलोक कुमार डब्ल्यूएचओ से एसीएमओ विपिन कुमार यूनिसेफ से डीएमसी इरशाद खान मलेरिया अधिकारी डॉ राजीव मौर्य ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली का आगाज किया एवं संचारी रोग नियंत्रण करने के लिए सभी को शपथ दिलाई। इस मौके पर विधायक ने कहा कि बारिश में जलभराव से मच्छर पनपते हैं और इससे डेंगू, मलेरिया, फाइलेरिया जैसी बीमारियां फैलती हैं। इसलिए संचारी रोगों से बचने के लिए आसपास की सफाई जरूरी है। उन्होंने कहा कि आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वह लोगों को टीबी और फाइलेरिया से बचाव की भी जानकारी दें। लोग बीमारियों के बारे में जागरूक रहेंगे तो उससे बचाव करना भी आसान होगा। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ राजीव मौर्य ने बताया कि मच्छरों से डेंगू, जापानी इंसेफेलाइटिस, मलेरिया, चिकनगुनिया फैलता है। बचाव के लिए नालियों की सफाई व झाड़ियों की कटाई जरूरी है। जिन नल, हैंडपंप में पीला निशान लगाया जाता है, पीने के पानी का उपयोग इसी हैंडपंप से करना चाहिए। इसके अलावा पानी को उबालकर ठंडा कर पीना बेहतर उपाय है। उन्होंने बताया कि बच्चों को जापानी बुखार से बचाने के लिए नौ माह और 16 माह पूर्ण होने पर जेई टीका जरूर लगवाना चाहिए।

यह बातें रखें ध्यान

- डेंगू, चिकनगुनिया का एडीस मच्छर दिन में काटता है एवं कृत्रिम रूप से इकट्ठा हुए पानी में पनपता है।
- जापानी बुखार एवं फाइलेरिया फैलाने वाला क्यूलेक्स मच्छर रात में काटते हैं और रुके हुए पानी में पनपते हैं।
- मलेरिया फैलाने वाला एनाफिलीज मच्छर शाम से सुबह तक काटता है एवं साफ ठहरे हुए पानी में पनपता है।

"जनपद में आज यानि एक जुलाई से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान शुरू हो रहा है। यह अभियान 31 जुलाई तक चलेगा। इस दौरान जनपदवासियों को वेक्टर जनित रोगों, जल जनित रोगों व लू आदि से बचाव व उपचार के बारे में जागरूक किया जाएगा। इसी बीच 17 से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान भी संचालित किया जाएगा।

-डॉ आलोक कुमार
मुख्य चिकित्साधिकारी

जनमानस भी हो रहा जागरूक

- बीसलपुर निवासी राजेश कुमार ने बताया कि बरसात के दिनों में उनके घर के आसपास बहुत मच्छर हो जाते हैं जिससे बचने के लिए वह नालियों की सफाई कराते हैं। अगर किसी को बुखार हो जाए तो वह फौरन अस्पताल में दिखाने की कोशिश करते हैं ताकि सही इलाज मिल सके।
- पहाड़गंज निवासी पूनम ने बताया कि वह मच्छरदानी का प्रयोग करती हैं। इसके अलावा घर के आसपास और मोहल्ले में भी सफाई का ध्यान रखती हैं।

अभिभावक व छात्रों का भी करेंगे संवेदीकरण

डीएमओ डॉ राजीव मौर्य ने बताया कि स्कूलों में शिक्षकों के माध्यम से दिमागी बुखार व अन्य वेक्टर जनित रोग जैसे मलेरिया, फाइलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, जेई/एईएस, कालाजार, स्क्रबटाइ?फस, लेप्टोस्पाइरोसिस और जलजनित रोगों, लू आदि से बचाव, रोकथाम व उपचार के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी जाएगी। शिक्षा विभाग की ओर से पुस्तकों के वितरण के समय अभिभावकों का भी संवेदीकरण किया जाएगा। स्कूलों में पोस्टर प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, क्विज प्रतिस्पर्धा, निबंध लेखन आदि के माध्यम से छात्रों को रोगों से बचाव, पर्यावरणीय स्वच्छता और व्यक्तिगत स्वच्छता के विषय में बताया जाएगा।

17 जुलाई से शुरू होगा दस्तक अभियान

संचारी रोग नियंत्रण अभियान के दौरान ही 17 जुलाई से दस्तक अभियान शुरू होगा। इस दौरान घर-घर संपर्क कर रहीं आशा स्टीकर लगाकर सुनिश्चित करेंगी कि घर के सदस्य किसी भी तरह के बुखार के समय नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर संपर्क करें। अभियान के दौरान आशा रोज अपने काम की सूचना एएनएम को उपलब्ध कराएंगी। आशा बुखार, इन्फ्लुएंजा ग्रसित लोगों, क्षय रोग के लक्षण वाले व्यक्तियों, कुपोषित बच्चों और ऐसे मकान जहां घरों के भीतर मच्छरों का प्रजनन पाया गया हो, उनकी जानकारी मुहैया कराएंगी।

हंडिया के भेलसी में पुलिस निष्क्रिय, दस दिन में चार चोरियां, खुलासा किसी का नहीं

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज

गंगानगर के हंडिया थाना क्षेत्र में पुलिस निष्क्रिय और चोर सक्रिय हैं। यहां चोरों के हौसले बुलंद हैं और पुलिस अपनी चैन की नींद सो रही है। आलम यह है कि हंडिया थाना क्षेत्र के अकेले भेलसी गांव में पिछले दस दिनों में चार अलग अलग स्थानों पर चोरी की वारदातें हो चुकी हैं। खास बात यह कि इन चोरियों में किसी भी घटना का खुलासा पुलिस नहीं कर सकी है। लिहाजा भुक्तभोगी परेशान हैं। बीती रात भेलसी गांव में रमादत्त दुबे के घर को चोर खंगाल ले गए। बताया जा रहा है कि रमादत्त दुबे का परिवार इन दिनों महाराष्ट्र में है। चोर यहां से हजारों रुपए नकद, गहने और घर में रखे महंगे सामान उठा ले गए। सुबह जानकारी होने पर लोगों ने पुलिस को सूचना दी। लगातार चोरी से इलाके के लोगों में असुरक्षा का माहौल है।

अरई घाट पर डूबने से तीन किशोरों में एक की मौत

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज

यमुनानगर। करछना क्षेत्र स्थित टोंस नदी में शनिवार दोपहर नहाने गए तीन युवक डुबने लगे। दो को तो बचा लिया गया, लेकिन एक किशोर की डूबकर मौत हो गई। पुलिस ने डूबे किशोर के शव को कब्जे में लेने की कोशिश की तो परिजनों से बहस होने लगी। कुछ देर बाद स्थिति सामान्य हुई। उसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया। यमुनानगर के करछना थानांतर्गत निरिया गांव निवासी अंकित कुमार विश्वकर्मा (16) पुत्र संजय विश्वकर्मा 11वीं कक्षा में पढ़ता था। शनिवार पूर्वान्ह अंकित अपने संगी साथियों मंजीत यादव, रिषभ विश्वकर्मा के साथ अरई गांव के पास स्थित टोंस नदी में स्नान करने गया था। सभी मित्र नदी में नहा रहे थे। नहाते समय पानी में खेलने लगे। खेलने के दौरान गहरे पानी में जाने से अंकित डूबने लगा। उसे डूबता देख उसके दोस्तों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन बचा नहीं पाए। इस दौरान वह भी डूबने लगे। शोर मचाने पर घाट पर मौजूद लोगों का ध्यान गया। सभी बच्चों को बचाने दौड़े। मौके पर दो को बाहर निकाल लिया गया, लेकिन अंकित को बचाया नहीं जा सका। घरवालों को सूचना दी गई। पता चलने पर परिवार के लोग बदहवास घाट पर पहुंचे। पुलिस बुलाई गई। गोताखोर नहीं मिल रहे थे, तो फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची और घंटों कड़ी मशक्कत के बाद अंकित के शव को बाहर निकाला। घटना के संबंध में करछना थाना प्रभारी ने बताया कि परिजन शव को घर लेकर चले गए थे। वहां पर परिजन अधिकारियों से मुआवजे की मांग करने लगे। मौके पर पहुंचे हल्का लेखपाल ने लोगों को समझा कर शांत कराया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

धू-धू कर जला ट्रांसफार्मर गांव की बत्ती गुल

जन एक्सप्रेस । वाराणसी

दानगंज। विकास खंड वाराणसी चोलापुर के ग्राम लखनपुर चौहान बस्ती के त्रीमुहानी पर लगा 25 केबीए का विद्युत ट्रांसफार्मर शनिवार दोपहर को अचानक से तेज आवाज के साथ धू-धू कर जलने लगा। बस्ती की विद्युत सप्लाई बन्द हो गई वही प्रत्यक्षदर्शीयो ने बताया कि देखते ही देखते विद्युत ट्रांसफार्मर आग का गोला बन तेज आवाज के साथ उंचे लपटो में तब्दील हो जलने लगा। ग्रामीणों ने विद्युत उपकेन्द्र चोलापुर के जेई अमित शेखर सिंह से बात करते हुए जलते ट्रांसफार्मर का बीडियो बना कर भेजा। जेई अमित शेखर सिंह ने ट्रांसफार्मर को दुरुश्त करवाने एवं गांव की विद्युत सप्लाई जल्द करने की बात कही।

परीक्षा देने जा रहे बाइक सवार युवक की सडक दुर्घटना में मौत

जन एक्सप्रेस । वाराणसी

दानगंज। वाराणसी चोलापुर थाना अंतर्गत धरसौना बाईपास ग्राम मुरली स्थित बाइक सवार युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई , जानकारी के अनुसार शनीवार प्रातः लालू यादव उम्र लगभग 24 वर्ष पुत्र लालचन्द यादव निवासी जमीनवारी थाना निजामाबाद जनपद आजमगढ़ और अपने मित्र इंद्रेश यादव 24 वर्ष निवासी असनी निजामाबाद आजमगढ़ के साथ अपनी बाइक से वाराणसी आ रहे थे। सीआरपीएफ की परीक्षा देने जिनकी बाइक धरसौना के ग्राम मुरली बाईपास हाईवे पर बाइक के पहिए के निचे पत्थर का टुकडा आ जाने से लालु बईक से नियंत्रण खो बैठा। और बाइक सड़क पर बने डिवाइडर से टकरा जाने के कारण बाइक चला रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी सूचना पर थाना चोलापुर प्रभारी निरीक्षक राजेश त्रिपाठी द्वारा घायल युवक के परिजनो को सूचना देते हुए दोनो युवको को सीएचसी चोलापुर लाया गया जहां डॉक्टरों ने गुड्डू यादव उर्फ लालू यादव को मृत घोषित कर दिया । वही पीछे बैठे मित्र इंद्रेश का प्राथमिक उपचार कर छोड़ दिया गया पुलिस पंचनामा कर पीएम के लिए शहर भेज दिया।

टक्कर मारने के बाद कार पलटी, शिक्षक गंभीर, कार में सवार तीन घायल

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज

यमुनानगर। नैनी केंद्रीय कारागार के प्रवेश द्वार के सामने नैनी-मिर्जापुर मार्ग पर शनिवार दोपहर तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार शिक्षक को टक्कर मार दी। वहीं कार भी अनियंत्रित होकर पलट गई। बाइक सवार शिक्षक की हालत गंभीर बनी हुई है। जबकि कार सवार तीन लोग भी घायल हैं। नैनी कोतवाली अंतर्गत जेल गेट के सामने नैनी-मिर्जापुर मार्ग पर हुई घटना की सूचना पर पहुंची इलाकाई पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भेजवाया। जहां हालत गंभीर बताते हुए सभी को स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी अनुसार प्रयागराज के करछना थाना क्षेत्र में पचदेवरा गांव निवासी रमाकांत पांडेय (42) पुत्र इंद्रदेव पांडेय शहर के कैंट इलाके में स्थित मिलिट्री स्कूल में संविदा शिक्षक है। वह बाइक से शनिवार दोपहर स्कूल से अपने घर जा रहे थे। जेल के समीप स्थित पावर हाउस के सामने मिर्जापुर हाईवे पर गलत दिशा से आ रही कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। तेज रफ्तार कार बाइक सवार को टक्कर मारने के बाद अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के बाद वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। जहां से घायल शिक्षक रमाकांत पांडेय की हालत गंभीर बताते हुए। डॉक्टरों ने स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय रेफर कर दिया। नैनी इंस्पेक्टर बृजेश सिंह ने बताया कि शिक्षक की हालत बेहद गंभीर है। कुछ कहा नहीं जा सकता है। उनके घरवालों को सूचना दे दी गई है। कार सवार तीनों लोग खतरे से बाहर बताए जा रहे है।

श्री ब्राह्मण समाज (मैथिल ब्राह्मण) कल्याण समिति प्रतिभाशाली छात्रों को करेगी सम्मानित

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

ब्राह्मण कल्याण समिति पीलीभीत के तत्वाधान में आज रविवार को पीलीभीत के शिव शक्ति बारात घर में सजातीय प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मानित करेगी। यह ऐसे छात्र-छात्राएं होंगे जिन्होंने हाईस्कूल इंटर स्नातक परास्नातक अन्य व्यवसायिक कोर्स में 70त्न या उससे अधिक अंक अर्जित किए हैं ऐसे छात्र छात्राओं को स्मृति चिन्ह तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा कार्यक्रम में सजातीय 80 या 80 से अधिक आयु के वरिष्ठ जनों को तथा सजातीय साहित्य प्रेमियों को भी सम्मानित करने के साथ पांडित्य कर्म करने वाले आचार्य को भी सम्मानित किया जाएगा। आपको बता दें कि ब्राह्मण समाज कल्याण समिति अपना 18वां वार्षिक महोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन 2 जुलाई 2023 को प्रातः 9:00 बजे से स्थानीय शिव शक्ति बारात घर में आयोजित कर रहा है।

रोटरी क्लब ने मनाया डॉक्टर्स डे एवं अंतरराष्ट्रीय रोटरी नव वर्ष

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

पूरनपुर। डॉक्टर्स डे एवं अंतर्राष्ट्रीय रोटरी नव वर्ष पर रोटरी क्लब रॉयल्स ने जांच शिविर लगाया। इसमें लोगों का उपचार किया गया। आगामी कार्यक्रम को लेकर रणनीति बनाई गई। शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय रोटरी नव वर्ष मनाया गया। इसके साथ ही रोटरी क्लब पूरनपुर रॉयल्स ने डॉक्टर्स डे भी मनाया। इस अवसर पर डॉक्टर चंदी अस्पताल, सतगुरु डेंटल क्लीनिक तथा हेल्थ केयर पैथ लैब पर जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया। क्लब के संस्थापक अध्यक्ष कौशलेंद्र भदौरिया ने बताया डॉक्टर्स डे के अवसर पर विभिन्न अस्पतालों में जो कि रोटरी क्लब पूरनपुर रॉयल्स के सदस्य भी हैं। उनके यहां स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें जरूरतमंद लोगों की जांच एवं इलाज की गई। रोटरी वर्ष 23-24 का प्रथम दिन है। रोटरी क्लब पूरनपुर रॉयल्स के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रोटेरियन शेखर सिंह, सचिव ऋषि खन्ना कोषाध्यक्ष मनराज मंडेर ने सभी रोटेरियन साथियों को शुभकामनाएं दीं।

सूफियाना क़व्वाली की सजी महफिल

नवाबगंज। वक़्फ़ दरगाह हज़रत सय्यद गौहर अ़ली अलमारूफ़ भीटा शाह बाबा रहमातुल्लाह अलैह स्थित ग्राम परसौना में इन्तिजामिया कमेंटी की जानिब से दरगाह प्रमुख पीरे तरीक़त हज़रत शाह मोहम्मद वसीम मियां चिश्ती साबरी साहब की सरपरस्ती में मनाए जा रहे उर्से गौहरी के दूसरे दिन सूफ़ियाना क़व्वाली की महफ़िल सजाई गई।

मीरगंज सुनारी गली में दीवार से दबकर अधेड़ की मौत

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज

शहर स्थित कोतवाली थाना क्षेत्र के मीरगंज की सुनारी फाटक वाली गली में देर रात कमरे की दीवार गिरने से एक अधेड़ की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि ध्रुव कुमार गुप्ता के यहां रहकर अनिल कुमार शर्मा उर्फ शंभू (45) काम करता था। उनके ऊपर वाले घर में रहकर सो जाया करता था। बीती रात भी वह खाना खाकर सोने चला गया। बताया जा रहा है कि पलंग पर लेटा था तभी ऊपरी हिस्से में बने कमरे की 8 फुट की दीवार अचानक गिर पड़ी और वह उसी के नीचे दब गया। सुबह जब लोगों ने खोजबीन शुरू की तो उसका शव देखकर इलाके में हड़कंप मच गया।

पूर्व विधायक प्रभाशंकर की अगुवाई में शहर उत्तरी में अभियान

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज

भाजपा का अपना बूथ सबसे मजबूत अभियान लगातार जारी है। पार्टी के नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता इस अभियान को लेकर सक्रिय हैं। प्रयागराज भाजपा महानगर शहर उत्तरी विधानसभा क्षेत्र के शिवकुटी मण्डल में यह अभियान डोर टू डोर चलाया गया। तेलियरगंज वार्ड से लेकर अन्य सेक्टरों जोंधवल, शंकरघाट में स्थानीय पूर्व विधायक प्रभाशंकर पांडेय ने मंडल कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के साथ अभियान के तहत डोर टू डोर लोगों से संपर्क करके भाजपा की नीतियों और उपलब्धियों के बारे में अवगत कराया। पूर्व जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक श्री पाण्डेय के साथ वार्ड अध्यक्ष रोशन सिंह, मंडल महामंत्री मणिशंकर शुक्ला, रवि शंकर पाण्डेय के अलावा बड़ी संख्या में मंडल के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

लापरवाह नगर पालिका परिषद गंगाघाट क्या संचारी रोगों पर कर पाएगा नियंत्रण?

संचारी रोग अभियान की शुरुआत करती हुईं जिलाधिकारी व अन्य ।

नगर पालिका परिषद गंगाघाट द्वारा नहीं कराई गई दूषित जल निकासी की व्यवस्था

एक ओर जनपद की कर्तव्यनिष्ठ जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे संचारी रोगों पर काबू पाने के लिए अभियान आरंभ कर चुकी है तो वहीं दूसरी ओर उनके दावों को ठेंगा दिखाने का काम नगर पालिका परिषद गंगाघाट कर रही है। नगर पालिका परिषद गंगाघाट के जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण क्षेत्र में आने वाले स्कूलों के आसपास भीषण गंदगी व जलभराव है। इन स्कूलों में कुछ दिन में ही हमारे नौनिहाल अपनी शिक्षा ग्रहण करने के लिए आएंगे जो लगभग चार से पांच घंटे तक स्कूल में बिताएंगे स्वास्थ्य विभाग के साथ ही शिक्षा विभाग को भी अपनी जिम्मेदारी समझते हुए इन स्कूलों के आसपास भीषण गंदगी व जलभराव को संज्ञान में लेकर कार्यवाही हेतु आवश्यक दिशा निर्देश देने की आवश्यकता है।

जन एक्सप्रेस। पंकज यादव

उन्नाव/शुक्लागंज। शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक वर्ष अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य सहयोगी विभागों द्वारा चलाए जाने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरुआत बीते दिन जिलाधिकारी द्वारा शपथ दिलाकर की गई । संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत जिला संयुक्त चिकित्सालय उन्नाव तहसील बीघापुर से जागरूकता रैली का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे मौजूद दस्तक अभियान के अंतर्गत लोगों को साफ सफाई सामुदायिक स्वच्छता संबंधी शपथ दिलाई विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान जो दस्तक अभियान को प्रभावी रूप से संचालित कराए जाने के लिए समस्त अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने अपने क्षेत्र की नगर निकायों अभियान से संबंधित तैयारियां एवं व्यवस्थाओं को अवश्य सुनिश्चित कर लें जिससे अभियान में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न ना हो ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों में जलभराव की समस्या को दुरुस्त किया जाए व नियमित रूप से साफ सफाई एवं एंटी लारवा का छिड़काव किया जाए ताकि संचारी रोगों को नियंत्रित किया जा सके।

मवेशी से टकराकर दंपत्ति गंभीर घायल

जन एक्सप्रेस । नवाबगंज, उन्नाव

बाइक से पत्नी की दवा लेने जा रहे पति की बाइक मवेशी से टकराकर गिर गई। जिससे पति पत्नी घायल हो गये। परिजनों ने जिन्हें 108 एंबुलेंस से सीएचसी में भर्ती कराया। पति को नाजुक हालत के चलते चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

अजगैन कोतवाली क्षेत्र के छतईखेड़ा गांव निवासी जाहिद पुत्र जिलफू 35 वर्ष शनिवार शाम को बाइक से अपनी पत्नी रुखसाना को लेकर दवा दिलाने नवाबगंज जा रहा था। इस दौरान अजगैन बाजार रोड रेलवे क्रासिंग के समीप बाइक के सामने अचानक मवेसी आने से बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। जिससे पति पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें परिजनों ने 108 एंबुलेंस से सीएचसी नवाबगंज में भर्ती कराया। जहां पति जाहिद की हालत नाजुक देख चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

फास्ट फॉरवर्ड

युवक ने निगला जहरीला पदार्थ बेसुध हालत में भर्ती

जन एक्सप्रेस/नवाबगंज उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के हरचंदपुर गांव निवासी युवक ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। जिसके बाद रास्ते में पड़े युवक को पहचान रिश्तेदारों ने नवाबगंज सीएससी में भर्ती कराया। जहां नाजुक हालत के चलते चिकित्सक ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के हरचंदपुर गांव निवासी युवक सुमित पुत्र नोखेलाल उम्र करीब 18 वर्ष ने शनिवार दोपहर बेसुध हालत में सोहरामऊ थाना क्षेत्र के सराय जोगा-हरचंदपुर मार्ग के किनारे पड़ा था। इस दौरान बोधीखेड़ा निवासी उसकी बुआ का परिवार खेतों में काम करने के लिए निकला। जिसने उसे पहचान कर 108 एंबुलेंस की मदद से नवाबगंज सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने उसको नाजुक हालत के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बोधीखेड़ा निवासी बुआ मुन्नी देवी ने बताया की शनिवार दोपहर भतीजे सुमित ने माता पिता से झगड़ा करने के बाद जहरीला पदार्थ निगल लिया। जोकि सरायजोगा मार्ग के समीप खंती में पड़ा था। बुआ ने बताया कि परिजनों सहित खेत जा रही थी जहां इसको पड़ा देखा तो नवाबगंज स्वास्थ्य केंद्र लेकर आई।

बिल्हौर संपूर्ण समाधान दिवस में आयीं 80 शिकायतों में एक शिकायत का मौके पर हुआ निस्तारण

जन एक्सप्रेस/बिल्हौर। बिल्हौर तहसील के ब्लाक सभागार में बीते दिन शनिवार को सम्पन्न हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम रश्मि लांबा, तहसीलदार सीपी सिंह और एसीपी आईपी सिंह, नायब तहसीलदार सीपी राजपूत, दिव्या भारती आदि अधिकारियों ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। शिकायत लेकर पहुंचे बीबीपुर गांव के ग्रामीणों ने गांव को जाने वाले मुख्य मार्ग पर रेलवे क्रासिंग के निकट कई माह से ध्वस्त पड़ी पुलिया का निर्माण कराने की मांग की ।जैसरमऊ के ग्रामीणों ने गंगा कटरी पर चल रहे अवैध कब्जे की एक बार फिर शिकायत की। खजुरी गांव निवासी सुनील कुमार की पत्नी स्नेहलता ने ग्राम प्रधान पर चुनावी रंजिश के चलते पीएम आवास की पात्रता सूची से उनका नाम कटवाने का आरोप लगाया वहीं ककवन निवासी सियादुलारी ने अपने आप को पीएम आवास का पात्र बताते हुए ब्लाक में सक्रिय दलालों को बीस हजार रुपए की घूस न दे पाने के कारण आवास न मिलने का आरोप लगाया। सम्पूर्ण समाधान दिवस पहुंची अस्सी शिकायतों में मौके पर एक ही शिकायत का निस्तारण किया जा सका शेष शिकायतों के जल्द निस्तारण के निर्देश दिए गए।

लापता युवती को पुलिस ने सकुशल बरामद कर, किया परिजनों के हवाले

जन एक्सप्रेस। नवाबगंज, उन्नाव

कस्बा निवासी एक युवती दोपहर में घर से बिना बताये निकल गई। खोजबीन के बाद न मिलने पर परिजन ने चौकी पुलिस को सूचना दी। चौकी पुलिस की अथक मेहनत से युवती को ढूंढकर परिजनों के सुपुर्द किया। जानकारी अनुसार नवाबगंज कस्बा के अमरेथा रोड निवासी नीरू पुत्री स्व हरिश्चंद्र जोकि मानसिक रूप से बीमार है। शनिवार दोपहर घर से मोबाइल लेकर बिना बताये निकल गई। जानकारी होने पर युवती के दोनों भाइयों संदीप और ऋषि ने आसपास काफी खोजबीन की लेकिन उसका कहीं पता ना चला। जिसके बाद उन्होंने नवाबगंज चौकी पुलिस से संपर्क कर घटना बताई। चौकी पर मौजूद आरक्षी अनूप द्विवेदी, सचिन नादर और सूर्य प्रकाश द्वारा तत्काल लड़की की खोजबीन शुरू की गई। अथक प्रयासों के बाद आरक्षियों ने युवती को बाईपास के समीप ढूंढ निकाला और परिजनों के सुपुर्द किया।

दोस्तों के साथ गंगा नहाने आया युवक गंगा में डूबा

जन एक्सप्रेस/ शुक्लागंज उन्नाव। कोतवाली गंगा घाट थाना क्षेत्र अंतर्गत बालू घाट चौकी स्थित गंगा घाट पर दोस्तों के साथ गंगा नहाने आए आए एक युवक गहरे पानी में जाने से डूब गया। दोस्तों ने गोताखोरों को आवाज लगाई लेकिन तब तक युवक गंगा में डूब गया जिससे उसकी मौत हो गई। थाना छावनी कानपुर नगर के मीरपुर कैंट निवासी युवक मोहतसिम पुत्र मुस्ताक अहमद उम्र लगभग 18 वर्ष की गंगा में नहाते समय डूबने से मौत हो गई। साथ में गंगा नहा रहे दोस्तों ने बताया कि गंगा में पानी बहुत गहरा था ।मोहतसीम गहरे पानी में चला गया और वह डूबने लगा। दोस्तों ने गोताखोरों को आवाज लगाई लेकिन जब तक गोताखोर पहुंचते युवक डूब चुका था सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकलवाया कोतवाली प्रभारी गंगा घाट चंद्रकांत सिंह द्वारा बताया गया कि युवक कानपुर छावनी थाना क्षेत्र का रहने वाला है। जिसकी गंगा नहाते समय डूबने से मौत हो गई है परिजनों को सूचना दे दी गई है तथा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

बाइकों की आमने-सामने की टक्कर, आधा दर्जन घायल

जन एक्सप्रेस । बिछिया/उन्नाव

दही थाना क्षेत्र के कानपुर लखनऊ हाईवे पालीटेक्निक के निकट शनिवार दो बाइक सवार आपस में भिड़ने से आधा दर्जन लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एम्बूलैंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। थाना क्षेत्र के सामने कानपुर लखनऊ रोड पर दो मोटरसाइकिल आपस मे भिड़ गई जिसमें रामजी शुक्ला पुत्र विनीत शुक्ला निवासी हरपतपुर थाना विधनु कानपुर नगर व अनुभव शुक्ला सन ऑफ सुखेंद्र कुमार शुक्ला निवासी सिद्धनाथ घाट जाजमऊ कानपुर नगर तथा चालक यादीप पुत्र मोहम्मद जहूर निवासी मदनापुर थाना अजगैन जिला उन्नाव उम्र 22 वर्ष , उसके पीछे बैठे व्यक्ति का नाम मुकेश कुमार पुत्र रामपाल निवासी मदनापुर थाना अजगैन जिला उन्नाव उम्र 24 वर्ष घायल हो गए। सूचना पर थाना दही पुलिस द्वारा घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया घटना की सूचना घायलों के परिजनों को दे दी गई है।

समाधान दिवस के दौरान मेरा आंगन मेरा पेड़ कार्यक्रम के तहत पौधों का वितरण

जान एक्सप्रेस । पाटन/उन्नाव

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान तहसील बीघापुर में वन महोत्सव के दृष्टिगत अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्थानीय लोगों को मेरा आंगन मेरा पेड कार्यक्रम के तहत चन्दन, रूद्राक्ष, तुलसी, नींबू, करौन्दा, बेल, आम आदि पौधे वितरित किए गए। इस मौके पर प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा लोगों को पेड़ पौधों के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक तथा अन्य अधिकारियों द्वारा गनेशी खेड़ा गांव में केले की जैविक खेती का निरीक्षण किया गया। तथा वृक्षारोपण कर वन महोत्सव मनाया गया। इस दौरान डीएम ने जनपद वासियों से अपील की है कि वे पौधारोपण कर वन महोत्सव में अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करें।

इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सत्य प्रकाश, एसडीएम बीघापुर रणवीर सिंह, सीओ बीघापुर विजय आनंद, उपनिदेशक कृषि मुकुल तिवारी, जिला कृषि अधिकारी कुलदीप कुमार मिश्रा, जिला समाज कल्याण अधिकारी नीलम सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी रेनू यादव, डीपीआरओ निरीश चन्द्र साहू, एलडीएम सुनील कुमार सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

ईसाई प्रार्थना सभा संचालकों का एक और कारनामा, किसानों ने की शिकायत

जन एक्सप्रेस। बीघापुर उन्नाव

ईसाई प्रार्थना सभा संचालकों का एक और कारनामा सामने आया हैं। ग्राम पंचायत बक्सर में ईसाई प्रार्थनासभा स्थल तक बनवाये जा रहे नियम विरुद्ध सम्पर्क मार्ग में किसानों द्वारा शिकायत किये जाने के बाद पेंच फंस गया है। शिकायत प्रशासन स्तर पर जाने के बाद फिलहाल सम्पर्क मार्ग के निर्माण का कार्य पहले ही चरण में रोक दिया गया है। ग्राम पंचायत बक्सर में ब्रम्हा खेड़ा संपर्क मार्ग से गाँव तक इंटरलॉकिंग लगी है। बीते दिनों ग्राम प्रधान व उनके प्रतिनिधि रामबदन की अगुवाई में यहाँ संचालित ईसाई प्रार्थना सभा स्थल तक मार्ग बनाने के नाम पर कई किसानों के खेत में जेसीबी से पाँच से छह फ़ीट गहरी खाई खोदकर मिट्टी निकाल ली गयी थी। किसानों के विरोध पर उन्हें बीच गाँव से लोकनिर्माण विभाग द्वारा रोड बनाये जाने की बात बताई गयी थी। जिसका नाम ब्रम्हा खेड़ा संपर्क मार्ग रखा गया है। बक्सर के किसान अजय वर्मा, देव रतन, सुरेन्द्र वर्मा, विनोद वर्मा, समेत अन्य के मामले की शिकायत मुख्य विकास

अधिकारी से की तब जाकर निर्माण कार्य को रोका गया। प्रशासन द्वारा मामले को गंभीरता से लिए जाने के बाद उपजिलाधिकारी बीघापुर रनवीर सिंह ने मौका मुआयना किया और रिपोर्ट सीडीओ को सौंपी। सीडीओ ने सम्पर्क मार्ग के सम्बन्ध में लोक निर्माण विभाग से आख्या तलब की है जानकार बताते हैं कि इंटरनेट पर अवैध रूप से घोषित की गई चर्च तक जबरन मार्ग बनाए जाने की साजिश की जा रही थी। जो भी किसानों के विरोध के बाद प्रधान प्रतिनिधि की कोशिश नाकाम रही। उपजिलाधिकारी बीघापुर रनवीर सिंह ने बताया कि निरिक्षण की गयी रिपोर्ट सीडीओ को भेज दी गयी है। अब लोक निर्माण विभाग का जवाब मिलने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

राज्य कर विभाग में विभागीय समिति द्वारा लिखित व टंकण परीक्षा में 13 समूह कर्मचारियों की पदोन्नति

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

राज्य कर विभाग उत्तर प्रदेश में कमिश्नर राज्य कर उत्तर प्रदेश ने विभागीय समिति द्वारा लिखित व टंकण परीक्षा में 13 समूह घ कर्मचारियों को समूह ग के पद पर पदोन्नति दी। जिसमें कानपुर से ओम प्रकाश, सुमन दीक्षित को कनिष्ठ सहायक के पद पर पद्दोन्नत किया गया है।

इस अवसर पर राज्य कर मिनिस्टीरियल स्टाफ एसोसिएशन के जोनल अध्यक्ष रोहित तिवारी, जोनमंत्री अंकुर श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष मनीष शर्मा, जिलामंत्री शोभित अग्रवाल व अन्य पदाधिकारियों ने बधाई दी। इस अवसर पर मो. इकबाल, अरुण बाजपेई, धर्मेंद्र गौतम, अंजनी त्रिवेदी, ज्योति विश्नोई, रुचि सिंह आदि कर्मचारी मौजूद रहे। वही राज्य कर विभाग कानपुर में संयुक्त आयुक्त ओम प्रकाश राय, राज्य कर अधिकारी विवेक विश्नोई, सुशील सक्सेना, वाहन चालक सतीश शुक्ला, संग्रह सेवक सतीश चंद्र श्रीवास्तव, शिव बरन सिंह के सेवानिवृत्त के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में अपर आयुक्त ग्रेड 1 जी.एस. बौनाल, उमा शंकर दुबे ने अधिवर्षता आयु पुर्ण कर सेवानिवृत्त हो रहे सभी अधिकारियों व कर्मचारियों का स्वागत किया। अपर आयुक्त ग्रेड 2 बृजेश मिश्रा, एम वी सिंह, संयुक्त आयुक्त मुकेश चन्द्र पाण्डे शैलेष सिंह, पीयूष सिंह व सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने माल्यार्पण कर उपहार भेंट किए। इस अवसर पर अपर आयुक्त ग्रेड 2 मिथिलेश शुक्ला, पंकज गाँधी, एच पी राव दीक्षित, संयुक्त आयुक्त अनिल सिंह, अनिमेष सिंह, उपायुक्त सूरजपाल मलिक, पुनीत अग्निहोत्री, नाजिर रोहित तिवारी, अंकुर श्रीवास्तव आदि अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहें।

संदिग्ध परिस्थितियों में तालाब में डूबकर हुई युवक की मौत

जन एक्सप्रेस। बिल्हौर

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के थाना शिवराजपुर अंतर्गत दरिया निवादा गांव के बाहर संदिग्ध परिस्थितियों में तालाब में डूबकर युवक की दर्दनाक मौत हो गई है। दरियानिवादा गांव निवासी मुख्तार उर्फ काले उम्र 43 वर्ष की तालाब में डूबने से मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि युवक नशे की हालत में तालाब के पास बैठकर शराब पीने लगा था तभी तेज बारिश होने के कारण तालाब में बरसाती पानी भर गया है। जिसमे डूबकर युवक की मौत हो गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घोताखोरो की मदद से शव को पानी से बाहर निकालकर पंचायत नामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था परिजनों ने किसी के ऊपर शक न करते हुए पुलिस से कार्यवाही न करने की जानकारी दी है।

थानाध्यक्ष ने बताया अभी प्रार्थना पत्र नहीं मिला है प्रार्थना पत्र के आधार पर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जाएगी।

शिवराजपुर नगर पंचायत में आई हाई प्रेशर नाला सफाई मशीन जनता को देखने तक नहीं मिली

जन एक्सप्रेस। हरिनाथ सिंह

बिल्हौर। बिल्हौर तहसील क्षेत्र के शिवराजपुर नगर पंचायत में बड़े नालों में पन्नी कूड़ा करकट मलबा सफाई करने के लिए मासीन मंगवाई गई थी किंतु उसका उपयोग जनता की समस्या हल के लिए ना होकर तालो में बंद कर दिया गया है।

नगर पंचायत शिवराजपुर में पिछले नगर पंचायत अध्यक्ष के बजट के अनुसार बड़े नाले और तालाबों के सफाई के लिए मशीन मंगाई गई थी जिसकी कीमत लगभग 4 लाख रूपए से अधिक थी। मशीन आने के बाद मात्र एक या दो दिनों तक इसका उपयोग किया गया इसके बाद मशीन को अधिकारियों ने ताले में जकड़कर खड़ा करते हुए बंद कर दिया। नालों की सफाई कराने के लिए कागजों पर बड़े-बड़े प्लान तैयार किए जाते है।जिसमें ठेकेदार और सफाईकर्मियों से काम कराया जाएगा। लेकिन नगर पंचायत के पास मौजूद नाला सफाई की लाखों रुपये की मशीनें तालों में बंद पड़ी हुई हैं।

क्यों कूड़े खाने में जमा हुई है मशीन या फिर नगर पंचायत से गायब कर दी गई

नगर पंचायत के वासियों ने अनुमान लगाया है कि जब मशीन ऑफिस व अन्य जगहों पर नई देखने मिल रही है तो मशीन को कहां रखा गया है अभी तक इन मशीनों का प्रयोग ही नहीं हुआ है। नगर पंचायत के पास ऐसे आधुनिक वाहन हैं, जिनकी मदद से चंद दिनों के भीतर सभी नालों को साफ कराया जा सकता है। बताया जाता है कि नगर पंचायत के सफाई खेमे में 4 लाख रूपए से लेकर इससे अधिक धनराशि की एकमात्र नाला क्लीनिंग मशीन है। जिसमें नाला साफ करने के लिए मशीनरी और सिल्ट एकत्र करने की व्यवस्था है। संकरी से संकरी गलियों में पहुंचकर नालों को साफ कर सकती है। कई ट्रैक्टर ऐसे हैं,जिनमें नाले को साफ करने और ट्राली में सिल्ट एकत्र करने की क्षमता है। लेकिन, ये सारी मशीनरी केवल कर्मशाला की शोभा बढ़ा रही है आधुनिक मशीनों के बाद भी नगर पंचायत के नाले गंदगी से पटे हुए हैं। उन्हें साफ कराने का इंतजार हो रहा है। अधिकारी एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहरा कर समस्याओं को सुलझाने के बजाय उन्हें उलझाने का काम कर रहे हैं। एक ओर नगर पंचायत बड़े नालों के लिए टेंडर प्रक्रिया का हवाला दे रहा है, तो दूसरी ओर छोटे नालों की सफाई कर्मचारियों के कराने की बात कही जा रही है। नालों की सफाई के निस्तारण के इंतजाम गैरेज में बंद होने का अनुमान हैं। साढ़े तीन साल पहले खरीदे गए थे पिछले कई वर्षो पहले वाहनों की खरीद हुई थी और इनका उस समय निरंतर प्रयोग हुआ, पर कुछ मशीनें महीनों बाद यह गैरेज में खड़ी कर दीं गईं। साथ ही तमाम मशीनें ऐसी हैं, जिनकी मरम्मत सुविधा होनी होगी।

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे हाईस्कूल सन 2011 व इंटरमीडियट सन 2013 के प्रमाण पत्र सह अंकपत्र जिनका अनक्रमांक क्रमशः 1211700 तथा 0978026 है, जो वास्तव में कहीं खो गए हैं ।

- सत्येंद्र कुमार पुत्र राम दयाल
निवासी टांडासातन
थाना व पोस्ट फतेहपुर
चौरासी तहसील
बांगरमऊ जिला उन्नाव

कांग्रेस की गारंटी मतलब नीयत में खोट: पीएम मोदी

शहडोल की सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, झूठी गारंटी के धोखे को पहचानें

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को मध्य प्रदेश में शहडोल के लालपुर में राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन 2047 लॉन्च किया। साथ ही एक क्लिक से साढ़े 3 करोड़ हितग्राहियों को डिजिटल आयुष्मान कार्ड बांटे। इस दौरान उन्होंने विपक्षी दलों पर हमला बोलते हुए कहा कि झूठी गारंटी देने वालों से सावधान रहना। कांग्रेस की गारंटी का मतलब नीयत में खोट और गरीबों पर चोट। पीएम मोदी ने कहा कि जिनकी अपनी कोई गारंटी नहीं, वो गारंटी वाली नई-नई स्कीम ला रहे हैं। उनकी गारंटी में छिपे खोट को पहचानिए। झूठी गारंटी के नाम पर छिपे धोखे को पहचान लीजिए। जब वे मुफ्त बिजली की गारंटी देते हैं, ह्तो इसका मतलब है, बिजली के दाम बढ़ाने वाले हैं। जब मुफ्त सफर की गारंटी देते हैं तो मतलब है कि यातायात व्यवस्था बर्बाद होने वाली है। जब पेंशन बढ़ाने की गारंटी देते हैं तो इसका मतलब है कि उस राज्य में कर्मचारियों को समय पर वेतन भी नहीं मिल पाएगा। जब सस्ते पेट्रोल की गारंटी देते हैं तो इसका मतलब है कि टैक्स बढ़ाकर आपकी जेब से पैसे निकालने की तैयारी कर रहे हैं। जब वो रोजगार बढ़ाने की गारंटी देते हैं तो इसका मतलब है कि वे उद्योग धंधे चौपट करने वाली नीति लेकर आएंगे। पीएम मोदी ने बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि रानी दुर्गावती की 500वीं जन्म शताब्दी को भारत सरकार पूरे देश में मनाएगी। उनके जीवन पर फिल्म बनाई जाएगी, एक चांदी का सिक्का भी निकाला जाएगा।

कांग्रेस ने 2 लाख से ज्यादा प्रधानमंत्री आवास वापस कर दिए: शिवराज

लालपुर में सीएम शिवराज सिंह चौहान ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि 5 अक्टूबर को रानी दुर्गावती का 500वां जन्मदिवस है। जबलपुर में उनका एक विशाल स्मारक बनाया जाएगा। इस दौरान सालभर तक कई कार्यक्रम होंगे। सीएम शिवराज सिंह ने कहा कि कांग्रेस की सवा साल की सरकार ने आयुष्यमान कार्ड नहीं बनाए। पीएम मोदी गरीब लोगों का इलाज करना चाहते थे, लेकिन कांग्रेस की सरकार इसमें बाधा बनी। सवा साल कांग्रेस की सरकार रही। उन्होंने जल जीवन मिशन भी एमपी में लागू नहीं किया। इतना ही नहीं, कांग्रेस और कमलनाथ ने 2 लाख से ज्यादा प्रधानमंत्री आवास वापस कर दिए। बीजेपी की सरकार आने के बाद गरीबों के लिए 38 लाख मकान बने। करोड़ों लोगों को आयुष्मान कार्ड बांटे जा रहे हैं। कांग्रेस ने बैगा, भारिया जनजाति की महिलाओं को दिए जाने वाले एक हजार रुपए भी छीन लिए।

पिछले 70 सालों में सिकल सेल एनीमिया बीमारी की चिंता नहीं हुई

प्रधानमंत्री मोदी ने जय जोहार कहकर अपने संबोधन की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि आज देश बहुत बड़ा संकल्प ले रहा है। ये संकल्प है सिकल सेल एनीमिया से मुक्ति का। सिकल सेल एनीमिया की बीमारी बहुत कष्टकारी होती है। लंबे समय तक दर्द सहने से शरीर के अंदरूनी अंग भी क्षतिग्रस्त होने लगते हैं। ये बीमारी परिवारों को भी बिखेर देती है। ये बीमारी आनुवांशिक है। पीएम मोदी ने कहा कि पिछले 70 सालों में सिकल सेल एनीमिया बीमारी की चिंता नहीं हुई। इससे निपटने के लिए कोई ठोस प्लान नहीं बनाया गया। इससे प्रभावित ज्यादातर लोग आदिवासी समाज के थे। आदिवासी समाज के प्रति बेरुखी के चलते पहले की सरकारों के लिए ये कोई मुद्दा ही नहीं था, लेकिन आदिवासी समाज की इस सबसे बड़ी चुनौती से निपटने का बीड़ा हमारी सरकार ने उठाया है। हमारे लिए आदिवासी समाज सिर्फ एक सरकारी आंकड़ा नहीं है। ये संवेदनशीलता के साथ ही भावनात्मक मुद्दा भी है।

सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन की शुरुआत

पीएम मोदी ने इससे पहले रिमोट का बटन दबाकर राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन 2047 लॉन्च किया। साढ़े 3 करोड़ हितग्राहियों को एक क्लिक पर डिजिटल आयुष्मान कार्ड के वितरण के साथ ही एमपी में एक करोड़ पीवीसी आयुष्मान कार्ड वितरण का शुभारंभ भी किया। इस दौरान पीएम मोदी ने अदिति यादव नाम की छोटी सी बच्ची समेत अन्य हितग्राहियों को आयुष्मान योजना के कार्ड वितरित किए। इससे पहले प्रधानमंत्री के मंच पर आते ही मोदी-मोदी के नारे लगे। पीएम मोदी ने रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद राज्यपाल मंगूभाई पटेल और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पीएम मोदी का स्वागत किया। पीएम मोदी को आदिवासी आस्था के प्रतीक माला और साफा के साथ ही आदिवासी पेंटिंग भेंट की गई।

प्रधानमंत्री मोदी की खाट पंचायत

लालपुर गांव में कार्यक्रम के बाद पीएम मोदी पकरिया गांव पहुंचे। यहां पीएम मोदी का ठेठ देहाती अंदाज देखने को मिला। साफा बांधे महिलाओं ने आदिवासी परंपरा के मुताबिक पीएम मोदी का स्वागत किया, उन्हें तिलक लगाया और फूल बरसाकर उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्व-सहायता समूह की लखपति दीदियों, ग्राम सभा के सदस्यों, गांवों के फुटबॉल खिलाड़ियों और जनजातीय प्रतिनिधियों और पेसे समिति के सदस्यों से चर्चा की। स्व सहायता समूह की लखपति महिलाओं ने अपनी पहचान बनाई है। पीएम मोदी ने पूछा कि उनके संघर्ष की कहानी क्या है। वहीं जनजातीय समुदाय के लोगों ने बताया कि उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना और आयुष्मान योजना से उनके जीवन में क्या बदलाव आया।

वो अपने परिवार को आगे ले जाएंगे, आप पीछे रह जाएंगे

पीएम मोदी ने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि वो झूठी गारंटी देकर अपने परिवार को आगे ले जाएंगे, लेकिन आप पीछे रह जाएंगे। आपको कांग्रेस समेत हर राजनीतिक दल की गारंटी से सतर्क रहना है। पीएम मोदी ने कहा कि वो 70 सालों में गरीबों को भरपेट भोजन की गारंटी नहीं दे सके। हम प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना से 80 करोड़ से ज्यादा लोगों को मुफ्त राशन दे रहे हैं। वो 70 साल से गरीब को महंगे इलाज से छुटकारा दिलाने की गारंटी नहीं दे सके। आयुष्मान योजना से हमने 50 करोड़ लाभार्थियों को गारंटी दी है। वो 70 साल से महिलाओं को धुएं से छुटकारा की गारंटी नहीं दे सके। उज्जवला योजना से 10 करोड़ महिलाओं को धुआं मुक्त जीवन की गारंटी मिली है। वो 70 सालों में गरीब को अपने पैरों पर खड़ा होने की गारंटी नहीं दे सके, लेकिन मुद्रा योजना से साढ़े 8 करोड़ लोगों को सम्मान से रोजगार की गारंटी मिली है।

पीएम ने कहा, विपक्षी एकजुटता की गारंटी नहीं

पीएम मोदी ने विपक्षी एकजुटता के दावे पर कहा कि आज जो एक साथ आने का दावा कर रहे हैं, सोशल मीडिया में उनके पुराने बयान वायरल हो रहे हैं। वो हमेशा से एक दूसरे को पानी पी पीकर कोसते रहे हैं। यानी विपक्षी एकजुटता की गारंटी नहीं है। परिवारवादी पार्टियां सिर्फ अपने परिवार के भले के लिए काम करती आई हैं। देश के सामान्य लोगों के परिवार को आगे ले जाने की गारंटी उनके पास नहीं है। पीएम मोदी ने कहा कि जो जमानत लेकर बाहर घूम रहे हैं, जो घोटालों के आरोप में सजा काट रहे हैं वो एक मंच पर दिख रहे हैं। यानी उनके पास भ्रष्टाचार मुक्त शासन की गारंटी नहीं है। वो एक सुर में देश के खिलाफ बयान दे रहे हैं। वो देश विरोधी तत्वों के साथ बैठकें कर रहे हैं। यानी उनके पास आतंकवाद मुक्त भारत की गारंटी नहीं है।

20 जुलाई से शुरू होगा संसद का मानसून सत्र

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होगा और 11 अगस्त तक चलेगा। केंद्रीय संसदीय कार्यमंत्री प्रल्हाद जोशी ने शनिवार को यह जानकारी दी है। प्रल्हाद जोशी ने ट्वीट कर सभी पार्टियों से मानसून सत्र के दौरान उत्पादक बहस और विधायी कार्यों में समर्थन की अपील की। अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव को देखते हुए मानसून सत्र के हंगामेदार रहने का अनुमान है। संसद का मानसून सत्र संसद भवन की नई इमारत में आयोजित हो सकता है। हालांकि अभी इसे लेकर आधिकारिक एलान होना बाकी है।

23 दिन चलेगा मानसून सत्र

संसदीय कार्यमंत्री प्रल्हाद जोशी ने बताया कि संसद का मानसून सत्र 23 दिन चलेगा और इस दौरान 17 बैठकें होंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में देश में समान नागरिक संहिता लागू करने का मुद्दा उठाया था। लॉ कमीशन भी इसे लेकर राय ले रहा है। ऐसे में संसद के मानसून सत्र में इस मुद्दे पर खासा हंगामा होने का अनुमान है।

मानसून सत्र रहेगा हंगामेदार

मानसून सत्र के दौरान दिल्ली के लिए लाए गए केंद्र सरकार के संशोधन बिल पर भी चर्चा हो सकती है। बता दें कि यह बिल सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले के बाद लाया गया है, जिसमें दिल्ली में प्रशासन के लिए कोर्ट ने दिल्ली सरकार को अधिकृत किया है। इस मुद्दे पर आम आदमी पार्टी काफी मुखर है और विभिन्न पार्टियों का समर्थन जुटाकर केंद्र पर दबाव बनाने की कोशिश कर रही है। ऐसे में संसद के मानसून सत्र के दौरान इस पर खूब हंगामा देखने को मिल सकता है। मणिपुर में जारी हिंसा को लेकर भी विपक्षी पार्टियां केंद्र सरकार को घेर सकती हैं।

भारतीय नौसेना दो प्रीडेटर ड्रोन का बढ़ाएगी लीज

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली। भारतीय नौसेना दो प्रीडेटर ड्रोन की लीज को बढ़ाने की योजना बना रही है, जो चीन के साथ सीमा सहित देश भर में निगरानी के लिए 12,000 घंटे से अधिक उड़ान भर चुके हैं। रक्षा सूत्रों ने बताया कि दोनों ड्रोन को चीन के साथ सैन्य गतिरोध के शुरुआती चरण के दौरान नवंबर 2020 में लीज (पट्टा) पर आपातकालीन शक्तियों के तहत भारतीय नौसेना में शामिल किया गया था और बल द्वारा बड़े पैमाने पर इसका इस्तेमाल किया गया है। हम इन दोनों प्रीडेटर ड्रोन की लीज को बढ़ाने की योजना बना रहे हैं।

तीस्ता सीतलवाड़ की जमानत याचिका खारिज

गुजरात हाईकोर्ट ने तुरंत सरेंडर करने को कहा, गुजरात दंगों में झूठे सबूत गढ़ने का है आरोप

जन एक्सप्रेस । अहमदाबाद

गुजरात हाईकोर्ट ने शनिवार को सामाजिक कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड़ की जमानत याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने उन्हें तुरंत सरेंडर करने को कहा है। तीस्ता सीतलवाड़ पर साल 2002 के गुजरात दंगों से जुड़े मामलों में निर्दोष लोगों को फंसाने के लिए फर्जी सबूत गढ़ने का आरोप है। सीतलवाड़ को पिछले साल 25 जून को गिरफ्तार किया गया था। उन्हें सात दिनों तक पुलिस रिमांड में रखा गया और 2 जुलाई को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। इसके बाद उन्होंने गुजरात हाईकोर्ट में जमानत याचिका लगाई थी। याचिका पर सुनवाई में देरी होने पर वे सुप्रीम कोर्ट पहुंची थीं, जहां सितंबर 2022 में उन्हें अंतरिम जमानत मिल गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने 2002 के गुजरात दंगों के मामले में तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी को क्लीन चिट देने वाली एसआईटी रिपोर्ट के खिलाफ याचिका को 24 जून, 2022 को खारिज कर दिया था। यह याचिका जकिया जाफरी ने दाखिल की थी। जकिया जाफरी के पति एहसान जाफरी की इन दंगों में मौत हुई थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जकिया की याचिका में मेरिट नहीं है। कोर्ट ने यह भी कहा था कि मामले में को-पिटीशनर तीस्ता ने जकिया जाफरी की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया। कोर्ट ने तीस्ता की भूमिका की जांच की बात कही थी। इसके बाद तीस्ता को मुंबई से गिरफ्तार किया गया।

फर्जी दस्तावेज बनाकर साजिश का आरोप

गुजरात दंगों के मामले में अहमदाबाद क्राइम ब्रांच ने तीस्ता सीतलवाड़, पूर्व आईपीएस संजीव भट्ट और डीजीपी आरबी श्रीकुमार के खिलाफ फर्जी दस्तावेज बनाकर साजिश रचने का मामला दर्ज किया था। संजीव भट्ट पहले से जेल में थे, जबकि तीस्ता और श्रीकुमार को पिछले साल एक साथ गिरफ्तार किया गया था। 27 फरवरी 2002 को गुजरात के गोधरा स्टेशन पर साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन के स-6 डिब्बे में आग लगा दी गई थी। आग लगने से 59 लोग मारे गए थे। ये सभी कारसेवक थे, जो अयोध्या से लौट रहे थे। गोधरा कांड के बाद पूरे गुजरात में दंगे भड़क उठे। इन दंगों में 1,044 लोग मारे गए थे। उस समय नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे। गोधरा कांड के अगले दिन, यानी 28 फरवरी को अहमदाबाद की गुलबर्ग हाउसिंग सोसायटी में बेकाबू भीड़ ने 69 लोगों की हत्या कर दी थी। मरने वालों में कांग्रेस के पूर्व सांसद एहसान जाफरी भी थे, जो इसी सोसायटी में रहते थे। इन दंगों से राज्य में हालात इतने बिगड़ गए थे कि तीसरे दिन सेना उतारनी पड़ी थी।

फ्रांस में हिंसा, कॉन्सर्ट में राष्ट्रपति मैक्रों का वीडियो वायरल

- प्रदर्शनकारियों ने 2 हजार कारें जलाईं
- 1300 दंगाई गिरफ्तार सड़कों पर बख्तरबंद गाड़ियां तैनात

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

फ्रांस में 17 साल के लड़के नाहेल की हत्या के बाद चौथे दिन भी हिंसा जारी रही। इस बीच राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों का ब्रिटिश सिंगर एल्टन जॉन के कॉन्सर्ट में एन्जॉय करने का वीडियो सामने आने के बाद उनकी आलोचना हो रही है। लोग नाराज हैं। सोशल मीडिया पर यूजर्स ने इसे राष्ट्रपति का गैर-जिम्मेदाराना रवैया बताया। सीएनएन के मुताबिक, बुधवार को पेरिस में एल्टन का एक कॉन्सर्ट था। मैक्रों वहां अपनी पत्नी के साथ नजर आए। एल्टन के पति ने मैक्रों के साथ बैकस्टेज ली गई एक फोटो भी पोस्ट की। उधर, फ्रांस में फैली हिंसा बेल्जियम तक पहुंच गई है। देशभर में प्रदर्शनकारियों ने 2 हजार से ज्यादा कारें जला दी हैं। पुलिस ने चौथे दिन 1300 दंगाइयों को गिरफ्तार किया है। रॉयटर्स के मुताबिक हालात काबू में करने के लिए 45 हजार पुलिसकर्मियों के साथ बख्तरबंद गाड़ियों को सड़कों पर तैनात कर दिया गया है। उधर, नाहेल की मां ने बताया कि बेटे का अंतिम संस्कार शनिवार को किया जाएगा।

देश में ओवरनाइट बस और ट्राम सर्विस बंद

शुक्रवार को क्राइसिस मीटिंग के बाद फ्रांस की प्रधानमंत्री एलिजाबेथ बॉर्न ने देश में इमरजेंसी घोषित होने की भी आशंका जताई। फ्रांस 24 के मुताबिक, एलिजाबेथ ने कहा- हमारी प्राथमिकता देश में शांति स्थापित करना है। इसके लिए हम हर जरूरी कदम उठाने को तैयार हैं। बता दें कि फ्रांस में 14 जुलाई को नेशनल डे मनाया जाएगा। इस दिन बैस्टिल डे परेड का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पीएम मोदी को चीफ गेस्ट के तौर पर न्योता दिया गया है। हिंसा के बीच सरकार ने पूरे फ्रांस में ओवरनाइट बस और ट्राम सर्विस बंद कर दी है। कई दुकानों में लूटपाट की घटनाएं भी लगातार सामने आ रही हैं।

पिछले साल ट्रैफिक पुलिस ने 13 लोगों को गोली मारी

रॉयटर्स के मुताबिक, ट्रैफिक चेकिंग के दौरान फ्रांस में इस साल की यह तीसरी घटना है जब फायरिंग में किसी की जान गई है या फिर गोली लगी है। वहीं, पिछले साल गोलीबारी की ऐसी 13 घटनाएं रिपोर्ट की गई थी। टैली के मुताबिक, 2021 में तीन और 2020 में ऐसी दो घटनाएं देखने को मिली थी।

3 पॉइंट्स में पूरा मामला...

- घटना मंगलवार यानी 27 जून की है। नेन्तेरे की एक सड़क पर दो पुलिस अफसरों ने यलो रंग की कार को रोका। बहस के दौरान पुलिस अफसर ने पिस्टल निकाली और ड्राइवर नाहेल के सिर में गोली मार दी। ड्राइवर ने कार तेजी से दौड़ाई जो कुछ दूर जाकर क्रैश हो गई। उसकी मौके पर ही मौत हो गई।
- मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया कि कार ड्राइवर की उम्र 17 साल थी और उसके पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं था। कुछ दूसरी रिपोर्ट्स के मुताबिक पुलिस ने इस कार का पीछा किया और उसे रोक लिया। ये बात वीडियो में भी नजर आती है। रोके जाने के बाद उसने भागने की कोशिश की, तभी अफसर ने गोली मार दी।
- एएफपी ने वायरल हो रहे एक वीडियो को वेरिफाई करते हुए बताया कि पुलिस अफसर ने गाड़ी रोककर खिड़की से ड्राइवर पर गोली चलाई थी। गोली लगने के बाद भी उसने भागने की कोशिश की और करीब 200 मीटर दूर जाकर कार एक दीवार से टकराकर क्रैश हो गई। 38 साल के पुलिस अफसर को सस्पेंड करने के बाद हिरासत में ले लिया गया है।

फ्रांस में हिंसा-आगजनी से जुड़े बड़े अपडेट्स...

- न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, फ्रांस में दंगाइयों ने 500 से ज्यादा बिल्डिंग्स को नुकसान पहुंचाया।
- करीब 4 हजार जगहों पर आगजनी की घटनाओं में 2 हजार से ज्यादा कारें जलकर खाक हो गईं।
- फ्रांस की हिंसा की आग बेल्जियम तक भी पहुंच गई है। राजधानी ब्रसेल्स में हिंसा फैलाने के आरोप में 100 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।
- फ्रांस की प्रधानमंत्री एलिजाबेथ बॉर्न ने इमरजेंसी लगने की आशंका जताई है। उन्होंने कहा- देश में शांति स्थापित करने के लिए हम हर कदम उठाएंगे।

25 सालों में भारत दुनिया में सनातन की रोशनी फैलाएगा: गवर्नर आरएन रवि

तमिलनाडु के गवर्नर रवि बोले, यदि आप कमजोर हैं तो दुश्मनों से घिरे हुए हैं

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने शनिवार को कहा कि अगले 25 सालों में भारत पूरी दुनिया में सनातन धर्म की रोशनी फैलाने में सक्षम हो जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि आप कमजोर हैं तो आप दुश्मनों से घिरे हुए हैं, यदि आप मजबूत हैं तो आपके पास दोस्त हैं। यही भारत की डेस्टिनी (भाग्य) है। उन्होंने शुक्राचार्य के लिखे ग्रंथ %शुक्रनीति% का एक संस्कृत श्लोक भी बोला। चेन्नई में एक सार्वजनिक सभा में रवि ने कहा कि पीएम ऐसे व्यक्ति हैं जो समझते हैं कि भारत क्या है और उसके लोगों की शक्ति क्या है? उन्होंने एक रास्ता तय किया है जिसे वे %अमृत काल% कहते हैं। पीएम ने अपनी उपस्थिति के माध्यम से एक दैवीय आदेश निर्धारित किया है। राज्यपाल ने यह भी कहा कि जो लोग सनातन धर्म का पालन नहीं करते उन्हें आज भी खुशी से स्वीकार किया जाता है। गवर्नर रवि गुरुवार को उस समय चर्चा में आए थे जब उन्होंने कैश फॉर जॉब स्कैम के आरोप में जेल में बंद मंत्री सेंथिल बालाजी को बर्खास्त कर दिया था। इसके पांच घंटे बाद उन्होंने फैसला वापस ले लिया था। कहा जा रहा है राज्यपाल ने सेंथिल को बर्खास्त करने के लिए सीएम एमके स्टालिन से भी राय-मशविरा नहीं किया था सेंथिल पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं। 14 जून को ईडी ने उन्हें गिरफ्तार किया था। बाद में कोर्ट ने सेंथिल को 12 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। राजभवन से जारी प्रेस रिलीज में कहा गया है कि मंत्री वी सेंथिल बालाजी पर नौकरियों के लिए पैसा लेने और मनी लॉन्ड्रिंग सहित भ्रष्टाचार के कई गंभीर मामलों में क्रिमिनल केस चल रहे हैं। एक मंत्री के रूप में अपने पद का दुरुपयोग करते हुए वह जांच को प्रभावित कर रहे हैं और कानून की राह में बाधा डाल रहे हैं। सेंथिल अभी न्यायिक हिरासत में जेल में बंद हैं। उनके खिलाफ एंटी करप्शन एक्ट और आईपीसी के तहत कुछ अन्य क्रिमिनल केसेस में पुलिस जांच चल रही है। ऐसी आशंका है कि मंत्रिपरिषद में वी सेंथिल बालाजी के बने रहने से निष्पक्ष जांच सहित कानून की प्रक्रिया पर असर पड़ेगा। इससे राज्य में संवैधानिक तंत्र टूट सकता है।

पटना में शिक्षक अभ्यर्थियों का प्रदर्शन, 18 हिरासत में

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

बिहार में 1.70 लाख शिक्षकों की होने वाली भर्ती में दूसरे राज्यों के अभ्यर्थियों को मौका देने के बाद से शनिवार को पटना में बवाल मचा। बिहार के शिक्षक अभ्यर्थी लगातार नियमावली में संशोधन का विरोध कर रहे हैं। पटना में शिक्षक बहाली में डोमिसाइल नीति लागू कराने की मांग को लेकर अभ्यर्थी सड़क पर उतर गए। शनिवार की सुबह 2000 से अधिक की संख्या में अभ्यर्थी सबसे पहले गांधी मैदान में इकट्ठा हुए। फिर हाथों में तिरंगा लिए पैदल मार्च किया, लेकिन पुलिस ने उन्हें जेपी गोलंबर के बाद रोक दिया। पुलिस के समझाने के बाद भी शिक्षक अभ्यर्थी प्रदर्शन कर रहे थे। जिसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज किया। आक्रोशित शिक्षक अभ्यर्थियों ने पथराव शुरू कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने उन्हें खदेड़ा। डाक बंगला चौराहे से पुलिस ने उन्हें पटना जंक्शन तक खदेड़ा है।

भारत में रोबोट से हमले की फिराक में थे आतंकी

रेकी के लिए शिवमोगा में आईइडी ब्लास्ट किया था, एनआईए की चार्जशीट में खुलासा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने कर्नाटक के शिवमोगा जिले के इस्लामिक स्टेट साजिश मामले में 9 लोगों के खिलाफ सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की है। चार्जशीट के मुताबिक आरोपी भविष्य में आतंकी हमलों को अंजाम देने के लिए रोबोटिक्स कोर्स करने वाले थे। आरोपियों ने आईएसआईएस की साजिश के तहत लोगों को डराने और कई स्थानों पर रेकी करने के लिए शिवमोगा में एक दुश्चिष्ट ब्लास्ट किया था। वे आतंकी और हिंसक घटनाओं को बढ़ाकर भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ना चाहते थे।

सभी आरोपी कर्नाटक के रहने वाले

एजेंसी ने शुक्रवार को दाखिल अपनी चार्जशीट में मोहम्मद शारिक (25), माज मुनीर अहमद (23), सैयद यासीन (22), रीशान ताजुद्दीन शेख (22), हुजैर फरहान बेग (22), माजिन अब्दुल रहमान (22), नदीम, अहमद के ए (22), जबीउल्ला (32) और नदीम फैजल एन (27) को आरोपी बनाया है। ये सभी कर्नाटक के रहने वाले हैं। सभी आरोपियों पर UAPA लगाया गया है।

पांच आरोपियों ने मैकेनिकल-इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग पढ़ी

9 में से 2 आरोपियों माज मुनीर अहमद और सैयद यासीन के खिलाफ मार्च 2023 में भी चार्जशीट दाखिल की गई थी। वहीं, पांच आरोपियों- माज मुनीर अहमद, सैयद यासीन, रीशान ताजुद्दीन शेख, माजिन अब्दुल रहमान और नदीम अहमद ने मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है। उन्हें आईएसआईएस के एजेंडे को आगे बढ़ाने और भविष्य में आंतकी घटनाओं को अंजाम देने के लिए रोबोटिक्स कोर्स करने के लिए कहा गया था।

शारिक, माज और सैयद ने साथियों को कट्टरपंथी बनाया

एनआईए को जांच में पता चला है कि मोहम्मद शारिक, माज मुनीर अहमद और सैयद यासीन ने आतंक और हिंसा को बढ़ावा देने के लिए विदेश स्थित ह्वस हैंडलर के साथ मिलकर एक आपराधिक साजिश रची थी। तीनों ने अपने साथियों को कट्टरपंथी बनाया और संगठन में भर्ती किया। पिछले साल कर्नाटक के शिवमोगा में आईइडी ब्लास्ट हुआ था। 19 सितंबर 2022 को शिवमोगा ग्रामीण पुलिस ने मामले में केस दर्ज किया। 15 नवंबर 2022 को एनआईए ने केस अपने हाथ में लेकर फिर केस दर्ज किया था। मामले की जांच अभी भी जारी है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)